THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से

देहरादून, 27 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में इस बार वीडियो रील बनाने वालों और यूट्यूबर्स की एंट्री रोकने की तैयारी है। केदारनाथ-बद्रीनाथ पंडा समाज ने तय किया है कि इस बार मंदिर परिसर में इन्हें नहीं आने देंगे। यदि कोई ऐसा करता मिला तो बिना दर्शन उसे लौटा दिया जाएगा। इस बारे में प्रशासन को भी बता दिया गया है। केदारनाथ सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि पिछले साल रील बनाने वालों के चलते काफी अव्यवस्था फैली थी। समुद्र तल से 12 हजार फीट ऊपर केदारनाथ धाम में ढोल नगाड़ों का शोर सिर्फ रील बनाने के लिए किया गया था। यात्रा शुरू होने के बाद 10 से 12 दिन तक पूरी शिवालिक पर्वतमाला में यह शोर गूंजता रहा।

वर्ष-29 अंक : 365 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र कृ.14 2081 शुक्रवार, 28 मार्च-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

रोहिंग्या-बांग्लादेशी ने अशांति फैलाई तो सख्ती से निपटेंगे : शाह

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- रोहिंग्या हों या बांग्लादेशी हों, अगर भारत को नुकसान पहुंचाने की मानसिकता के साथ आते हैं तो उनके साथ बड़ी ही कठोरता के साथ पेश आया जाएगा। अगर कोई योगदान देने के लिए आता है तो उसका स्वागत है। इस नीति में उदारता के साथ कठोरता की भी जरूरत है। भारत में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों का अपडेट रखा जाएगा। वे किस रास्ते से आ रहे हैं। कहां रुक रहे हैं। क्या

कर रहे हैं, इसकी जानकारी अपडेट की जाएगी। यह बिल लोकसभा में 11 मार्च को पेश किया गया था। इस पर सत्ता और विपक्ष के 30 सांसदों ने अपनी बात रखी।

बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह की बड़ी बातें...

> अप्रवासियों के लिए अभी चार अधिनियमों में कई व्यवस्थाएं छिटपुट है। अब ये एक विधेयक चार अधिनियमों को निरस्त करके एक कानून का रूप देने का काम करेगा।

> ये हमारी प्रणाली को आसान करेगा, विश्वसनीय भी बनेगा। तीन साल के गहन विचार के बाद इसे डिजाइन किया गया है। >14

सेना-आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 4 पुलिसकर्मी घायल

जम्मू, 27 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में गुरुवार की सुबह से सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। डीएसपी धीरज सिंह समेत चार पुलिसकर्मियों को गोली लगी है, जिन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और ऑपरेशन जारी है। जुठाना इलाके में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, इस दौरान फायरिंग शुरू हो गई।

'जगह नहीं मिले तो कब्रिस्तान में जाकर नमाज पढ़ो'

पटना, 27 मार्च (एजेंसियां)। बीजेपी विधायक नीरज कुमार बबलू ने मुस्लिमों के सड़क पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाने की मांग की है। गुरुवार को विधानसभा के बाहर नीरज बबलू ने कहा, मुस्लिमों के सड़क पर नमाज पढ़ने पर रोक लगनी चाहिए। सड़क गाड़ियों और लोगों के चलने के लिए है। लोग सड़क पर चलने के लिए टैक्स देते हैं। आप उनको रोककर नमाज पढ़ेंगे। ये सही नहीं है। उन्होंने कहा, वक्फ बोर्ड 4 दिन विधानसभा में नमाज पढ़ लेगा तो इसे भी अपना बताने लगेगा। सड़क पर नमाज पढ़कर उसकी भी बाउंड्री करवा लेंगे। नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद है। अगर उन्हें कहीं जगह नहीं मिलती है तो कब्रिस्तान है। वहां जाकर पढ़िए। सड़क पर नमाज नहीं होगा। ये लोग जगह घेर कर रखे हुए हैं। सड़क छेकने के लिए नहीं है। कहीं भी जगराता होता है तो सड़कों पर नहीं होता है। लोग मैदान में करते हैं। अपनी-अपनी जगहों पर करते हैं। बिहार में एनडीए की सुशासन की सरकार है। सड़क कोई न छेके इसके लिए प्रशासन मुस्तैद है। >14

पप्पू यादव ने मंत्री के कंधे पर रखा हाथ तो ओम बिरला ने लगाई क्लास, सदन की मर्यादा दिलाई याद

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सदन की मर्यादा की याद दिलाने के एक दिन बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की क्लास लगाई। उन्होंने कार्यवाही के दौरान केंद्रीय मंत्री के कंधे पर हाथ रखने को लेकर पप्पू यादव को चेतावनी दी। दरअसल, पप्पू यादव सदन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के बगल में बैठे थे। उन्हें मंत्री के साथ हंसी मजाक के साथ बातचीत करते हुए देखा गया और इस दौरान उन्होंने नायडू के कंधों पर हाथ रखा। बिरला ने बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद को मंत्री के कंधे पर हाथ न रखने को कहा। सूत्रों के मुताबिक, पप्पू यादव अपने संसदीय क्षेत्र में हवाई अड्डे के बारे में चर्चा कर रहे थे। इससे पहले बुधवार को बिरला ने राहुल से कहा था कि वे सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सदस्यों से अपेक्षित प्रक्रिया के नियमों के अनुरूप आचरण करें। इसके बाद विपक्ष के नेता ने दावा किया कि उनके खिलाफ की गई टिप्पणी निराधार है।

'अब हमारी बारी है' कंफर्म हो गई पुतिन के भारत आने की बात

> यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद पहली बार दौरा

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। रूस ने गुरुवार को कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। पिछले साल अपने रूस दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिया था। 2022 में यूक्रेन के साथ युद्ध छिड़ने के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन का यह पहला भारत दौरा होने वाला है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि पुतिन की भारत यात्रा के लिए तैयारियां चल रही हैं, हालांकि उन्होंने कोई निश्चित तारीख नहीं बताई। लावरोव ने कहा, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख की ओर से भारत यात्रा का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। लावरोव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार निर्वाचित होने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए रूस को चुना था और अब हमारी बारी है। दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध पर तो बात होगी ही, साथ ही दोनों नेता डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद भू-राजनीतिक उथल-पुथल पर भी चर्चा कर सकते हैं। भारत ने यूक्रेन संघर्ष पर तटस्थ रुख बनाए रखा है, भले ही प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से बार-बार कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है।

भारत ने रूस की निंदा करने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों से खुद को दूर रखा है और पुतिन की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने से भी परहेज किया है। भारत ने जहां रूस के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाए रखा है वहीं, यूक्रेन के साथ भी रिश्ते कायम रखे हैं। पीएम मोदी ने 2024 में रूस के साथ-साथ यूक्रेन की भी यात्रा की और राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री अक्टूबर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए रूस के कजान भी गए थे।

22वें रूस-भारत शिखर सम्मेलन के लिए रूस दौरे पर गए पीएम मोदी और पुतिन के बीच की दोस्ती ने सबका ध्यान खींचा था।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प

लाठियां बरसाईं, वाटर कैनन छोड़े-14 विधायकों के निलंबन पर पार्टी का प्रदर्शन

भुवनेश्वर, 27 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा में कांग्रेस ने अपने 14 विधायकों के निलंबन के विरोध में गुरुवार को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। विधानसभा घेरने के लिए कार्यकर्ता विधानसभा की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान पुलिस से उनकी झड़प हुई। दरअसल 25 मार्च को सदन की कार्यवाही बाधित करने के आरोप में कांग्रेस के 12 विधायक निलंबित कर दिए गए। इसके बावजूद कांग्रेस विधायक विधानसभा के अंदर ही धरना प्रदर्शन किया। इसके अलावा विधानसभा के बाहर महात्मा गांधी मार्ग पर रात भर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते रहे। 26 मार्च को कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा की बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद जमकर धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाधी ने कांग्रेस के बचे हुए दो विधायकों, तारा प्रसाद बाहिनीपति और रमेश जेना को भी निलंबित कर दिया। >14

जस्टिस यशवंत वर्मा मामले पर सीजेआई खन्ना का बार एसोसिएशंस को आश्वासन

कहा-तबादले की मांग पर करेंगे विचार

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले को लेकर गुरुवार को अलग-अलग राज्यों की हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मुख्य न्यायाधीश से मिलने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आश्वासन दिया है कि वे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे। उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ पीठ, गुजरात, केरल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश की जबलपुर पीठ के बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार दोपहर को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ से मुलाकात की। बैठक के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश ने बार निकायों के ज्ञापन पर विचार-विमर्श किया और उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया।

वकीलों की टीम से मिले जस्टिस वर्मा

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले में 26 मार्च को सुप्रीम कोर्ट की बनाई इन-हाउस कमेटी पुलिस को लेकर जज वर्मा के बंगले पर पहुंची। कमेटी मेंबर करीब 30-35 मिनट तक जस्टिस वर्मा के घर के अंदर रहे। इधर, जस्टिस वर्मा ने इन-हाउस जांच समिति के समक्ष पेश होने से पहले बुधवार को सीनियर वकीलों से मुलाकात की। दरअसल, जस्टिस वर्मा अपना फाइनल जवाब तैयार कर रहे हैं, यही आगे की कार्रवाई का आधार बनेगा। जांच कमेटी के सामने उनकी पेशी इसी हफ्ते हो सकती है।

केंद्र सरकार ने लॉन्च की 'सहकार टैक्सी' सेवा

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को नई कॉपरेटिव टैक्सी सर्विस 'सहकार टैक्सी' को लॉन्च किया। इसका उद्देश्य बाइक, कैब और ऑटो सर्विस उपलब्ध कराना है। इस कॉपरेटिव टैक्सी सर्विस के लॉन्च से ऑनलाइन टैक्सी बाजार में प्रभुत्व रखने वाले ऐप जैसे ओला, उबर और रैपिडो को चुनौती मिलेगी। इस कदम का उद्देश्य एक वैकल्पिक ट्रांसपोर्ट सर्विस उपलब्ध कराना है, जहां चालक बड़ी कंपनियों के साथ लाभ साझा किए बिना सीधे कमाई कर सकेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संसद में इस पहल की घोषणा करते हुए कहा, सहकार टैक्सी देश भर में दोपहिया टैक्सियों, ऑटो-रिक्शा और चार पहिया टैक्सियों का पंजीकरण करेगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'सहकार से समृद्धि' सिर्फ एक नारा नहीं है, इसे साकार करने के लिए सहकारिता मंत्रालय ने पिछले साढ़े तीन साल में दिन-रात काम किया है। >14

वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पास

चेन्नई, 27 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, जिसे विपक्ष के भारी विरोध के बीच पास कर दिया गया। प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार को मुस्लिमों की भावनाओं की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सर्वसम्मति से जोर देती है कि केंद्र सरकार को वक्फ अधिनियम 1995 के लिए वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को वापस लेना चाहिए। विधानसभा में प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ विधेयक में संशोधन करने का प्रयास कर रही है, जिससे वक्फ बोर्ड की शक्तियों में बाधा आएगी। इससे मुस्लिमों की भावनाएं आहत हो रही हैं और केंद्र सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है।

'विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा'

विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने ओम बिरला से की मुलाकात

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। विपक्षी पार्टियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसपी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे आज शून्य काल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले।

गौरव गोगोई ने कहा कि हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें आरएसपी और शिवेसना यूबीटी भी शामिल हैं। हमने लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की कि किस तरह से सत्ताधारी दल नियमों और परंपराओं का उल्लंघन कर रहा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने नियम संख्या 349 का हवाला दिया, लेकिन उन्होंने किस घटना को लेकर ये हवाला दिया, ये स्पष्ट नहीं है। अब लोकसभा अध्यक्ष के बयान का राजनीतिकरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को सदन में मर्यादित आचरण करने और सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत दी थी। इसके तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी और नेता विपक्ष को बोलने का भी मौका नहीं दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है और सत्ताधारी दल मनमानी कर रहा है। गौरव गोगोई ने कहा कि जब नेता विपक्ष जवाब देने के लिए उठे तो सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। पूरे देश ने ये देखा। नेता विपक्ष एक संवैधानिक पद होता है, उनके बारे में टिप्पणी की गई, लेकिन जब वे बोलने के लिए उठे तो उन्हें बोलने नहीं दिया गया। किस बात को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने ये टिप्पणी की, ये भी साफ नहीं है, लेकिन भाजपा की आईटी सेल अब इसका राजनीतिकरण कर रही है।

प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े पांच उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल में लावारिश वाहन से पांच किलो हेरोइन बरामद

इंफाल, 27 मार्च (एजेंसियां)। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व से पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ये उग्रवादी घाटी आधारित प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े थे। इसके अलावा, पुलिस ने इंफाल ईस्ट जिले में एक लावारिश वाहन से पांच किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के दो सक्रिय सदस्यों को बुधवार को इंफाल पश्चिम के डिंगकू रोड इलाके से गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, इंफाल ईस्ट के टॉप माखा लेईकाई से मंगलवार को प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके (प्रो) के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार किए गए थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा इंफाल ईस्ट के ताखेल ममांग लेईकाई इलाके से प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लूप के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि इंफाल ईस्ट जिले में एक लावारिश वाहन से करीब 5 किलो संदिग्ध हेरोइन बरामद की गई है। हेरोइन, वाहन में 419 साबुन के डिब्बों में छिपाई गई थी। हेरोइन की बरामदगी के बारे में पुलिस ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 25 मार्च को 5।5 किलो संदिग्ध हेरोइन पाउडर के साथ तीन ड्रग तस्करों को पकड़ा गया था। इसके बाद, पुलिस ने इंफाल ईस्ट में छोड़े गए एक लावारिश वाहन को पकड़ा। वाहन की जांच करने पर, उसमें से करीब 5 किलो संदिग्ध हेरोइन पाउडर युक्त 419 साबुन के डिब्बे बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

'आप अपनी दुनिया में जीते रहिए, लोग आपको पाखंडी कह रहे'

अन्नामलाई का स्टालिन पर तीखा हमला

चेन्नई, 27 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में तमिलनाडु की डीएमके सरकार को भाषा नीति और परिसीमन विवाद के मुद्दे पर घेरा। जिस पर तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला और कहा कि योगी आदित्यनाथ कॉमेडी कर रहे हैं। अब इस पर तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने तमिलनाडु सीएम स्टालिन पर पलटवार किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का सीएम पर तीखा हमला

के अन्नामलाई ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'थिरु एमके स्टालिन, आप हमारे संविधान के और संघीय ढांचे के रक्षक के रूप में एक ठग कलाकार हैं। आमतौर पर ठग अमीरों को लूटते हैं, लेकिन डीएमके इस मामले में कोई भेदभाव नहीं करती और वे अमीर और गरीब दोनों को लूटते हैं। अब पूरा देश जानता है कि तमिलनाडु

के सीएम के परिवार के कई निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं, जिनमें तीन भाषाएं पढ़ाई जाती हैं, लेकिन इसे सरकारी स्कूलों में सभी छात्रों के लिए लागू करने का विरोध किया जा रहा है। लोग आपको पाखंडी कह रहे हैं।' अन्नामलाई ने कहा कि 'तमिलनाडु के सीएम को लगता है कि उनके पार्टी के लोगों द्वारा यहा-वहां किए गए नाटक पूरे तमिलनाडु की आवाज को दर्शाते हैं। यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अभी तक अहसास नहीं हुआ है कि लोगों का ध्यान महत्वहीन मामलों पर भटकाने के आपके प्रयासों का पर्दाफाश हो चुका है। अपनी अज्ञानता की दुनिया में जीते रहिए। हम आपको परेशान नहीं करेंगे।'

योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी पर स्टालिन ने किया था हमला

उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार नई शिक्षा नीति के तहत तीन भाषा नीति का विरोध कर रही है। साथ ही जनसंख्या के आधार पर परिसीमन करने का भी विरोध कर रही है। तमिलनाडु सरकार का तर्क है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन हुआ तो इससे उनकी लोकसभा सीटें घट जाएंगी। इसे लेकर तमिलनाडु की सरकार लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। हाल ही में न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर वोटबैंक की राजनीति के लिए लोगों को भाषा के आधार पर बांटने का आरोप लगाया था। योगी आदित्यनाथ की इस टिप्पणी पर तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने भी हमला बोला था। एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'तमिलनाडु की भाषा नीति और निष्पक्ष परिसीमन की मांग आज पूरे देश में गूंज रही है। भाजपा इससे परेशान है, जो उनके नेताओं के इंटरव्यू से पता चलता है। अब माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमें नफरत पर भाषण देना चाहते हैं? हमें बख्श दीजिए। ये तो राजनीतिक कॉमेडी हो गई। हम किसी भाषा का विरोध नहीं कर रहे हैं बल्कि हम थोपने और अंधराष्ट्रीयता का विरोध कर रहे हैं। यह वोट बैंक की राजनीति नहीं है बल्कि ये न्याय और स्वाभिमान की लड़ाई है।'

लक्ष्मीदास 90 लाख गबन मामला

हाईकोर्ट सख्त, कहा- बिना राशि जमा कराए आरोपी को जमानत नहीं

छिंदवाड़ा, 27 मार्च (एजेंसियां)। करीब एक साल पहले हुए 90 लाख रुपये के गबन के मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी लक्ष्मीदास उर्फ रीना रघुवंशी की जमानत याचिका पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने साफ कर दिया है कि जब तक आरोपी पूरी राशि जमा नहीं करता उसे जमानत नहीं दी जाएगी। आरोपी लक्ष्मीदास पर आरोप है कि उसने ऑनलाइन दस्तावेजों के जरिए फर्जीवाड़ा कर 90 लाख रुपये निकाले। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया, लेकिन जमानत के लिए तय शर्तें पूरी न करने के कारण उसे राहत नहीं मिल सकी। हाईकोर्ट ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि बिना पूरी राशि जमा किए जमानत संभव नहीं होगी। आरोपी ने इस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी, जिसमें उसने दावा किया कि उसके वकील ने बिना अनुमति के 90 लाख रुपये जमा करने की बात कही थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इसे हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र का मामला बताते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया। इस मामले में आरोपी के भाई हर्ष रघुवंशी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। हाईकोर्ट ने अब उसकी जमानत भी रद्द कर दी है, जबकि लक्ष्मीदास के मामले में फैसला सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने इस गबन के मामले में लक्ष्मीदास, उसके भाई हर्ष रघुवंशी, मनीष सोनी और सागर को आरोपी बनाया है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी द्वारा इस्तेमाल की गई एमजी हेक्टर कार भी जब्त कर ली है।

भावना हत्याकांड के आरोपियों पर दस-दस हजार का इनाम, भोपाल से धार भागे

इंदौर, 27 मार्च (एजेंसियां)। इंदौर के महालक्ष्मी नगर में हुए भावना सिंह हत्याकांड के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाए हैं। उन पर पुलिस विभाग ने दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया है, ताकि वे विदेश न भाग सके। पुलिस को यह भी पता चला है कि भावना को अस्पताल में भर्ती करने के बाद आरोपी बस से भोपाल गए थे। इसके बाद वे भोपाल से धार गए। पुलिस को आंशका है कि धार के रास्ते वे गुजरात भाग सकते है। भावना सिंह की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्वालियर में कैंडल मार्च भी निकाला गया। भावना ग्वालियर की निवासी थी। पुलिस इस मामले में भावना के साथ पार्टी करने वाले आशु यादव, मुकुल और स्वस्ति की तलाश कर रही है। तीनों साथ में ही है, लेकिन पुलिस उनका पता नहीं लगा पा रहा है। अफसरों ने ग्वालियर और दतिया में उनके परिजनों से भी पूछताछ की, लेकिन आरोपियों ने अपने परिजनों से भी संपर्क नहीं किया है। महालक्ष्मी नगर में विख्यात ने रेंट एग्रीमेंट कराया है और वह आशु का दोस्त है। उसे भी पुलिस ने आरोपी बनाया है,क्योकि इंदौर से भोपाल जाने के बाद आरोपी विख्यात के घर पर रुके थे। आपको बता दे कि इंदौर में पार्टी के दौरान पिस्तौल से भावना की आंख में गोली लगी थी। साथ में पार्टी कर रहे दोस्त उसे बांबे अस्पताल लेकर गए थे। इसके बाद वे अस्पताल से भाग गए थे। उन्होंने अपनी कार निपानिया क्षेत्र में छोड़ दी थी।

स्कूटी पर चार दोस्त सवार स्पीड इतनी कि ट्रक से टकराते ही उड़े चिथड़े, दो की मौके पर मौत

जालंधर, 27 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के जालंधर में रोड एक्सीडेंट में दो दोस्तों की मौत हो गई। जालंधर देहात के थाना लांबड़ा रोड एरिया में नकोदर हाईवे पर तेज रफ्तार स्कूटी खड़े ट्रक के पीछे टकरा गई। स्कूटी पर 4 लोग सवार थे। ट्रक से टकराने के बाद स्कूटी सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। स्कूटी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई है। मृतकों की पहचान जश्नदीप और लक्की के रूप में हुई है। हादसे को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। घटना की सीसीटीवी वीडियो भी सामने आई है। चारों युवक नकोदर डेरे पर माथा टेकने के लिए जा रहे थे। राहगीरों ने घायलों को प्राइवेट अस्पताल दाखिल करवाया।

'दिल्ली में रेप हो या गोलियां चलेंगी तो विधायक उस पर बात नहीं करेंगे '

विधानसभा से हटाए गए कानून-व्यवस्था के सवाल पर आतिशी ने स्पीकर को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आरोप लगाया कि आप विधायकों द्वारा कानून-व्यवस्था के मुद्दे को विधानसभा की कार्यवाही से हटा दिया गया। उन्होंने अब स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को चिट्ठी लिखी है और मांग की कि 'विधानसभा के विशेष उल्लेख के लिए विधानसभा कार्यालय में जमा किया। कल देर शाम मुझे विधानसभा सचिवालय से फोन आया और बताया गया कि आपने 5 विधायकों के विशेष उल्लेख खारिज कर दिए गए हैं क्योंकि वे बढ़ते हुए अपराध के मुद्दों पर है और कानून-व्यवस्था दिल्ली विधानसभा के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

क्या रेप के मुद्दे पर विधायक मौन रहेंगे- आतिशी

आतिशी ने आगे लिखा, "यह बिल्कुल अचंभित करने वाल फैसला है। जब दिल्ली विधानसभा बनी है तब से विधायकों ने अपने इलाकों की समस्या सदन में उठाई है। इस पटल पर दिल्ली के हर मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। इसे रोकना लोकतंत्र का अपमान होगा।' आतिशी ने चिट्ठी में लिखा, "आज विधानसभा सत्र में नियम 280 के तहत विशेष उल्लेख का समय तय हुआ है। आम आदमी पार्टी के कई विधायकों ने इलाकों में बढ़ते हुए अपराध के मुद्दों को विधानसभा के इतिहास में पहली बार हो रहा है कि ऐसा कहा जा रहा है कि दिल्ली में कोई रेप हो तो विधानसभा उस पर बात नहीं कर सकती। अगर दिल्ली में गोलियां चलेंगी तो विधायक उस पर बात नहीं करेंगे, अगर महिलाओं के साथ हिंसा होगी तो विधानसभा उस पर मौन रहेगी।"

अपनी अक्षमता के कारण चर्चा नहीं होने दे रही बीजेपी - आतिशी

सत्तारूढ़ पार्टी पर हमला करते हुए आतिशी ने कहा, "ऐसा लगता है कि बीजेपी की केंद्र सरकार दिल्ली में बढ़ते हुए अपराध को रोकने में अक्षम रहने के कारण ये चर्चा रोकना चाहती है। चुनाव से पहले बीजेपी कहती थी कि डबल इंजन की सरकार आने से दिल्ली की समस्याओं का हल करेंगे और चुनाव जीतने के बाद कह रहे हैं कि समस्याओं पर मुंह नहीं खोलने देंगे। चर्चा खत्म तो समस्या खत्म।"

'बच्चा! बदल जाएगी तेरी किस्मत, बस पीछे मुड़कर मत देखना'

दिल्ली के होटल से चेकआउट करते ही हो गया खेला

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के पास पुलिस ने 4 शातिर और फर्जी साधुओं को गिरफ्तार किया है। दरअसल, साधु के वेश में चार ठगों ने एक शख्स को अच्छे भाग्य का लालच देकर उसकी सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने ना सिर्फ इन ठगों को गिरफ्तार किया, बल्कि पीड़ित की अंगूठी भी बरामद कर ली। डीसीपी एयरपोर्ट की मानें तो- मामला 23 मार्च 2025 का है। आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि एयरोसिटी के जेडब्ल्यू मैरियट होटल के पास चार लोगों ने साधु के वेश में एक व्यक्ति से ठगी की। पीड़ित ने अपना नाम गगन जैन बताया। कहा- मैं ग्वालियर का रहने वाला हूं और पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हूं। 23 मार्च को सुबह 11:30 बजे जब मैं होटल से चेकआउट कर बाहर निकला, तब रास्ते में मुझे चार लोग साधु के वेश में मिले जिनके शरीर पर राख थी और पैरों में घंटियां बंधी थीं। वो मेरे पास आए और खुद को हरिद्वार अखाड़े का महंत बताकर झांसे में ले लिया। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत मिलने के तुरंत बाद ही आईजीआई पुलिस हरकत में आई। पुलिस टीम तुरंत पीड़ित को लेकर ऐरोसिटी के उस जगह पर पहुंची जहां ठगों ने वारदात को अंजाम दिया था।

मोस्ट ग्लैमरस लेडी, ब्यूटी क्वीन और नेताजी

जब संसद में दिखा प्रियंका-कंगना और कल्याण बनर्जी का मजाकिया अंदाज

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। संसद परिसर में अक्सर धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी की तस्वीरें सबने देखी है, लेकिन तीन अलग-अलग दलों के सांसदों के बीच हंसी-मजाक के हल्के फुल्के पल सांसदों के बीच चर्चा का विषय बने रहे। दरअसल, हुआ यूं कि नई संसद के मकर द्वार से सदन में जा रहे टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की नजर अचानक गेट पर अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत पर पड़ी तो वो हल्के फुल्के अंदाज में बोले, आज मेरा दिन अच्छा है, इंडिया की ब्यूटी क्वीन भी यहां पर हैं। जिस पर कंगना ने तपाक से मुस्कुराते हुए जवाब दिया, अरे दादा ऐसा नहीं है।

कंगना और कल्याण की चर्चा के बीच अचानक कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी गुलाबी साड़ी में मकर द्वार से निकल रही थीं, तो कल्याण बनर्जी ने प्रियंका की तरफ अपना रुख मोड़ा और हंसते हुए कहा, मोस्ट ग्लैमरस लेडी। इस पर प्रियंका हंस पड़ीं और कल्याण बनर्जी से बोलीं, नहीं नहीं मैं कोई ग्लैमरस नहीं हूं। कल्याण बनर्जी ने फिर दोहराया, आप हैं। नहीं नहीं हूं... ये कहकर हंसते हुए प्रियंका अपनी गाड़ी की तरफ चली गईं।

कंगना रनौत, कल्याण बनर्जी और प्रियंका गांधी

इसके बाद फिर कल्याण बनर्जी और कंगना के बीच संवाद शुरू हुआ। दरअसल कंगना अपनी गाड़ी का इंतजार कर रही थीं। तब कल्याण ने कंगना से फिर हंसते हुए कहा, आप तो ब्यूटी क्वीन हैं। इस पर कंगना ने हंसते हुए कल्याण बनर्जी से कहा कि आपकी जोरदार आवा पूरे सदन में गूंजती है, आप बड़े नेता हैं। फिर दोनों हंसते हुए अपनी अपनी मंजिल की तरफ बढ़ गए।

4 अप्रैल तक बजट सत्र

संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी से हुई। ये 4 अप्रैल तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश किया था। सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दोनों सदनों में बहस हुई और संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री के जवाब के साथ यह संपन्न हुआ। अभी बजट सत्र का दूसरा चरण चल रहा है। इसकी शुरुआत 10 मार्च को हुई।

मध्य प्रदेश में भी उठी नवरात्रि में मीट शॉप बंद करने की मांग; भोपाल कलेक्टर को लिखा पत्र

भोपाल, 27 मार्च (एजेंसियां)। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से हो रही है, जो 7 अप्रैल तक रहेगी। नवरात्रि की शुरुआत से पहले ही देश की राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश की तरह मध्य प्रदेश में भी नवरात्रि के दौरान मीट शॉप को बंद करने की मांग उठ रही है। हिंदू संगठनों, बीजेपी विधायक के साथ खुद राज्य के मंत्रियों की भी यही मांग है। भोपाल से बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने इसको लेकर अपनी इच्छा खुलकर जाहिर की है। हिंदूवादी संगठन भारत रक्षा मंच ने भोपाल कलेक्टर को पत्र लिखकर नवरात्रि पर 9 दिन तक मांस और मछली की दुकानें बंद रखने की मांग की है। वहीं, मंत्री राकेश सिंह ने भी सहमति जताई है। भोपाल से बीजेपी विधायक रामेश्वरम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा गंगा-जमुनी तहजीब के भाषण देते हैं, वे कहते हैं सभी को सभी धर्मों का आदर करना चाहिए। अब हिंदुओं ने रिक्वेस्ट की है तो उसका सभी को आदर करना चाहिए। जाओ इमामों को समझाओ, सबको समझाओ, सबको बताओ, अगर 7-8 दिन मांस नहीं खाएंगे तो कौन सी धरती पर नहीं रहेंगे। अगर हिंदू-मुस्लिम के बीच एकता चाहते हो तो हिंदुओं के त्योहारों के महत्व को समझना होगा। कई हिंदू इन 9 दिनों में पानी भी नहीं पीते। वहीं, कई लोग और एक गिलास दूध पर व्रत रखते हैं। व्रत के समय कोई हिंदुओं की भावनाओं का सम्मान करेगा, तो हिंदू भी उसकी भावनाओं का सम्मान करेंगे। भोपाल के हिंदूवादी संगठन भारत रक्षा मंच ने भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को पत्र लिखकर नवरात्रि पर 9 दिन मांस-मछली की दुकानें बंद रखने की मांग की है।

दिल्ली में गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड, पिछले 3 सालों का सबसे ज्यादा तापमान दर्ज

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को इस सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछले तीन सालों में मार्च का सबसे ज्यादा तापमान है। इससे पहले 31 मार्च 2022 को दिल्ली में अधिकतम तापमान 39।6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो अब तक का सबसे ज्यादा तापमान रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन दिन तेज धूप और गर्मी से हल्की राहत मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दिल्ली और आसपास के इलाकों में गुरुवार को हवा की गति 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रहने का अनुमान है। इससे तापमान में तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है। 29 मार्च के बीच हल्के बादल भी छा सकते हैं, जो गर्मी से कुछ राहत दे सकते हैं। वहीं आज अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

अप्रैल में कैसा रहेगा मौसम?

वहीं 30 और 31 मार्च को तापमान में आंशिक तौर पर कमी आने के संकेत हैं। हालांकि, अप्रैल के पहले सप्ताह में दिल्ली में तापमान चरम पर पहुंचने का पूर्वानुमान है। फिलहाल, तेज हवाओं की वजह से कुछ राहत मिलने की संभावना है। इसके बावजूद तापमान 35 से 36 डिग्री के बीच बना रहेगा।

आईएमडी ने लोगों से की ये अपील

मौसम जानकारों का कहना है कि इस साल मार्च में औसत तापमान सामान्य से अधिक रहा है। दिल्ली में मार्च आमतौर पर शुष्क रहता है, लेकिन इस बार बारिश की कमी और गर्म हवाओं ने हालात को और चुनौतीपूर्ण बना दिया। लोगों को सलाह दी गई है कि वे दिन के समय बाहर निकलते वक्त सावधानी बरतें और पर्याप्त पानी पीते रहें।

एक्यूआई 'बहुत खराब'

इस बीच दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार बता दें 0 से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बहुत खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है।

आरपीएफ का पूर्व कॉन्स्टेबल गंभीर मानसिक बीमारी के चलते निगरानी में, चलती ट्रेन में ली थी 4 लोगों की जान

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के पास 2023 में चलती ट्रेन में अपने सीनियर और 3 यात्रियों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार बर्खास्त आरपीएफ कॉन्स्टेबल चेतनसिंह चौधरी को 'साइकोसिस' के लिए निगरानी में रखा गया है। एक अस्पताल की रिपोर्ट में दावा किया है कि बीमारी की वजह से आरपीएफ के पूर्व कर्मी का वर्तमान में ठाणे स्थित मनोरुग्णालय में इलाज किया जा रहा है। मामले की सुनवाई कर रही कोर्ट ने पहले ठाणे जेल मैनेजमेंट से उसकी स्थिति पर रिपोर्ट मांगी थी क्योंकि आरोपी उसकी हिरासत में है। इसके बाद जेल मैनेजमेंट ने ठाणे स्थित मनोरुग्णालय के स्वास्थ्य समीक्षा बोर्ड द्वारा जारी एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

'एक महीने बाद ही उपलब्ध होगी विस्तृत रिपोर्ट'

बोर्ड द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपी को 20 फरवरी को अस्पताल लाया गया था और वह 'साइकोसिस के चलते निगरानी में है'। अस्पताल ने कहा कि उसे 'असामान्य व्यवहार' की शिकायत के चलते भर्ती कराया गया था और उसे एक और महीने तक अस्पताल में रखने की जरूरत है। रिपोर्ट पर टिप्पणी में लिखा है कि 'मरीज का इलाज किया जा रहा है और संबंधित डॉक्टरों द्वारा उसकी अलग-अलग तरह की जांच की जा रही हैं'। इसमें कहा गया कि जांच के एक महीने बाद ही विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध होगी।

31 जुलाई 2023 को ली थी 4 लोगों की जान

34 साल के चौधरी पर 31 जुलाई 2023 को पालघर के पास जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अपने सीनियर एएसआई टीकाराम मीणा और 3 यात्रियों की अपने सरकारी हथियार से गोली मारकर हत्या करने का आरोप हैं। यात्रियों द्वारा चेन खींचे जाने के बाद जब ट्रेन मुंबई उपनगरीय रेल नेटवर्क पर मीरा रोड स्टेशन के पास रुकी तो भागने की कोशिश कर रहे चौधरी को पकड़ लिया गया था और उसके पास से हथियार भी बरामद कर लिया गया था। आरपीएफ कॉन्स्टेबल तभी से जेल में है।

आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज हुए ये केस

चौधरी पर आईपीसी की धाराओं के तहत केस दर्ज किए गए, जिनमें 302 (हत्या), 153-ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास और भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के साथ-साथ रेलवे अधिनियम और महाराष्ट्र संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम के प्रावधान शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, आरपीएफ के पूर्व कॉन्स्टेबल ने अपने वरिष्ठ एएसआई मीणा और ट्रेन के 'बी-5' डिब्बे में एक यात्री पर गोलियां चलाईं। इसके बाद उसने पैंट्री कार में एक दूसरे यात्री और एस-6 डिब्बे में एक अन्य यात्री को गोली मार दी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

युविचार

महान काम करने के लिए उमंग-उत्साह को अपना साथी मनाइये

शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 3

काम की तारीफ के बजाय विपक्ष शोर मचाने में जुटा : सीएम

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बजट सत्र के दौरान विधानसभा में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर ने दावा किया कि उन्होंने लाखों रुपये के ऋण माफ किए। बीआरएस सरकार 4 साल में केवल 16,143 करोड़ रुपये ही माफ कर सकी। ब्याज काटने के बाद पिछली सरकार ने पहले पांच साल में केवल 13,514 करोड़ रुपये ही माफ किए। दूसरी बार सत्ता में आने के बाद बीआरएस सरकार ने चार साल तक किसानों के ऋण माफी पर एक भी रुपया खर्च नहीं किया। पिछले साल 21,35,557 किसानों के केवल 11,909 करोड़ रुपये के ऋण माफ किए गए।

10 साल के शासन में बीआरएस सरकार ने केवल 16,908 करोड़ रुपये माफ किए। विपक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ऋण माफ नहीं किया। मेरी सरकार ने 10 साल में 16,908 करोड़ रुपये माफ किए। 10 महीने में 25,35,964 किसानों को कर्ज के बोझ से उबारकर 20,616.89 करोड़ रुपये दिए। 10 साल में आपने कितना किया? 10 महीने में हमने कितना किया? कृषि ऋण माफी के सरकारी आंकड़े देखिए। लोगों ने भले ही नकार दिया, लेकिन बीआरएस नेताओं की सोच नहीं बदली। बीआरएस सरकार द्वारा भुगतान में कोताही बरतने के बाद रैतु बंधु योजना के तहत 7,625 करोड़ रुपये वितरित किए। रैतु भरोसा की दूसरी किस्त के रूप में 4666.59 करोड़ रुपये दिए। रैतु भरोसा योजना के तहत लाभ को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 12000 रुपये किया। धान की फसल बोने पर किसानों को फांसी लगाने की चेतावनी देने वाले नेताओं ने धान की कटाई की और कावेरी सीड्स कंपनी को 4500 रुपये प्रति क्विंटल की भारी कीमत पर उपज बेची। मेरी सरकार ने बढ़िया किस्म के चावल की फसल उगाने वाले किसानों को 11,061 करोड़ का बोनस दिया। मुफ्त बिजली आपूर्ति कांग्रेस का पेटेंट है।

हमने 29,14,692 किसानों पर 15,332 करोड़ रुपये खर्च किए। रैतु बीमा योजना जारी रखी। सिर्फ 10 महीने में कमाल करने के लिए हमारी तारीफ करने के बजाय विपक्ष शोर मचा रहा है। मैं किसी व्यक्तिगत प्रशंसा की उम्मीद नहीं कर रहा हूं, लेकिन विपक्ष को कम से कम सरकार की तारीफ तो करनी चाहिए। 2014 तक 16 मुख्यमंत्रियों पर कुल 90,160 करोड़ रुपये का कर्ज था। अकेले बीआरएस सरकार पर 10 साल में लिया गया कर्ज 1.12.2023 तक 6,69,257 करोड़ रुपये है। इसके अलावा 40,154 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित रखा गया है।

अगर इन्हें एक साथ जोड़ दिया जाए, तो 10 साल में उनके ऊपर लिया गया कुल कर्ज 8,19,151 करोड़ रुपये है। विपक्ष को बोलना चाहिए कि उन्होंने क्या हासिल किया है। एक पार्टी और एक परिवार द्वारा दस साल में लिया गया कर्ज 7.50 लाख करोड़ रुपये है। मेरी सरकार ने 15 महीने में 1,58,041 करोड़ रुपये खर्च किए। इसमें से दिसंबर 2023 से 28 फरवरी 2025 तक चुकाई गई मूल राशि 88,591 करोड़ रुपये है। दिसंबर 2023 से 28 फरवरी 2025 तक चुकाया गया ब्याज 64,768 करोड़ रुपये है। हमने 10 साल में उनके द्वारा लिए गए कर्ज पर मूल राशि और ब्याज सहित कुल 1,53,359 करोड़ रुपये चुकाए हैं। अब, हमारी सरकार द्वारा 15 महीने में लिया गया शुद्ध कर्ज केवल 4,682 करोड़ रुपये है।

निजी मुद्दों से परेशान डॉक्टर ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। निजी समस्याओं से परेशान एक डॉक्टर ने बुधवार देर रात कैवेलरी बैरक और बोलारम रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे पटरी पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पीड़ित की पहचान कापड़ा के प्रधानमपुरी कॉलोनी निवासी पुरोहित किशोर प्रकाशमल (34) के रूप में हुई है, जो अलवाल के बस्ती दवाखाना में डॉक्टर के रूप में कार्यरत थे। पुलिस ने बताया कि किशोर प्रकाशमल पिछले कुछ दिनों से अपने निजी मुद्दों को लेकर परेशान था। बुधवार को उसने कैवेलरी बैरक और बोलारम रेलवे स्टेशन के बीच डाउन मेन लाइन पर चलती ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। ट्रेन के लोको पायलट द्वारा सूचना दिए जाने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गांधी अस्पताल पहुंचाया। राजकीय रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। परिवार ने मौत पर कोई संदेह नहीं जताया है।

केटीआर ने विधानसभा में लिया अंगदान का संकल्प

> बीआरएस ने तेलंगाना प्रत्यारोपण विधेयक का किया समर्थन

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अन्य विधायकों के लिए उदाहरण पेश करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने गुरुवार को अंगदान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और अपने अंग दान करने का संकल्प लिया। तेलंगाना मानव अंग प्रत्यारोपण (निरसन) विधेयक पर विधानसभा में चर्चा के दौरान बोलते हुए, जिसका उद्देश्य राज्य में कड़े नियामक मानदंड और अंग दान को बढ़ावा देना है, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने जागरूकता बढ़ाने और लोगों को अंग दान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया।

रामा राव ने कहा कि विधायक के रूप में हम दो से तीन लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और हमें उदाहरण पेश करना चाहिए। लोगों में जागरूकता पैदा करना और उन्हें प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने स्पीकर जी प्रसाद कुमार को सुझाव दिया कि विधायकों को अंग दाता के रूप में पंजीकृत करने के लिए विधानसभा में आवेदन हस्ताक्षर शिविर आयोजित किया जाए। रामा राव ने कहा कि मैं अंगदान के कागजात पर हस्ताक्षर करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा, जिस पर सभी दलों ने तालियां बजाईं। अश्वराओपेटा से कांग्रेस विधायक जारे आदिनारायण ने बताया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में 29 किडनी फेलियर के मरीज हैं और यह विधेयक उनके लिए चीजें आसान कर देगा। आदिनारायण ने घोषणा की कि बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव की तरह, मैं भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में अंगदान के कागजात पर हस्ताक्षर करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।

बीआरएस ने प्रत्यारोपण विधेयक को समर्थन दिया

इससे पहले, विधेयक को पार्टी का समर्थन देते हुए बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने सरकार को सुझाव दिया कि मृतक का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाए, अंगदान करने वाले के परिवार को इंदिराम्मा इंदलू आवंटित किया जाए, इसके अलावा गुरुकुल में प्रवेश की सुविधा दी जाए तथा अंगदान के प्रति अधिक लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए मुफ्त स्वास्थ्य बीमा भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब 3,724 लोगों ने अंगदान के लिए आवेदन किया है। पहले केवल न्यूरो सर्जन या न्यूरो फिजीशियन ही किसी व्यक्ति को ब्रेन डेड घोषित कर सकते थे। अब अन्य डॉक्टर भी घोषणा कर सकते हैं और इससे अंगदान की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

बिजली बिल भुगतान घोटाले के बारे में उपभोक्ताओं को किया सचेत

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। घोटालेबाज शहर के कई बिजली उपभोक्ताओं को निशाना बना रहे हैं और उनसे अपने बिलों का भुगतान करने के लिए कह रहे हैं, धमकी दे रहे हैं कि अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उनकी बिजली काट दी जाएगी। घोटालेबाजों ने गुरुवार को भी कई उपभोक्ताओं को व्हाट्सएप पर संदेश भेजे, जिसमें धमकी दी गई कि पिछले महीने का बिल अपडेट न होने के कारण शाम 7.30 बजे के बाद उनकी बिजली काट दी जाएगी। एक व्हाट्सएप नंबर भी साझा किया गया जिसमें उपभोक्ताओं से उस नंबर पर कॉल करने के लिए कहा गया। चिंतित उपभोक्ताओं ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के समक्ष यह मुद्दा उठाया, जिसके बाद टीजीएसपीडीसीएल के सीएमडी मुशर्रफ फारुकी ने एक बयान जारी कर उपभोक्ताओं से अपील की कि वे बिजली बिल भुगतान के संबंध में धोखाधड़ी वाले कॉल या संदेशों पर विश्वास न करें।

उन्होंने कहा कि हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग बिजली उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी वाले संदेश भेज रहे हैं। वे बैंक खाते/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड का विवरण एकत्र कर रहे हैं और उपभोक्ताओं के खातों से अवैध रूप से राशि निकाल रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीजीएसपीडीसीएल के संदेशों में विभाग का नाम, यूएससी/सेवा संख्या, उपभोक्ता का नाम और बिल की राशि शामिल होती है। टीजीएसपीडीसीएल कभी भी मोबाइल नंबर से संदेश नहीं भेजता है। टीजीएसपीडीसीएल के कर्मचारी भुगतान रसीद बिल के अलावा कभी भी बैंक खाते/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड का विवरण एकत्र नहीं करते हैं। साथ ही, कंपनी बिलों के भुगतान के लिए एसएमएस/संदेश के माध्यम से कोई वेबसाइट लिंक नहीं भेज सकती है। यह उपभोक्ताओं को बिजली बिल के माध्यम से चालू महीने के बिल और बकाया का विवरण बताती है। उपभोक्ता कंपनी की वेबसाइट www.tgsouthernpower.org या टीजीएसपीडीसीएल मोबाइल ऐप के माध्यम से वर्तमान खपत बिल और बकाया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कंपनी रात भर या आधी रात को बिजली की आपूर्ति नहीं काट सकती है।

साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित को साढ़े नौ लाख वापस दिलाया

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिटी साइबर क्राइम यूनिट ने कुल 9,50,531 रुपये रुपये पीड़ित को वापस दिलाया। हैदराबाद के एक 32 वर्षीय व्यवसायी से शिकायत प्राप्त हुई। पीड़ित को साइबर जालसाजों ने बिजनेस फ्रॉड के बहाने धोखा दिया। वे उसे 9,50,531 रुपये (नौ लाख पचास हजार पांच सौ इकतीस रुपये) उनके द्वारा दिए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कराने में कामयाब रहे। साइबर क्राइम यूनिट ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। इंस्पेक्टर के प्रसाद राव ने एसआई अभिषेक, एचसी सतीश और पीसी श्रीनिवास रेड्डी, क्रांति कुमार रेड्डी के साथ मिलकर कड़ी मेहनत की और आरोपी को सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। नतीजतन, 9,50,531 रुपये की पूरी राशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से पीड़ित को सफलतापूर्वक वापस कर दी गई।

आईएमडी हैदराबाद ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गरज और ओलावृष्टि से एक सप्ताह की राहत के बाद, राज्य भर में तापमान फिर से बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी)-हैदराबाद ने गुरुवार को तेलंगाना के 15 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जिसमें तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। आईएमडी-हैदराबाद ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि पूरे राज्य में शुष्क मौसम जारी रहेगा कि अगले कुछ दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 डिग्री सेल्सियस और 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

जिन जिलों में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और 44 सेल्सियस के बीच रहेगा उनमें आदिलाबाद, कोत्तागुडेम, जगतियाल, जयशंकर भूपालपल्ली, जोगुलम्बा गदवाल, खम्मम, कुमुरम भीम आसिफाबाद, मनचेरियल, मुलुगु, नगरकर्नूल, नारायणपेट, निर्मल, निज़ामाबाद, पेद्दापल्ली और वानापर्थी शामिल हैं। शेष जिलों में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। बुधवार को, नौ जिलों- आदिलाबाद (41 डिग्री सेल्सियस), कुमुराम भीम आसिफाबाद (40.9 डिग्री सेल्सियस), निज़ामाबाद और वानापर्थी (40.9 डिग्री सेल्सियस), भद्राद्री कोत्तागुडेम (40.7 डिग्री सेल्सियस), कामारेड्डी (40.6 डिग्री सेल्सियस), निर्मल (40.5 डिग्री सेल्सियस), मंचेरियल (40.4 डिग्री सेल्सियस) और नलगोंडा में उच्चतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हैदराबाद और पड़ोसी जिलों सहित अन्य भागों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

नरसिंगी में महिला ने घर में की आत्महत्या

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार रात नरसिंगी स्थित अपने घर में एक गृहिणी ने आत्महत्या कर ली। महिला सबिता राय (32) अपने परिवार के साथ नरसिंगी स्थित एक घर में रहती थी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात जब घर में कोई नहीं था, तो महिला ने दुपट्टे का इस्तेमाल करके घर में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। महिला के परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि सबिता और उसके पति के बीच अक्सर झगड़ा होता था, जिसके बाद महिला डिप्रेशन में आ गई और उसने फांसी लगा ली। मामला दर्ज कर लिया गया है।

जिला सत्र न्यायधीश ने महिला विशेष जेल का निरीक्षण किया

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सदस्य सचिव, तेलंगाना राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, तेलंगाना राज्य उच्च न्यायालय, हैदराबाद-सह- जिला सत्र न्यायाधीश, हैदराबाद सीएच पंचाक्षरी ने वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश -सह- प्रशासनिक अधिकारी, तेलंगाना राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, हैदराबाद श्रीमती कलार्चना के साथ औचक निरीक्षण के तहत हैदराबाद में महिलाओं के विशेष जेल का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान, सदस्य सचिव ने पूरे जेल परिसर का निरीक्षण किया और जेल के रख-रखाव से संतुष्ट थे। उन्होंने सराहना की कि पूरे जेल का रख-रखाव अच्छी तरह से किया गया है और वहां साफ-सफाई का माहौल है। जेल अधीक्षक, महिला विशेष जेल, हैदराबाद, टी. वेंकटालक्ष्मी श्रीनाथ ने बताया कि बाद में, सदस्य सचिव ने सभी कैदियों से उनकी समस्याओं और चिंताओं को जानने के लिए बातचीत की और सभी कैदियों ने बताया कि उन्हें कोई समस्या नहीं है और सब कुछ ठीक है।

उन्होंने अधीक्षक को निगरानी के साथ कैदियों के बीच उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सूचित किया। कैदियों से बात करते हुए, सदस्य सचिव ने उन्हें सलाह दी कि वे अपनी आजीविका के लिए उन्हें सिखाए गए कौशल को उत्साह के साथ सीखते रहें और जेल से रिहा होने के बाद एक आत्मनिर्भर और नवीनीकृत जीवन जीने का प्रयास करें। इस अवसर पर उप जेलर चौ. विजया और एन. संगीता सदस्य सचिव, टीएसएलएसए, हैदराबाद और वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश-सह-प्रशासनिक अधिकारी, टीएसएलएसए, हैदराबाद के साथ उपस्थित रहे।

चोर पकड़ा गया, 20 लाख रुपये का सामान बरामद

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बाचुपल्ली पुलिस ने गुरुवार को नसर उर्फ मोहम्मद नसरुद्दीन को गिरफ्तार किया, जो चोरी और हत्या समेत छह मामलों में शामिल है। अधिकारियों ने उसके पास से चोरी किए गए सोने के गहने बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत 20 लाख रुपये है। कुकटपल्ली में एचएमटी हिल्स का सोफा रिपेयर वर्कर नसरुद्दीन (34) बंद घरों की पहचान करता था और रात के समय उनमें घुसकर चोरी करता था। वह पहले केपीएचबी और बचुपल्ली में पांच मामलों के अलावा 2019 में सरूरनगर में हत्या के एक मामले में शामिल था। उसे पीडी एक्ट के तहत हिरासत में लिया गया और जेल भेजा गया। हाल ही में, 23 मार्च को, उसने बाचुपल्ली के प्रगति नगर में एक घर में घुसकर 20 लाख रुपये मूल्य के सोने के गहने लूट लिए। शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया और सीसीटीवी फुटेज की मदद से संदिग्ध की पहचान कर उसे उसकी दुकान से पकड़ लिया गया। उसके पास से चोरी का माल बरामद किया गया।

तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग ने जगित्याल जिले का दौरा किया

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जी. निरंजन और सदस्य रापोलू जयप्रकाश, तिरुमलागिरी सुरेंद्र और बाला लक्ष्मी ने आज जगित्याल जिले में कुछ जातियों के नाम परिवर्तन पर एक अध्ययन दौरा किया। जगित्याल में टीआर नगर कॉलोनी और धर्मपुरी में दुर्गम्मा कॉलोनी में वीरमुष्टी जातियों से मुलाकात की। जगित्याला के गाधी नगर और धर्मपुरी के दुर्गम्मा कॉलोनी में डोम्मारा जाति से मुलाकात की। आर एंड बी गेस्ट हाउस, जगित्या में मेरु/मेरा जाति प्रतिनिधियों से मुलाकात की। आयोग ने संबंधित जातियों के नाम बदलने और उनकी सामाजिक स्थितियों पर जातियों से बातचीत की। आयोग ने उनके क्षेत्र में जाकर उनके रहन-सहन की स्थिति का भी अध्ययन किया। आयोग के साथ पिछड़ा वर्ग विकास विभाग की जिला अधिकारी सुनीता, जगित्याल ग्रामीण, जगित्याला शहरी और धर्मपुरी मंडलों के तहसीलदार भी थे। इससे पहले आयोग ने जिलाधिकारी बी. सत्य प्रसाद, आईएएस से इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा की।

उस्मानिया जनरल अस्पताल में रोगाणुरोधी प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। रोगाणुरोधी अच्छे अभ्यासों, प्रबंधन को बढ़ावा देने और रोगाणुरोधी प्रतिरोध की बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए, उस्मानिया जनरल अस्पताल (ओजीएच) द्वारा विभिन्न अस्पतालों के 104 से अधिक पंजीकृत डॉक्टरों, माइक्रोबायोलॉजिस्ट और स्वास्थ्य पेशेवरों की भागीदारी वाली एक रोगाणुरोधी प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन ओजीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग और संक्रमण नियंत्रण टीम द्वारा किया गया था, जिसमें फार्माकोकाइनेटिक्स और फार्माकोडायनामिक्स, एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर) का वैश्विक महत्व, एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध तंत्र, एंटीफंगल प्रतिरोध और पारंपरिक प्रयोगशालाओं को एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप प्रोग्राम (एएमएसपी) में अपग्रेड करने सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ वार्ताएं शामिल थीं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा डॉ. उज़मा, डॉ. नाज़िया और डॉ. प्रीति के नेतृत्व में व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने सीएलएसआई, ईयूसीएएसटी और आईडीएसए दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के साथ-साथ एएमआर निगरानी और डब्ल्यूएचओ नेट पर भी चर्चा की।

सेना प्रमुख ने परिवर्तन के पांच स्तंभों पर जोर दिया

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने परिवर्तन के पांच स्तंभों पर जोर दिया है, जिसमें प्रौद्योगिकी अवशोषण, संरचनात्मक परिवर्तन, मानव संसाधन विकास और तीनों सेवाओं के बीच सामंजस्य बढ़ाना शामिल है। कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम), सिकंदराबाद में उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम (एचडीएमसी-20) के समापन भाषण देते हुए जनरल द्विवेदी ने भविष्य के लिए तैयार लड़ाकू बल बनने के लिए भारतीय सेना का समग्र रोडमैप दिया।

सीओएएस ने जटिल भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम तकनीकी रूप से उन्नत, अनुकूलनीय और आत्मनिर्भर बल बनने की सेना की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रक्रिया संचालित दृष्टिकोण से परिणाम संचालित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने तथा प्रदर्शन के माप से प्रभावशीलता के माप की ओर संक्रमण की आवश्यकता पर बल दिया। सीओएएस ने सेना के परिवर्तनकारी लक्ष्यों के संरेखण को रेखांकित किया तथा संक्रमण के युग, समेकन के युग तथा नियंत्रण के युग के तीन चरणों पर विचार-विमर्श किया। जनरल द्विवेदी ने इस बात पर जोर दिया कि सशस्त्र बलों को गतिशील, चुस्त तथा तकनीकी रूप से सक्षम होना चाहिए, आत्मनिर्भरता के माध्यम से 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में राष्ट्रीय सुरक्षा के सभी क्षेत्रों में योगदान देने में सक्षम होना चाहिए, तथा राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख स्तंभ तथा क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा भागीदार बने रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों के 167 अधिकारियों द्वारा प्रमुख उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जिसमें मित्र विदेशी देशों के 14 अधिकारी शामिल थे। एचडीएमसी एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसे वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को रणनीतिक दूरदर्शिता, प्रबंधन विशेषज्ञता तथा उच्च रक्षा प्रबंधन और नीति निर्माण भूमिकाओं के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है। सेना प्रमुख ने भावी रणनीतिक नेताओं को सशस्त्र बलों के परिवर्तन से लेकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में भूमिका और जिम्मेदारियों तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर संबोधित किया। उन्होंने स्नातक अधिकारियों को कल्पनाशील होने और अपनी क्षमता को दिशा देने के लिए दृष्टिकोण और अनुकूलनशीलता विकसित करने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सत्य, विश्वास और पारदर्शिता के सिद्धांतों को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मान के प्रतीक के रूप में, सेना प्रमुख ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेधावी अधिकारियों को सम्मानित किया, उनके अनुकरणीय योगदान और शैक्षणिक उत्कृष्टता को स्वीकार किया। समापन समारोह में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, संकाय सदस्यों और विशिष्ट अतिथियों ने इस अवसर के महत्व को रेखांकित किया।

सुरंग में फंसे लोगों के लिए बचाव अभियान तेज, सुरंग में एक बार फिर कुत्ते भेजे गए

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने एसएलबीसी सुरंग दुर्घटना स्थल पर बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए विशेष अधिकारी शिव शंकर लोथेटी (आईएएस) को नियुक्त किया है। इस मौके पर शिवशंकर लोथेटी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की राहत टीमें 34 दिनों से लगातार राहत कार्यों में हिस्सा ले रही हैं, हर दिन तीन शिफ्ट में 600 कर्मचारी शामिल हैं और राहत टीमों के बीच पूर्ण समन्वय के साथ राहत अभियान तेजी से चल रहा है। बताया गया कि सुरंग हादसे के दिन से ही बचाव कार्य लगातार जारी है, बचाव अभियान के तहत समय-समय पर सुरंग में मौजूद टीबीएम पार्ट्स जैसी मिट्टी को हटाया जा रहा है और बचाव अभियान में तेजी लाई जा रही है, साथ ही दोगुनी बचाव टीमों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरंग के अंदर बचाव कार्यों द्वारा छोड़े गए अपशिष्ट पदार्थ को समय-समय पर लोको ट्रेन द्वारा बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि उच्च क्षमता वाले पंपों द्वारा निरंतर झरने के पानी को बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों में भाग लेने वाले राहत कर्मियों को आवश्यक भोजन, आवास, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और लगातार निगरानी की जा रही है।

पटना में ईडी की बड़ी कार्रवाई

भवन निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर के घर छापेमारी, एएसआई संजीव हंस से जुड़ा है मामला

पटना, 27 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बड़ी कार्रवाई जारी है। ईडी ने भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता के पटना स्थित निजी आवास पर छापेमारी की है। यह रेड संजीव हंस मामले से जुड़ी बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की टीम सुबह से ही मुख्य अभियंता के घर दस्तावेजों की जांच कर रही है। अधिकारियों ने उनके बैंक खातों, संपत्तियों और अन्य वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया है। छापेमारी के दौरान कई अहम दस्तावेज जब्त किए जाने की खबर है।

बताया जा रहा है कि यह छापेमारी संजीव हंस मामले से जुड़ी है, जिसमें कथित रूप से बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की बात सामने आई थी। जांच एजेंसियों को संदेह है कि मुख्य अभियंता का इस घोटाले से सीधा संबंध हो सकता है। ईडी की टीम अभी भी मौके पर मौजूद है और मुख्य अभियंता से पूछताछ की जा रही है। छापेमारी के बाद भ्रष्टाचार से जुड़े अन्य बड़े नामों का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

हाईकोर्ट में पेश प्रोफेसर मां बोली भरण-पोषण की मांग करते हुए मेरठ के परिवार न्यायालय में मुकदमा लड़ रहे हैं

पिता ने बच्चों को बना रखा है बंधक

प्रयागराज, 27 मार्च (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की फटकार के बाद अदालत में पेश हुई प्रोफेसर मां बोली पिता ने पिता ने बच्चों को बंधक बना रखा है। कोर्ट ने डीजीपी को लखनऊ पुलिस कमिश्नर से लेकर चौकी इंचार्ज तक की कार्यशैली पर तलब जांच रिपोर्ट चार हफ्ते में महानिबंधक के कार्यालय को सौंपने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला की अदालत ने मेरठ उन दो नाबालिग बच्चों की याचिका पर दिया है, जिन्होंने लखनऊ में रह रही मां को अदालत में बुलाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पिता संग रह रहे बच्चे प्रोफेसर मां से भरण-पोषण की मांग करते हुए मेरठ के परिवार न्यायालय में मुकदमा लड़ रहे हैं। नोटिस के बावजूद

मां के नहीं आने पर परिवार न्यायालय ने विज्ञापन छपवाने का आदेश दिया था। पैसे के अभाव में बच्चे हाईकोर्ट पहुंच गए। बच्चों के अधिवक्ता रजत एरन ने दलील दी कि पिता की आमदनी कम है, जबकि छह साल से अलग रह रही मां देहरादून में प्रोफेसर है। लिहाजा, वह उन्हें मां से भरण पोषण दिलाया जाएं। लेकिन मां कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहीं। इससे परिवार न्यायालय में लंबित मुकदमा निस्तारित नहीं हो पा रहा है। बच्चों की गुहार पर कोर्ट ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को दो बार मां को हाईकोर्ट में हाजिर करने का आदेश दिया। कोर्ट ने पाया था कि आदेश को पढ़े व समझें बिना पुलिस अधिकारी आदेश को एक टेबल से दूसरे टेबल तक भेजते रहे। लेकिन मां को पेश नहीं कर सके। खफा कोर्ट ने मां को 25 मार्च तक हाजिर करने का आदेश देते हुए लखनऊ पुलिस कमिश्नर से लेकर चौकी इंचार्ज तक की कार्यशैली पर डीजीपी से रिपोर्ट तलब की थी। कोर्ट की फटकार के बाद लखनऊ पुलिस ने मां को अदालत में पेश किया। अदालत पहुंची प्रोफेसर मां ने अपनी सफाई पेश की। कहा कि बच्चें अपनी मर्जी से पिता के साथ नहीं है। पिता ने उन्हें बंधक बना रखा है। वहीं, डीजीपी की ओर से बताया गया कोर्ट के आदेश पर लखनऊ के पुलिस कमिश्नर से लेकर चौकी प्रभारी चिनहट तक की जांच जारी है। न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण बच्चों के अधिवक्ता अदालत में पेश नहीं हुए। लिहाजा, कोर्ट ने मां को फिर से अदालत में मौजूद रहने का हिदायत देते हुए मामले में सात अप्रैल की तारीख नियत कर दी।

पटना में हार्डकोर नक्सली रामइकबाल मोची गिरफ्तार

बिहार-झारखंड में आतंक का था मास्टरमाइंड

पटना, 27 मार्च (एजेंसियां)। बिहार एसटीएफ और पटना जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात नक्सली रामइकबाल मोची उर्फ मधिर दास उर्फ अलीमानको पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है. यह नक्सली पटना, अरवल, जहानाबाद, नवादा समेत झारखंड के लातेहार में 20 से अधिक मामलों में वांछित था.

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में था शामिल

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2019 में नवादा के रजौली थाना क्षेत्र के दिबौर घाटी में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में भी यह शामिल था. इसके अलावा, पटना जिला के खिरिमोड़ थाना क्षेत्र में कोडिहरा गांव के पास सड़क निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी में आग लगाने की वारदात में भी इसकी संलिप्तता थी.

नक्सली गतिविधियों का मास्टरमाइंड

गिरफ्तार नक्सली मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दिधमा निवासी स्व. चंद्रदीप रविदास का पुत्र है. वह लंबे समय से बिहार और झारखंड में नक्सली गतिविधियों को अंजाम दे रहा था. इसके खिलाफ अलग-अलग जिलों के कई थानों में नक्सल संबंधित संगीन मुकदमे दर्ज हैं. पटना पुलिस ने इसे बड़ी कामयाबी करार देते हुए कहा कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में नक्सली नेटवर्क को कमजोर करने में मदद मिलेगी. पुलिस अब इसके अन्य साथियों और गुप्त ठिकानों की तलाश में जुटी है.

रामजीलाल सुमन के घर हमले के मामले में दो एफआईआर दर्ज, बेटे ने कहा- घर में हुई लूट

आगरा, 27 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा में समाजवादी पार्टी सांसद रामजीलाल सुमन के घर तोड़फोड़ के प्रकरण में दो एफआईआर दर्ज हुई है। एक एफआईआर सांसद के बेटे और दूसरी पुलिस ने दर्ज कराई गहै। राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर बवाल के बाद थाना हरी पर्वत पर मुकदमा दर्ज हुआ है। सांसद रामजीलाल के बेटे ने घर में तोड़फोड़ एवं लूट का मुकदमा दर्ज कराया है। रणदीप सुमन ने बताया कि अनियंत्रित भीड़ ने जान से मारने की नीयत से हमला किया। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए सुनियोजित हमला किया। एफआईआर में गाड़ी के शीशे

तोड़कर पर्स, नगदी एवं सामान लूटने की बात कही गई है। उपद्रव के दौरान रामजीलाल सुमन के कई समर्थकों को चोट भी आई है। उधर पुलिस द्वारा ओकेंद्र राणा के नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। रामजीलाल सुमन के द्वारा राणा सांगा पर दिए गए बयान के बाद राजपूत समाज में आक्रोश था।

सुमन के खिलाफ एमपी एमएलए कोर्ट में वाद दायर

उधर, राणा सागर पर दिए विवादित बयान पर रामजीलाल सुमन के विरुद्ध अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (भारत)के राष्ट्रीय महासचिव दलबीर सिंह तोमर ने एमपी एमएलए कोर्ट में वाद दायर किया है। दलबीर सिंह तोमर ने सपा सांसद के बयान पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा सदन में दिए गए बयान से पूरे हिंदू समाज को ठेस पहुंची है। इस बयान को लेकर उन्होंने फिरोजाबाद में प्राथमिक की दर्ज करने के लिए तहरीर भी दी थी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। अब उन्होंने एमपी एमएलए कोर्ट की शरण ली है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (भारत) के राष्ट्रीय सचिव दलवीर सिंह तोमर ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की संसद में राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी के विरोध में बुधवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम (एमपीएमएलए कोर्ट) में परिवाद दायर किया है। कोर्ट ने बयान दर्ज के लिए 22 अप्रैल की तिथि तय की है।

नाबालिग लड़की को पहले मिलने बुलाया

फिर दोस्त के साथ मिलकर किया अपहरण, कब्रिस्तान में ले जाकर किया रेप

गाजियाबाद, 27 मार्च (एजेंसियां)। गाजियाबाद में एक नाबालिग का कथित तौर पर अपहरण कर दो व्यक्ति उसे कब्रिस्तान ले गए और उससे दुष्कर्म किया। आरोपियों में से एक पीड़िता का परिचित है। पुलिस ने यह जानकारी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने इजराइल और अशरफ के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना मोदीनगर के निवाड़ी क्षेत्र में अपराह्न की है जब एक आरोपी ने लड़की को पानी की टंकी के पास बुलाया और पीड़िता के वहां पहुंचने पर आरोपी तथा उसका मित्र जबरन उसे मोटरसाइकिल पर बैठकर कब्रिस्तान ले गए। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी ने नाबालिग से कथित तौर पर दुष्कर्म किया,

शाहजहांपुर में पिता ने 4 बच्चों की हत्या की:फिर खुद फांसी पर लटका

शाहजहांपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। शाहजहांपुर में पिता ने 4 बच्चों की सोते वक्त हत्या कर दी। इसके बाद खुद फांसी पर लटककर सुसाइड कर लिया। वारदात के वक्त पत्नी मायके गई थी। पिता ने इतनी बेरहमी से बच्चों की हत्या की कि शव देखकर पुलिसवाले तक सहम गए। पूरे कमरे में खून बिखरा हुआ था। 3 बच्चियों और एक बेटे का शव चारपाई पर पड़ा था। सभी की गर्दन कटी हुई थी। पास में ही चापड़ रखा था। उसी कमरे में फंदे पर पिता का शव लटका हुआ था। वारदात घटना रोजा थाना क्षेत्र के मानपुर चकरी गोटिया गांव की है। एसपी सिटी देवेंद्र सिंह ने बताया- पिता का नाम राजीव कुमार है। पिता ने बेटी स्मृति (12), कीर्ति (9) और प्रगति (7) और बेटे रिषभ (11) की सोते वक्त हत्या की है। फिर खुद सुसाइड कर लिया। हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की है। वारदात के वक्त घर में पिता और 4 बच्चे ही थे। राजीव के पिता पृथ्वीराज ने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर थोड़ी दूर खेत में सोता था। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे घर पहुंचे तो गेट अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज लगाई, लेकिन गेट नहीं खुला। इसके बाद पड़ोसियों को बुलाया। दीवार फांदकर अंदर गया तो कमरे में चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। चारों बच्चों की खून से लथपथ लाश चारपाई पर पड़ी हुई थी। जबकि राजीव फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने बताया कि बहू एक दिन पहले ही मायके गई थी। पिता पृथ्वीराज ने बताया कि एक साल पहले राजीव का एक्सीडेंट हो गया था। इसमें सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई थी। इसके बाद से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। बीच-बीच में दौरे आते थे। वह अपना आपा खो देता था। लेकिन, ऐसी खौफनाक घटना कर देगा। इसका अंदाजा बिल्कुल नहीं था। एसपी सिटी योगेंद्र ने बताया कि हत्या के बाद सुसाइड का मामला है। फोरेंसिक टीम ने जांच की है। हत्या में इस्तेमाल बांका बरामद कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि हत्यारोपी राजीव की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। बच्चों की मां को सूचना दे दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

सीएम योगी पर यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय का पलटवार, कहा- वो गेरुआ पहन कर झूठ बोल रहे

लखनऊ, 27 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से रमजान के दौरान मुस्लिम समाज को सौगात ए मोदी नामक किट देने का फैसला किया गया है। अब इसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने जमकर जुबानी हमला बोला है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एबीपी न्यूज से बातचीत के दौरान कहा कि यह सौगात ए मोदी नहीं है झूठ ए मोदी है। मोदी जी झूठ बोलने के माहिर है जिस प्रकार से काला धन और 2 करोड़ रोजगार को लेकर बोला गया था ठीक उसी तरह यह सौगात भी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि- उत्तर प्रदेश की सरकार ने दावा किया कि यह हिंदुओं की सरकार है। मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित होने का भी या दावा किया जा रहा हैं। सही मायने में तो उत्तर प्रदेश में हिंदू ही सुरक्षित नहीं है। अयोध्या से लेकर बलिया तक हुई घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि - हिंदुओं से जुड़ी हुई धार्मिक स्थल पर ऐसी घटनाएं हुई, जो हैरान करने वाली रही । इसीलिए कहूंगा कि योगी जी गेरुआ पहनकर क्यों झूठ बोल रहे हैं। संभल के सीओ अनुज चौधरी एक बार फिर सेवई गुजिया के बयानों को लेकर चर्चा में है। पलटवार करते हुए अजय राय ने कहा कि सरकार द्वारा पोषित सीओ है। मुख्यमंत्री से निर्देश मिलता है और वह ऐसी बात बोलते हैं। वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा काशी में बीजेपी के 2027 में बड़ी जीत वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि - पहले केशव प्रसाद मौर्य यह बता दे कि वह सिराथू क्यों हार गए। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ के सबसे ज्यादा प्यारे केशव प्रसाद मौर्य हैं और उन्हें कुर्सी त्याग कर केशव प्रसाद मौर्य को सीएम बना देना चाहिए। वहीं अपनी तैयारी को लेकर कहा कि हम 403 विधानसभा के लिए बूथ से लेकर ब्लॉक मंडल से लेकर पंचायत तक तैयारी कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता अभी संगठन सृजन की है। गठबंधन को लेकर आने वाले समय में हम निर्णय लेंगे।

5 साल तक रिश्ता रखा, शादी से मुकरा आर्मी जवान

बेतिया, 27 मार्च (एजेंसियां)। बगहा पुलिस जिला के बथुवरिया थाना क्षेत्र में एक दलित युवती ने स्थानीय निवासी और आर्मी जवान रिशु वर्णवाल पर शादी का झांसा देकर पांच वर्षों तक शारीरिक शोषण करने और फिर शादी से इनकार करने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि जब उसने शादी की बात की, तो आरोपी और उसके परिवारवालों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। पीड़िता ने बताया कि रिशु वर्णवाल ने विगत पांच वर्षों से उसे शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान वह लगातार शादी का वादा करता रहा, लेकिन जब उसकी आर्मी में नौकरी लग गई, तो उसके घरवालों ने किसी और लड़की से शादी तय कर दी।

उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता ने लगाई परिवार की सुरक्षा वापस दिलाने की गुहार, बोली- जमानत पर है अधिकांश आरोपी

उन्नाव, 27 मार्च (एजेंसियां)। माखी दुष्कर्म कांड में पीड़िता के परिवार व अन्य की सीआरपीएफ सुरक्षा हटाए जाने के बाद दिल्ली से पीड़िता ने एक वीडियो जारी किया है। उसने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि उसके केस के अधिकांश दोषी जमानत पर हैं। उसका भाई महज 11 वर्ष का है। सुरक्षा हटने के बाद कभी भी उसकी जान को खतरा हो सकता है। केस के गवाह व अन्य मददगारों को भी सुरक्षा हटने के बाद जान का खतरा हो सकता है। उसने सुप्रीम कोर्ट से सुरक्षा को बहाल किए जाने की मांग की है। सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर का नाम लेते हुए पीड़िता ने कहा कि वह बाहुबली हैं। जेल में रहते हुए उसके पिता की हत्या कर दी गई थी। अब परिवार में उसका 11 वर्षीय भाई ही घर का चिराग है। सुप्रीम कोर्ट ने परिवार की भी सुरक्षा हटा ली है। कहा कि जैसे उसके पिता को मरवा दिया गया, उसके भाई, मां समेत अन्य को भी मार दिया जाएगा। सुरक्षा हटने के बाद परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उसने वीडियो जारी कर सुप्रीम कोर्ट से सभी की सुरक्षा वापस करने की मांग की है। निजी विद्यालय के शिक्षक से ट्यूशन न पढ़ने पर कक्षा आठ के छात्र की पिटाई के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर पिता ने अब जनसुनवाई का सहारा लिया है। ग्राम रबड़ी निवासी देवी प्रसाद ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर बताया है कि उसका बेटा शिवजीत और बेटी आकांक्षा नगर के बाल विद्या मंदिर में कक्षा आठ और कक्षा पांच में पढ़ते हैं। 18 दिसंबर को ट्यूशन पढ़ने के लिए दबाव बनाने को लेकर नगर के मुहल्ला बजरिया निवासी शिक्षक रवि दीक्षित ने उसके बेटे विश्वजीत की लात-घूंसों से पिटाई कर दी थी। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने शिक्षक समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं अब तक कोई कार्यवाही न होने पर उसने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है

इंस्टाग्राम पर बातचीत, मेले में मुलाकात, लड़की इंटर में फर्स्ट डिविजन, लड़का करता है मजदूरी; मंदिर में रचाई अनोखी शादी

मधुबनी, 27 मार्च (एजेंसियां)। जान-पहचान, दोस्ती, मुलाकात, बातचीत, प्रेम और फिर शादी तक का सफर। प्रेम प्रसंग का ये मामला बिहार के मधुबनी जिले के पंडौल थाना क्षेत्र का है, जहां काली मंदिर में एक युवक और युवती ने बिना किसी पंडित, बाराती या सराती के विवाह के बंधन में बंधने का फैसला किया। दिलचस्प बात ये है कि लड़की जहां इंटर में फर्स्ट डिविजन पास है, तो वहीं लड़का पढ़ा-लिखा नहीं है, मजदूरी करता है। मामला मंगलवार दोपहर का है, जब पंडौल थाना क्षेत्र से लगभग 500 गज की दूरी पर स्थित काली मंदिर में लोग इस जोड़े की शादी को देखने के लिए जुटे थे। युवक और युवती ने काली मां को साक्षी मानकर शादी रचा ली। इस खास मौके पर युवक के कुछ दोस्त और आस-पास की महिलाएं खड़ी होकर इस शादी की गवाह बनीं। दूल्हा, 23 वर्षीय रोशन कुमार दास सकरी थाना क्षेत्र के भवानीपुर का निवासी है, तो वहीं दुल्हन 19 वर्षीय मनीषा कुमारी रहीका थाना क्षेत्र की रहने वाली है।

लखनऊ में आश्रय केंद्र के 4 बच्चों की मौत

खाना खाने के बाद 35 की तबीयत बिगड़ी 20 गंभीर; डीएम ने दिए जांच के आदेश

लखनऊ, 27 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ में निर्वाण आश्रय केंद्र में 4 बच्चों की मौत हो गई। इनमें 2 बच्चियां हैं। यहां के 35 बच्चों को उल्टी-दस्त होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। 20 बच्चों की हालत अभी भी गंभीर है। बच्चों की मौत की जानकारी मिलते ही प्रशासन में हडकंप मच गया। बुधवार रात 8 बजे डीएम विशाख जी। और सीएमओ डॉ।एनबी सिंह लोकबंधु हास्पिटल पहुंचे। डीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। गुरुवार सुबह 9 बजे कमिश्नर रोशन जैकब और प्रमुख सचिव लीना जौहरी लोकबंधु हॉस्पिटल पहुंची। बच्चों से बातचीत की। आश्रय केंद्र के पानी की जांच करने के आदेश दिए। बच्चों के बीमार होने की शुरुआती वजह फूड पॉइजनिंग बताई जा रही है। लोकबंधु अस्पताल के सीएमएस डॉ। राजीव दीक्षित ने बताया कि बच्चों में पानी की कमी थी। सभी में डायरिया के लक्षण मिले हैं। निर्वाण आश्रय केंद्र पारा इलाके के बुद्धेश्वर में बना हुआ है। यह सरकार की मदद से पीपीपी मॉडल पर संचालित है। यहां मानसिक कमजोर यानी विमंदित अनाथ बच्चों को रखा जाता है। अभी यहां 146 बच्चे और बच्चियां हैं। ज्यादातर की उम्र 10 से 18 साल के बीच है।

अब जानिए पूरा घटनाक्रम

23 मार्च को रात में खाना खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। 23 मार्च से 26 मार्च के बीच बाल गृह से बच्चों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें 2 बच्चियों की उपचार के दौरान मौत हो गई हैं। इसके अलावा गोपाल और लकी को गंभीर हालत के चलते केजीएमयू रेफर किया कर दिया गया। ठाकुरगंज टीबी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ।एसपी सिंह ने बताया कि यहां कुल 6 बच्चे लाए गए थे। सभी की हालत गंभीर थी। पल्स लगभग न के बराबर थी। बाद में रिकवर किया गया, फिर निर्वाण के स्टॉफ की रिक्वेस्ट पर 5 बच्चों को लोकबंधु रेफर कर दिया था। 15 साल के शिवांक की 24 तारीख को ही शाम 4 बजे के करीब मौत हो गई थी। 4 बच्चों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई।

गया में एएसआई ने सर्विस रिवाल्वर से की आत्महत्या

गया, 27 मार्च (एजेंसियां)। गया पुलिस लाइन में तैनात एएसआई नीरज कुमार ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। घटना देर रात की है। सुबह साथी पुलिसकर्मियों ने लॉन में उनकी लाश देखी तो हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, नीरज कुमार मूल रूप से लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के श्रृंगारपुर गांव के रहने वाले थे। वह पिछले डेढ़ साल से मुफस्सिल थाना में तैनात थे। हाल ही में 39 दिन की छुट्टी काटकर मंगलवार को ड्यूटी जॉइन की थी। उन्होंने थाने के इंस्पेक्टर को फोन कर ड्यूटी देने की बात कही थी।

पुलिस लाइन में रहने वाले जवानों ने बताया कि रात में सभी क्रिकेट मैच देख रहे थे। मैच खत्म होने के बाद सब सोने चले गए। सुबह उठे तो लॉन में नीरज कुमार की खून से सनी लाश पड़ी थी। सिर में गोली लगी थी। पास में ही सर्विस रिवाल्वर पड़ी थी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसएसपी आनंद कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। डीएसपी धर्मवीर भारती ने बताया कि मृतक के परिवार को खबर दे दी गई है। वह रास्ते में हैं। उनके पहुंचने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस ने सर्विस रिवाल्वर जब्त कर ली है।

अखिलेश बोले: राणा सांगा की वीरता पर नहीं उठाया कोई सवाल

डिंपल ने भी खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

लखनऊ, 27 मार्च (एजेंसियां)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करती है। हम कमजोर से कमजोर व्यक्ति को भी सम्मान दिलाना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी मेवाड़ के राजा राणा सांगा की वीरता और राष्ट्रभक्ति पर कोई सवाल नहीं कर रही है। भाजपा ने इतिहास के कुछ विषयों को सदैव राजनीतिक लाभ उठाने के लिए और देश को धार्मिक-जातिगत आधार पर विभाजित करने के लिए इस्तेमाल किया है। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि हमारे सांसद ने सिर्फ एकपक्षीय लिखे गए इतिहास और एक पक्षीय की गई व्याख्या का उदाहरण देने की कोशिश की है। हमारा कोई भी प्रयास राजपूत समाज या किसी अन्य समाज का अपमान करना नहीं है। आज के समय में इतिहास की घटनाओं की व्याख्या नहीं की जा सकती। अखिलेश यादव ने कहा कि इतिहास की घटनाओं के आधार पर आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चल सकती। भाजपा सरकार को अपनी भेदकारी नीतियों में सुधारकर जनता के रोजी-रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कुछ ध्यान देना चाहिए।

यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं : डिंपल यादव

मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं है। अगर हम उत्तर प्रदेश के हालात देखें तो यहां सड़क पर बम फट रहे हैं और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सांसद रामजी लाल सुमन के साथ जो घटना घटी है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। डिंपल यादव ने दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि उपद्रव के समय शासन-प्रशासन जानबूझकर समय से कदम नहीं उठाते हैं। सरकार के ही इशारे पर यह सब हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा गड़े मुर्दे उखाड़ रही है। इससे उनकी नीति और नीयत दोनों का पता चलता है। बेकारी, महंगाई और शिक्षा की दुर्दशा जैसे ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ही यह सब किया जा रहा है। लाखों-करोड़ो के एमओयू साइन होने का दावा है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिख रहा है।

संदिग्ध पौधे मिलने पर हड़कंप, जांच कमेटी गठित; पुलिस ने आठ घंटे का दिया अल्टीमेटम

रोहतक, 27 मार्च (एजेंसियां)। रोहतक में दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) में एक प्रजाति विशेष के पौधे मिलने से हड़कंप मच गया। छात्रों द्वारा पौधों की प्रकृति पर संदेह जताने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठितकर दी है।

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि ये पौधे नशे से संबंधित हो सकते हैं और उनकी विस्तृत जांच करवाई जानी चाहिए। विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस, विजुअल आर्ट विभाग के सामने बने पार्क और नर्सरी में ये संदिग्ध पौधे पाए गए।

छात्रों ने मांग की है कि इस मामले की जांच नारकोटिक्स विभाग से करवाई जाए और तुरंत एफआईआर दर्ज करवाई जाए।

'शिवाजी का पराक्रम देश का सम्मान है, लेकिन मुगलों का सम्मान बीजेपी वाले करते हैं '

सीएम योगी के बयान पर संजय सिंह का पलटवार

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह आज (27 मार्च) को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर जोरदार हमला बोला है। आप नेता ने सीएम योगी के 'आगरा शिवाजी महाराज से है' वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है। शिवाजी का पराक्रम देश का सम्मान है। मुगलों का सम्मान बीजेपी वाले करते हैं, उनको ज्यादा चिंता रहती है। संजय सिंह ने कहा, उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। पीएम मोदी और सीएम योगी के सामूहिक नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार चल रही है। डबल इंजन सरकार को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। नौजवानों के लिए रोजगार नहीं है, लेकिन बंपर ऑफर में एक के बदले एक शराब की बोतल फ्री दी जा रही है। आज बीजेपी के नेताओं के मुंह से एक शब्द नहीं निकल रहा है। इसके अलावा न पीएम मोदी न सीएम योगी बोल रहे हैं कि एक के बदले एक शराब की बोतल शराब का घोटाला है। उन्होंने कहा, दिल्ली में जिस चीज को हमारी सरकार ने आदेश जारी करके रोका कि किसी को भी एक पर एक फ्री शराब बोतल बेचने की इजाजत नहीं है, उसके बावजूद केस बनाकर हमारी सरकार को बदनाम किया गया और इसे शराब घोटाला कहा गया। वहीं उत्तर प्रदेश के नोएडा, हापुड़, मुजफ्फरनगर में खुलेआम एक पर एक बोतल फ्री शराब बिक रही है। यह एक बड़ा घोटाला है, लेकिन इस पर न ईडी बोल रही है न सीबीआई, न योगी न मोदी, न आरएसएस का कोई प्रवक्ता बोल रहा है।

इनके पूर्वजों ने अंग्रेजों का साथ दिया था

सीएम योगी के 'आगरा शिवाजी महाराज से है' वाले बयान पर संजय सिंह ने पलटवार करते हुए कहा, इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है। शिवाजी का पराक्रम देश का सम्मान है। मुगलों का सम्मान बीजेपी वाले करते हैं, उनको ज्यादा चिंता रहती है। दिन रात मुगलों की बात करते हैं। अंग्रेजों की क्रूरता पर ये लोग बात नहीं करते हैं, वो इसलिए क्योंकि इनके पूर्वजों ने इनकी गुलामी की है। उनके पूर्वजों ने भारतीय झंडे का अपमान किया है। इनके लोगों ने अंग्रेजों का साथ दिया था। मुगलों के बारे में पढ़ाइए, लेकिन अंग्रेजों के साथ इनके क्या संबंध थे इस पर भी ये लोग बताएं।

बीजेपी नेताओं के इस बयान पर भड़के संजय सिंह

बीजेपी नेताओं के बयान मीट की दुकान बंद कराने और खुले में नमाज न पढ़ने को लेकर संजय सिंह ने कहा, यह ड्रामा और नौटंकी बीजेपी वालों को बंद करना चाहिए। एक तरफ पीएम मोदी कतर के शेखों को कुंभ में बिछड़े भाई की तरह गले लगाते हैं, किट बंटवाते हैं, सौगात-ए-मोदी देते हैं और दूसरी तरफ मीट की दुकानें बंद करने की बात करते हैं।

'हिम्मत है तो केएफसी क्यों नहीं बंद करा देते'

उन्होंने कहा, हिम्मत है तो केएफसी क्यों नहीं बंद करा देते। पीएम मोदी सभी एंबेसी में मीट बैन करा दें। दारू क्यों नहीं बंद करा देते हैं। बीजेपी वाले बहुत कन्फ्यूजन में हैं। आरएसएस मुस्लिम भाइयों के साथ इफ्तार पार्टी कर रही है। केंद्र के मंत्री और एनडीए के उनके सहयोगी इफ्तार पार्टी करा रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री इफ्तार पार्टी में शामिल हो रही हैं और बीजेपी के लोग मुसलमानों को गाली दे रहे हैं। गले मिलना है या गाली देना है यह तो पहले तय कर लो।

मुंबई में पहली बार बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर गिरफ्तार पहचान और लिंग बदलकर रहते थे आरोपी

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई में पहली बार 8 बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर्स को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग पहचान और लिंग बदलकर मुंबई में रह रहे थे। पुलिस शहर में बांग्लादेशी नागरिकों को ढूंढ रही थी, लेकिन पुलिस से बचने के लिए यह किन्नर बनकर रहते थे। ये सभी बांग्लादेशी नागरिक मुंबई में 5 सालों से रह रहे थे। भारत में अवैध रूप से रह रहे ये आरोपी कलाकार (नृत्य कलाकार) के रूप में काम करते थे और वैध दस्तावेजों के बिना यहां रह रहे थे, इन आरोपियों ने अपने नाम, पहचान और कुछ मामलों में अपना लिंग भी बदल लिया था, जिससे वे अन्य नागरिकों से अलग दिखते थे। मुंबई की शिवाजी नगर पुलिस ने रफीक नगर इलाके में जाल बिछाकर कर इन आठ ट्रांसजेंडर बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार किया। दरअसल, पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने जांच में पाया कि ये सभी बांग्लादेश सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया।

फर्जी कागजातों से बनाए पहचान पत्र मुंबई की शिवाजी नगर पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी वेश्यावृत्ति, धोखाधड़ी और ग्राहकों को ठगने और लूटने के मामलों में भी शामिल थे। मुंबई में यह पहली बार हुआ है जब ट्रांसजेंडर के रूप में रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जांच में पाया कि ये सभी पुरुष हैं और अपनी पहचान छुपाने के लिए ट्रांसजेंडर बन कर रहते थे।

एमपी में कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह का विवादित बयान सांड से कर दी साधु-संत और महामंडलेश्वर की तुलना

भोपाल, 27 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस के नेता एक बार फिर अपने विवादित बयान के कारण चर्चा में हैं। मध्य प्रदेश के सतना जिले में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान अमरपाटन विधायक डॉ। राजेंद्र कुमार सिंह ने एक विवादित बयान दे दिया है। उन्होंने अपने संबोधन में साधु-संतों, सन्यासियों और महामंडलेश्वरों की तुलना सांड से कर दी। उन्होंने कहा, साधु-संत, सन्यासी बाबा बैरागी और महामंडलेश्वरों को छोड़ दिया जनता के बीच। कहा जाओ हिंदुत्व की बात करो, बीजेपी का प्रचार करो, सनातन की बात करो और ये सांड चर रहे दूसरों के खेत। उनके इस बयान से राजनीतिक हलकों में बवाल मच गया है। विधायक राजेंद्र सिंह ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि अब यह पार्टी पहले जैसी नहीं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सिर्फ अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाने में लगी है। उन्होंने राम मंदिर और कुंभ मेले को लेकर भी बयान दिया और कहा, हल्ला मचाया गया कि 60-70 करोड़ लोग कुंभ नहाने गए, लेकिन असल में यह संख्या 10-12 करोड़ से अधिक नहीं थी। मैं खुद एक विज्ञान का विद्यार्थी हूं और तथ्यों को जानता हूं। उन्होंने आगे कहा, भारत की पहचान धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और संवैधानिक संस्थाओं की मजबूती से है, लेकिन आज यह सबकुछ चरमरा रहा है। यह एक बहुत बड़ी चुनौती बन चुकी है। जिसे मंज़िल समझ रहे हो जीतू भाई, वह केवल बसेरा है। मशाल जलाओ, अभी बहुत अंधेरा है।

इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद थे। राजेंद्र सिंह ने अपने भाषण में यह भी कहा कि बीजेपी हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को लगातार आगे बढ़ा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी के संस्थापक नेताओं ने जिस विचारधारा की नींव रखी थी, वह अब एक बड़े वृक्ष का रूप ले चुकी है और इसे और मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं उनके इस बयान के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। वहीं, कांग्रेस की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सड़कों पर नमाज बैन को लेकर उद्धव ठाकरे का बीजेपी पर तंज- 'क्या नीतीश कुमार बिहार में भी बैन करेंगे नमाज

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजनीति में सरगर्मी तेज होती जा रही है इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने बीजेपी पर बिहार चुनाव को लेकर हमला बोला है। कहा कि यूपी में नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगा है तो बिहार में सड़क पर नमाज पढ़ने पर सवाल क्यों नहीं उठाया जाता?। उन्होंने कहा कि जो लोग हम पर हिंदुत्व छोड़ने का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें पहले अपने झंडे से हरा रंग निकालना चाहिए। ठाकरे ने बीजेपी की नीतियों पर सवाल उठाते हुए सौगात-ए-मोदी को लेकर भी तंज कसा है।

बीजेपी की चुनावी रणनीति पर सवाल

उन्होंने कहा कि यह लोग चुनाव से पहले 'एक है तो सेफ है' कर रहे थे, लेकिन अब सौगात ए मोदी और सौगात ए सत्ता का खेल खेल रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह सिर्फ बिहार चुनाव तक ही सीमित रहेगा या आगे भी जारी रहेगा? चुनाव के बाद यह सब बंद हो जाएगा। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि अब क्या भाजपा ने भी हिंदुत्व छोड़ दिया है? जिनके घर पर बुलडोजर चलाया गया, उन्हीं के घर पर सौगात लेकर कौन जाएगा? उद्धव ठाकरे ने कहा 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा देने वाले अब सौगात ए मोदी की बात कर रहे हैं। मोदी ने कहा था कि मंगलसूत्र खतरे में है, अब हिंदुओं की रक्षा कौन करेगा? जो लोग हमारे हिंदुत्व पर सवाल उठा रहे थे, वे अब क्या कहेंगे? बीजेपी को यह ऐलान करना चाहिए कि उन्होंने हिंदुत्व छोड़ दिया है।

हिंदुओं के नाम पर राजनीति का आरोप

ठाकरे ने बीजेपी पर हिंदुओं का केवल इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी हिंदुओं को सिर्फ दंगों और बलिदान के लिए इस्तेमाल कर रही है, जबकि बाकियों को सौगात दी जा रही है। उन्होंने कहा, 'यूपी में नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगा है तो बिहार में सड़क पर नमाज पढ़ने पर सवाल क्यों नहीं उठाया जाता? क्या वहां नीतीश कुमार के कारण चुप हैं? बीजेपी ने पहले जहर बांटा, अब अनाज बांट रही है। यह अच्छा है, लेकिन उन्हें यह भी साफ करना चाहिए कि उन्होंने हिंदुत्व छोड़ दिया है।' उन्होंने बीजेपी से पूछा कि आखिर वे करना क्या चाहते हैं। अंत में ठाकरे ने कहा कि बीजेपी को कामरा पर कार्रवाई करने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें यह दिखावा बंद कर देना चाहिए। साथ ही, शिवाजी महाराज का अपमान करने वालों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई, यह भी साफ करना चाहिए।

दूध में मिलावट पर महाराष्ट्र सरकार सख्त मकोका कानून लगाने की हो रही तैयारी

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने दूध में मिलावट को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। सरकार ने दूध में मिलावट पर मकोका कानून लगाने को लेकर प्रस्ताव पेश करने की बात की है। यह बैठक विधानभवन में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सरकार का कहना है कि दूध और इससे जुड़े खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट एक बेहद गंभीर मामला है, जिससे लोगों की जान को खतरा पैदा होता है। इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूध और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) के तहत कड़ी कार्रवाई करने के लिए मौजूदा कानून में जरूरी संशोधन किए जाएंगे।

अमरेली में प्राइमरी स्कूल के 25 छात्रों ने खुद को ब्लेड से किया घायल, हाथों पर किए वार

अमरेली, 27 मार्च (एजेंसियां)। गुजरात के एक प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 5 से 7 तक के करीब 25 छात्रों ने एक 'डेयर गेम' के तहत पेंसिल शार्पनर के ब्लेड से कथित तौर पर खुद को घायल कर लिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक जयवीर गढवी के अनुसार अमरेली जिले के बागसरा में मोटा मुंजियासर प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने एक दूसरे को चुनौती दी कि या तो वे खुद को चोट पहुंचाएं या ऐसा न करने पर 10 रुपये का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि करीब 20-25 छात्रों ने अपने हाथों पर ब्लेड से वार किया। जयवीर गढवी ने बताया कि मामला तब प्रकाश में आया जब एक चिंतित अभिभावक ने स्कूल प्रशासन को इसकी जानकारी दी। तत्काल अभिभावक-शिक्षकों की बैठक बुलाई गई, लेकिन बाद में अभिभावकों ने पुलिस से संपर्क करके मामले की गहन जांच की मांग की। गढ़वी ने कहा कि घटना की रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई आपराधिक इरादा नहीं पाया गया, लेकिन अगर कोई आपराधिक कृत्य सामने आता है, तो पुलिस उसके अनुसार कार्रवाई करेगी।

शिक्षा अधिकारी बोले- छात्रों की कराई जाएगी काउंसलिंग

पुलिस के एक दल ने स्कूल का दौरा किया और अभिभावकों के बयान दर्ज किए। स्कूल में लगभग 300 छात्र हैं, इसलिए अधिकारी अब छात्रों के कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सुनिश्चित करने के उपायों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी किशोर मियानी ने कहा कि छात्रों की काउंसलिंग कराई जाएगी।

शिक्षकों और अभिभावकों के साथ भी की जाएगी चर्चा

जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी किशोर मियानी ने कहा, ''हम घटना के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों को समझने के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के साथ चर्चा करेंगे। छात्रों को (खुद को चोट पहुंचाने के लिए) प्रेरित करने वाले स्रोत या कारक को समझना महत्वपूर्ण है। हम यह जानने की कोशिश करेंगे कि वे ऐसा करने के लिए कैसे प्रेरित हुए।''

पार्षद ने नाले की सफाई का उठाया मुद्दा तो बीजेपी ने थमा दिया नोटिस

वडोदरा, 27 मार्च (एजेंसियां)। वडोदरा में बीजेपी ने अपने वार्ड सदस्य आशीष जोशी को अनुशासनहीनता को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें यह नोटिस तब जारी किया है जब जनरल बोर्ड मीटिंग के दौरान उन्होंने म्युनिसिपल कमिश्नरल दिलीप राणा से अपने वार्ड में नालों की सफाई को लेकर बहस की थी।रिपोर्ट के मुताबिक आशीष जोशी को जवाब देने के लिए तीन दिन का वक्त दिया गया है। आशीष जोशी और दिलीप राणा के बीच गर्मागरम बहस देखी गई थी। क्योंकि आशीष जोशी ने अपने वार्ड में नाले से बरसाती पानी की सफाई पर आक्रामक रुख अपनाया था। आशीष जोशी ने कहा कि जनवरी से वह इस मुद्दे को उठा रहे हैं लेकिन म्युनिसिपल कमिश्नर समेत नगर निगम के अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि लंबे समय से नाले से बरसाती पानी को साफ नहीं किया गया है और जो कि मानसून में इलाके में बाढ़ का मुख्य कारण है। दोनों के बीच हुई बहस के बाद मेयर पिंकी सोनी ने इलाके का आशीष जोशी के साथ दौरा किया और वडोदर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को निर्देश दिया कि वे जल्द नाले की सफाई करे। सोमवार को हुई बहस के अगले दिन मंगलवार को नगर निगम के अधिकारी मेयर से मिले और शिकायत की कि आशीष जोशी ने म्युनिसिपल कमिश्नर का अपमान किया है लिहाजा उनसे माफी मंगवाई जाए। इसके बाद आशीष जोशी ने कहा कि वह अपनी पक्ष पार्टी के सामने रखेंगे। नोटिस पर आशीष जोशी ने कहा, "मैंने कोई कारण बताओ नोटिस नहीं देखा लेकिन मैं मानता हूं कि नवनिर्वाचित सिटी चीफ जय प्रकाश सोनी ने मेरा पक्ष रखने का मुझे मौका दिया है।

इस ग्राम पंचायत में कमीशनखोरी के लिए पारित हुआ प्रस्ताव, मच गया हंगामा, हाई कोर्ट ने भेजा नोटिस

भोपाल, 27 मार्च (एजेंसियां)। वैसे तो अपने देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी अक्सर अपने भाषणों में कहा करते थे कि मैं दिल्ली से यदि 1 रुपए भेजता हूं तो आम जनता तक दस पैसा ही पहुंचता है। बाकी का पैसा अधिकारी और नेताओं के बीच कमीशन की भेंट चढ़ जाता है तो क्या वाकई मध्यप्रदेश में ऐसा ही हो रहा है? यहां अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत सलारगोड़ी में कमीशनखोरी के लिए प्रस्ताव पारित कर लिया गया है। इस घटना को जानकर हर कोई हैरान है। आइए जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

कमीशन के लिए नियम बना लिया गया

देश के पीएम हों या मध्यप्रदेश के सीएम दोनों ही मध्य प्रदेश के विकास के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं और प्रदेश के विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं होने दे रहे हैं। सरकार देश के छोटे से छोटे गांव को विकसित करने का प्रयास कर रही है। लेकिन ग्राम पंचायत स्तर पर बैठे जनप्रतिनिधियों को प्रदेश के विकास से कोई लेना देना नहीं है। वो तो पहले अपना विकास देखते हैं और अपनी सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर बाकायदा आदेश तक पारित करा लिया जाता है। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत सलारगोड़ी में भ्रष्टाचार का खेल ऐसा है कि कमीशन के लिए नियम ही बना लिया गया है।

भ्रष्टाचार की राशि के बंटवारे का फॉर्मूला

सलारगोड़ी ग्राम पंचायत ने ग्राम सभा में इसे लेकर प्रस्ताव पास कर दिया है। सरपंच, उप सरपंच और पंचों ने भ्रष्टाचार की राशि का बंटवारा कर लिया है। भ्रष्टाचार की राशि 10% सरपंच, 7% उपसरपंच और 5 प्रतिशत पंचों में बंटेगी। इस बात का खुलासा आरटीआई से मिली जानकारी से हुआ है।

हाई कोर्ट ने जारी किया नोटिस

इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर हुई है जिसके बाद हाई कोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ये पूरा मामला अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत सलारगोड़ी का है। जब इस मामले के प्रकाश में आने के बाद अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई तो वे इस मामले अपना पल्ला झाड़ते नजर आए हैं।

रियासी आतंकी हमले में शहीद बस कंडक्टर की बहन को मिला नियुक्ति पत्र, एलजी मनोज सिन्हा ने सौंपा

जम्मू, 27 मार्च (एजेंसियां)। कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने गुरुवार को रियासी आतंकवादी हमले में शहीद हुए अर्जुन शर्मा की बहन रेणु शर्मा को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपा। बता दें कि रियासी निवासी अर्जुन शर्मा तीर्थयात्रियों को ले जा रही उस बस के कंडक्टर थे, जिस पर 09 जून, 2024 को आतंकवादियों ने हमला किया था। इस हमले में अर्जुन शर्मा शहीद हो गए थे। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से शहीद के परिवार को हर संभव सहायता और समर्थन देने का भरोसा दिया। इससे पहले उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बस चालक की पत्नी को नियुक्ति पत्र सौंपा था। एक समारोह में रियासी के बस चालक विजय कुमार की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा गया था।

9 जून को हुई थी आतंकी घटना

बता दें कि आतंकवादियों ने 09 जून की शाम शिवखोड़ी मंदिर से कटरा जा रही बस पर गोलीबारी की थी। आतंकी हमले के कारण बस फिसलकर गहरी खाई में गिर गई थी और इस घटना में विजय कुमार (40), सह चालक अरुण कुमार (19) और 7 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी जबकि 41 अन्य घायल हो गए थे।

बस में तीर्थयात्री ये सवार

यह घटना रियासी जिले के पोनी क्षेत्र के तेरयाथ गांव के पास हुई थी। निजी बस उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली से तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही थी। विजय कुमार के परिवार में उनकी पत्नी, दो बच्चे और मां हैं।

रियासी में बस पलटने से 30 लोग घायल

एक अन्य खबर में, बीते दिनों रियासी में एक मिनी बस के पहाड़ी सड़क पर पलट जाने से 30 यात्री घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं। इनमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया था। यह दुर्घटना तारा मोड़ के निकट उस समय हुई जब बस राजौरी जिले के मुघला से रियासी के पौनी जा रही थी। दुर्घटना में 22 महिलाओं समेत 30 यात्री घायल हो गए थे।

प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में पेश की सफल ट्रायल रन रिपोर्ट, अब 72 दिन में जलाया जाएगा पूरा कचरा

जबलपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में गुरुवार को पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के निष्पादन के ट्रायल रन को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार ने बताया कि तीन ट्रायल रन की रिपोर्ट सही आई है। अब तक करीब 270 किलो प्रति घंटे की दर से कचरा जलाया गया, जिसका ट्रायल रन सफल रहा। सरकार ने कहा कि इसी स्पीड से कचरे को जलाकर अगले 72 दिन में समाप्त किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को 72 दिनों में जहरीला कचरा जलाकर रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। वहीं गैस पीड़ित संगठनों ने कोर्ट को बताया कि जलाने की प्रक्रिया सही इसलिए नही है, क्योंकि 300 मीट्रिक टन जहरीले कचरे को जलाने के बाद समस्या तीन गुना बड़ी हो जाएगी। सरकार ने खुद ही बताया है कि 300 मीट्रिक टन कचरा जलाने पर 900 मीट्रिक टन जहरीली राख को फिर से पीथमपुर की प्लास्टिक जमीन में डाल दिया जाएगा

वकील पुलिस के टच में कुणाल कामरा, जल्द दर्ज कराएंगे बयान?

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। कॉमेडियन कुणाल कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी कर घिरे हैं। मुंबई पुलिस उनको नोटिस जारी कर चुकी है। मुंबई की खार पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, कुणाल कामरा उनके कॉन्टैक्ट में हैं। कुणाल वकील के जरिए पुलिस के संपर्क में हैं। खार पुलिस स्टेशन ने कुणाल को 31 मार्च को जांच के लिए और बयान देने के लिए हाजिर होने के लिए कहा है। पुलिस ने कल यानी बुधवार को कुणाल कामरा को दूसरा नोटिस जारी करके पेश होने के लिए कहा था। वहीं, बीजेपी के नेता प्रवीण दरेकर ने महाराष्ट्र विधान परिषद में कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। दरेकर ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, कुणाल कामरा ने एक पैरोडी गाना गाया, जिसमें उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए व्यक्तिगत और अपमानजनक टिप्पणियां शामिल थीं। दरेकर ने आरोप लगाया कि कामरा ने अपनी टिप्पणियों के जरिए विधायी संस्थाओं की गरिमा का अनादर किया है। पीठासीन अधिकारी संजय केलकर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर नोटिस पर फैसला लेंगे।

कामरा ने माफी मांगने से किया इंकार

कुणाल कामरा ने अपने शो में शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष करके महाराष्ट्र में बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया। विवाद बढ़ने के बाद कामरा ने कहा है कि वह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए माफी नहीं मांगेंगे। विवादित टिप्पणी के बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई में खार क्षेत्र स्थित हैबिटेट कॉमेडी क्लब में रूप से तोड़फोड़ की थी, जहां कामरा का कार्यक्रम शूट किया गया था। हैबिटैट क्लब वही स्थान है जहां विवादास्पद इंडियाज गॉट लैटेंट शो को शूट किया गया था। शिवसेना विधायक मुर्जी पटेल की शिकायत के आधार पर खार पुलिस ने शिंदे के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए कामरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

टी-सीरीज पर लगाया ये आरोप

इस पूरे विवाद के बीच कुणाल कामरा ने बुधवार को बॉलीवुड स्टूडियो टी-सीरीज पर आरोप लगाया कि उनके स्टैंड-अप स्पेशल नया भारत को लेकर यूट्यूब पर कॉपीराइट उल्लंघन के लिए आपत्ति दर्ज करायी गई है। कामरा ने बुधवार को कॉमेडी स्पेशल से एक नया वीडियो जारी किया था, जिसमें उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी नीतियों की आलोचना की। कामरा ने यूट्यूब का एक स्क्रीनशॉट एक्सपर शेयर किया, जिसमें दिखाया गया है कि उनका नया वीडियो नया भारत कॉपीराइट प्रतिबंध के कारण ब्लॉक कर दिया गया है और इसलिए दर्शकों को दिखाई नहीं दे रहा है। कॉपीराइट दावों के कारण, वीडियो से राजस्व भी नहीं मिल पाएगा। कॉमेडियन कामरा ने कहा, हैलो टी-सीरीज, पिट्ठू बनना बंद करो। पैरोडी और व्यंग्य कानूनी रूप से उचित उपयोग के अंतर्गत आते हैं। मैंने गीत के बोल का उपयोग नहीं किया है। यदि आप इस वीडियो को हटाते हैं तो हर कवर गीत को हटाया जा सकता है। क्रिएटर कृपया इस पर ध्यान दें।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 28 मार्च - 2025

देश के लिए अपना कर्तव्य निभा रहे हैं मोदी

अशोक भाटिया

भाजपा ईद के मौके पर अल्पसंख्यक परिवारों के घरों तक खुशियों की सौगात दे रही है। 'सौगात-ए-मोदी' किट के जरिए भाजपा 32 लाख मुस्लिमों के घरों तक पहुंच रही है और ईद की खुशियां बांटी जा रही है। ईद के जश्न से पहले मुसलमानों के बीच खाने-पीने की चीजों और महिलाओं के लिए कपड़ों से भरी 'सौगत-ए-मोदी' किट बांटे जाने की शुरुआत हो चुकी है। इस पहल की शुरुआत दिल्ली के निजामुद्दीन औलिया के इलाके से हुई है। जहां अधिक संख्या में मुसलमान औरतें एकत्रित हुईं और सभी प्रधानमंत्री मोदी की लंबी उम्र के लिए दुआएं कर रही थीं। मुसलमान औरतें कह रही थीं कि ऐसे प्रधानमंत्री आगे कई साल तक देश में बने रहें। भाजपा का मकसद यह है कि देश में सौहार्द्र, भाईचारा और मिलीजुली संस्कृति की पहचान आगे बढ़ती रहे। भारतीय जनता पार्टी ईद के मौके पर 32 लाख मुसलमानों को 'सौगात-ए-मोदी' किट दे रही है। भाजपा की ये पहल पार्टी के 'सबका साथ, सबका विकास और सबके लिए प्रयास' की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता यासिर जिलानी ने बताया, ईद के मौके पर 32 लाख मुसलमानों को 'सौगात-ए-मोदी' किट देने के पीछे कोई बड़ा मकसद नहीं, बल्कि यह है कि हमारी सरकार के मूलमंत्र 'सबका साथ, सबका विकास और सबके लिए प्रयास' को जमीन पर चरितार्थ किया गया है। अब इसी माहौल में भाजपा की 'सौगात-ए-मोदी किट योजना ने राजनीतिक दलों के बीच खींचतान को और बढ़ा दिया है। विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि यह कदम आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और भाजपा मुस्लिम मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रही है। कुछ लोग इसे सरकार की अच्छी पहल बता रहे हैं, तो कुछ इसे राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास मान रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की का कहना है कि बिहार में चुनाव हैं इसलिए भाजपा मुस्लमानों को लुभाने का काम कर रही है। पहले भी देश में 10 वर्ष से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और प्रदेश में 8 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन कभी भी भाजपा ने मुस्लमानों के हित की बात नहीं कही। भाजपा ने जितने अत्याचार किए हैं उन्हें मुस्लमान कभी भूल नहीं सकता।सपा, बसपा , कांग्रेस भी इसी प्रकार से प्रधानमंत्री के इस प्रयास की आलोचना कर रही है । भले ही विरोधी दल इसकों किसी भी नज़र से देख रहे हो पर एक सच्चा नेता जो कार्यकर्ताओं, अंधभक्तों या भक्तों की परवाह किए बिना निर्णय लेने का साहस दिखाता है। अगर इस परिभाषा को एक कसौटी के तौर पर देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे नेता के वाजिब और सराहनीय उदाहरण हैं। उनका ताजा फैसला साहस दिखाता है। अगर चरम इस्लामोफोबिया, देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं/चुनौतियों के लिए मुसलमानों को जिम्मेदार ठहराना अतिवादी हिंदुत्व की निशानी माना जाता है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने बिल्कुल भी परवाह नहीं की। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कई अन्य नेता हाल ही में हिंदुत्व कट्टरपंथियों के क्रोध का शिकार हुए हैं। इफ्तार खाना। इन लोगों को और कई अन्य लोगों को हिंदुत्व जलपाका की कठबोली बहती दिख रही है। कई मुसलमान रमजान के दौरान सख्त उपवास रखते हैं। इफ्तार उनकी रिहाई का सामूहिक उत्सव है। उपवास खजूर, फल, मिठाई और मांस का सेवन करके मनाया जाता है। इसमें भाजपा नेताओं सहित बड़ी संख्या में अन्य धर्मों द्वारा भाग लिया जाता है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से, भाजपा नेताओं ने इससे परहेज किया है। लेकिन इस बार इसे मोदी द्वारा इस्लाम के करीब लाया जाएगा। भाजपा नेताओं को अब जलपाकों से डरने की जरूरत नहीं होगी। दिलचस्प बात यह है कि देश के लाखों गरीब मुसलमानों के लिए प्रधानमंत्री की विशेष यात्रा में इफ्तार घटकों को भी शामिल किया जाएगा।यह कदम, निश्चित रूप से, भाजपा और इस्लाम के बीच बढ़ती खाई को पाटने में महत्वपूर्ण है। कुछ समय पहले तक, देश भर में जीवन के सभी क्षेत्रों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच एक भी मुस्लिम नहीं होने के लिए भाजपा की आलोचना की गई थी। विपक्ष को अतीत में ऐसा करने का मौका नहीं मिल सकता है। अतीत में, भाजपा ने मुसलमानों को करीब लाने की कोशिश की है। पसमांदा का अर्थ है 'पीछे छोड़ दिया' या 'पीछे छोड़ दिया'। हमने मुसलमानों को तीन समूहों में विभाजित किया है। 'अशरफ' का अर्थ है उच्च जाति या पारिवारिक मुस्लिम, अज़लाफ का अर्थ है पिछड़ी जाति और अरज़ल का अर्थ है दलित। अंतिम दो समूहों के मुसलमानों को 'पसमांदा' माना जाता है। जिस तरह हिंदू धर्म के 'अन्य पिछड़े' (ओबीसी) भाजपा के करीब थे, मोदी ने खुद तीन साल पहले हैदराबाद में भाजपा के सम्मेलन में अपनी पार्टी को अपनी सलाह दी थी। यह उतना सफल नहीं था। यह भाजपा का प्रयास होगा। एक समय कांग्रेस ऐसा करती थी। मुसलमानों को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करना उनका निर्णय था ताकि वे हज कर सकें। और कई कांग्रेस नेताओं ने उनके इफ्तार खाना में भाग लिया यह दिखाने के लिए कि वे कितने इस्लाम-अनुकूल थे। ताकि पार्टी और उसके कई नेताओं पर मुसलमानों को लाड़ प्यार करने का आरोप लगे। पिछले कुछ महीनों से वक्फ भूमि मुद्दे पर इस्लामी संगठनों या राजनीतिक दलों की आलोचना की पृष्ठभूमि में मोदी का यह कदम महत्वपूर्ण है। भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ इस्लामवादियों का गुस्सा ऐसा है कि विभिन्न मुस्लिम संगठनों ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सहित विभिन्न मुस्लिम संगठनों द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जिन्हें मूल रूप से धर्मनिरपेक्ष माना जाता है, की इफ्तार रैलियों का बहिष्कार किया। जमात-ए-उलेमा-ए-हिंद जैसे कई महत्वपूर्ण संगठन शामिल हैं। इतना ही नहीं संगठन ने नीतीश कुमार को पत्र लिखकर भी कहा था, 'आपकी धर्मनिरपेक्षता को क्या हो गया?'।उसने सीधे पूछा। अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा का वादा करने वाले आप वक्फ विधेयक का समर्थन कैसे कर सकते हैं क्योंकि भाजपा के साथ आपका गठबंधन है? पत्र में यह भी पूछा गया है, ₹बिहार बस कुछ ही महीने दूर है और महाराष्ट्र के इन चुनावों में पुनर्जीवित होने की संभावना है, जैसे भाजपा ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र में चुनाव लड़ा था; लेकिन कई लोगों का मानना है कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, ठीक वैसे ही जैसे जीत के बाद उनसे मुख्यमंत्री पद छीन लिया गया था। यानी अगर नीतीश कुमार का 'एकनाथ शिंदे' करना है तो साफ सुथरी जीत हासिल करनी चाहिए। अगर वह ऐसा चाहते हैं तो मुस्लिम वोटों की भी जरूरत होनी चाहिए। क्योंकि बिहार महाराष्ट्र नहीं है। उस राज्य में महत्वपूर्ण मुस्लिम मतदाता हैं। उन्हें आकर्षित करने के लिए, भाजपा इस्लामोफोटिक नहीं है। यह ऐसी छवि बनाने के लिए नीचे आया। मोदी के नवीनतम ईद 'आनंद शिधा' निर्णय का उपयोग उस दिशा में किया जाएगा। हालांकि, इस तरह के लोकलुभावन फैसलों का एक निश्चित परिणाम होता है। यहभी है कि उन्हें आसानी से वापस नहीं लिया जा सकता है, जैसे कि हज यात्रा सब्सिडी या नवीनतम चुनाव-केंद्रित 'लड़की वाहिनी' योजना। यदि कोई ऐसे निर्णयों को उलटने की कोशिश करता है, तो इसके राजनीतिक परिणाम होते हैं और जब वे दिखाई देने लगते हैं, तो राजनीतिक दलों के पैर लटकने लगते हैं। यह सच है कि भाजपा ने अपनी मजबूत और एकमात्र हिंदू रक्षक छवि बनाने के लिए 'हज यात्रा' सब्सिडी को रद्द करने का फैसला किया। लेकिन अगली राजनीतिक यात्रा के लिए, उन्हें

नुकसानदायक है तापमान बढ़ना

राजस्थान समेत पश्चिम राज्यों की गर्म हवाओं ने मध्य प्रदेश व राजधानी दिल्ली तक का पारा बढ़ा दिया है। राजस्थान के 6 जिलों में पारा 40 डिग्री पार पहुंच गया। राजधानी भोपाल में इस सीजन में पहली बार तापमान 38.8 डिग्री पर पहुंचा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है। वहीं राजधानी दिल्ली में भी पारा 40 डिग्री के आसपास ही है। राजस्थान के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। पश्चिमी विक्षोभ के चलते कहीं-कहीं तेज आंधी के साथ हल्की बारिश होने की भी संभावना है। जिससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। पिछले दस वर्षों में धरती के तापमान में असाधारण वृद्धि हुई है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां गंभीर होती जा रही हैं। बदलते मौसम की वजह से जीव जगत खतरनाक भविष्य की ओर तेजी से बढ़ता दिखाई दे रहा है। पिछले दस साल इस धरती पर अब तक के सबसे गर्म रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियां बद से बदतर हालात की ओर बढ़ रही हैं। आम तौर पर माना जाता है कि पृथ्वी के निरंतर अधिकाधिक गर्म होते जाने का अहसास मानवीय चेतना के लिए एक नई बात है। लेकिन यूरोप और अमेरिका में वैज्ञानिकों ने 19वीं सदी के शुरुआती सालों में ही यह समझ लिया था कि मानवीय सभ्यता जैसे-जैसे विकसित होती जा रही है वैसे-वैसे गर्मी बढ़ती जा रही है। उनके ध्यान में यह बात आ चुकी थी कि आसपास के देहाती इलाकों के मुकाबले शहरों में गर्मी ज्यादा होती है। गर्मी का मारक रूप भी तभी से दिखने लगा था। ऑस्ट्रेलिया में 1897 और लंदन में 1900 का साल गर्मी के लिहाज से खास माना गया था। कलकत्ता में 1905 में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया तो गर्मी के चलते कई यूरोपियंस की मौत भी दर्ज की गई थी। बाद के वर्षों में हालात भी सुधरने की बजाय और गंभीर ही होते चले गए। 1962 से अब तक हिमालयीन ग्लेशियरों का 30 फीसदी हिस्सा पिघल चुका है। क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे आर्थिक नुकसान भी कम गंभीर नहीं हैं। एक्सपट्र्स के मुताबिक 8 प्रमुख फसलों- मक्का, गेहूं, चावल, सोया, केला, आलू, कोको, कॉफी की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। यदि हालात नहीं सुधरे तो अगले 25 वर्षों में वैश्विक कमाई 19 फीसदी तक घटने की आशंका है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट इंपैक्ट रिसर्च के मुताबिक भारत में इन्हीं वजहों से कमाई में 25 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर जिस तरह की गंभीरता सरकारों में दिखनी चाहिए, अभी तक उसका सर्वथा अभाव दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप तो इन चिंताओं को सीधे तौर पर खारिज करते हैं, लेकिन भारत सरकार ने जरूर इस पर गंभीरता दिखाई है। इन सबके बावजूद यदि अब भी इस पर उचित पहल की जाए तो हालात सुधारने में देरी नहीं होगी।

रंग से नहीं, काबिलियत से तय होती है पहचान

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

रंग—एक ऐसा शब्द, जो सिर्फ चमक या छाया नहीं, बल्कि समाज की गहरी दरारों का प्रतीक बन चुका है। यह वह जहरीला बीज है, जो सदियों से भारतीय समाज की मिट्टी में बोया गया और आज भी इसकी जहरीली फसल हमारे आत्मसम्मान को लील रही है। खासकर महिलाएँ—जिनकी पहचान, योग्यता और सपनों को रंग के इस पैमाने पर तौला जाता है। यह शर्मिंदगी की बात है कि आधुनिकता का ढिंढोरा पीटने वाला हमारा समाज आज भी गोरे और काले के भेद में उलझा हुआ है। लेकिन इस अंधेरे में एक चिंगारी जली—केरल की पहली महिला मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन ने रंगभेद की इस कुत्सित मानसिकता पर ऐसा प्रहार किया कि समाज का चेहरा शर्म से झुक गया। उनके साहस ने न सिर्फ एक बहस छेड़ी, बल्कि यह साबित कर दिया कि सफलता का कोई रंग नहीं होता—वह तो मेहनत, आत्मविश्वास और काबिलियत का प्रकाश है। शारदा मुरलीधरन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने जीवन की कड़वी सच्चाइयाँ उजागर कीं। उनके सांवले रंग को बचपन से ही निशाना बनाया गया। ताने, कटाक्ष और अपमान उनके जीवन का हिस्सा बन गए थे। समाज ने उनके रंग को उनकी पहचान से बड़ा बना दिया, उनकी प्रतिभा को कुचलने की कोशिश की। लेकिन शारदा ने हार नहीं मानी। मेहनत और लगन से उन्होंने न सिर्फ ऊँचा मुकाम हासिल किया, बल्कि केरल की मुख्य सचिव बनकर इतिहास रच दिया। मगर समाज की संकीर्ण सोच यहाँ भी पीछे नहीं हटी। एक शख्स ने उनकी कार्यशैली की तुलना उनके पति से करते हुए बेहूदा टिप्पणी कीः वह उतनी ही काली हैं, जितना उनके पति गोरे थे। यह टिप्पणी सिर्फ एक शब्द नहीं थी—यह समाज की उस गहरी बीमारी का लक्षण थी, जो रंग को इंसान की कीमत का पैमाना मानती है। लेकिन शारदा ने इस अपमान का जवाब ऐसा दिया कि समाज की नींद उड़ गई। उन्होंने बुलंद आवाज में कहा, मुझे मेरा रंग पसंद है। मुझे इस पर गर्व है। यह जवाब सिर्फ उस शख्स के लिए नहीं था—यह हर उस सोच को चुनौती थी जो गोरे रंग को सुंदरता का ताज पहनाती है और सांवले रंग को अपमान की गहराई में धकेलती है। शारदा ने साफ कर दिया कि असली सुंदरता रंग में नहीं, आत्मविश्वास और प्रतिभा में बसती है। उनकी यह प्रतिक्रिया एक तूफान बन गई—जिसने समाज की चुप्पी को तोड़ा और रंगभेद के खिलाफ एक नई जंग की शुरुआत की। यह सवाल अब हर जुबान पर है—आखिर क्यों गोरे रंग को ही श्रेष्ठता का पर्याय माना जाता है? क्यों सांवले रंग को हीनता की नजर से देखा जाता है? शारदा मुरलीधरन की यह बेबाकी उन लाखों महिलाओं के लिए मशाल बन गई, जो अपने रंग-रूप के कारण खुद को कमतर समझती हैं। उनकी आवाज ने समाज को आईना दिखाया और बदलाव की एक उम्मीद जगाई। यह सिर्फ एक महिला की कहानी नहीं है—यह उस दर्द की पुकार है, जो हर सांवली लड़की ने कभी न कभी महसूस किया है। यह उस संघर्ष की गाथा है, जो हर उस इंसान ने जिया है, जिसे उसके रंग के कारण हाशिए पर धकेल दिया गया। भारतीय समाज में रंगभेद की जड़ें इतनी गहरी हैं कि वे हमारी संस्कृति का हिस्सा बन चुकी हैं। बचपन से ही बच्चों के दिमाग में यह बात ठूँस दी जाती है कि गोरा रंग ही सुंदरता का प्रतीक है। टेलीविजन पर विज्ञापन हों या फिल्मों के गीत—हर जगह गोरे रंग को महिमामंडित किया जाता है। फेयर एंड लवली जैसी क्रीम्स की बिक्री इस सोच को और हवा देती है। शादी-विवाह में यह भेदभाव अपने चरम पर पहुँच जाता है। गोरी बहू की माँग आज भी हर परिवार की पहली शर्त होती है। सांवले रंग की लड़कियों को न सिर्फ अपमान सहना पड़ता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी कुचल दिया जाता है। यह एक ऐसी सजा है, जो बिना जुर्म के दी जाती है।

डिजिटल भारत में विचारों की बेड़ियां

प्रियंका सौरभ

धारा 79 डिजिटल मंचों को मध्यस्थ सुरक्षा प्रदान करती है, लेकिन हालिया सरकारी हस्तक्षेप ने इस सुरक्षा को चुनौती दी है। सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों पर निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश, और आईटी नियम 2021 का कड़ा अनुपालन डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित कर रहा है। सेंसरशिप और आत्म-नियमन के भय से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। हालांकि, झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है। इसीलिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्लेटफार्म जवाबदेही के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। भारत को यूरोप के डिजिटल सर्विसेज एक्ट और अमेरिका के सेक्शन 230 जैसे संतुलित मॉडल से सीख लेकर, एक पारदर्शी और न्यायसंगत डिजिटल नीति अपनानी होगी। सूचना की इस नित परिवर्तनशील धारा में, जहाँ डिजिटल प्लेटफॉर्म विचारों के विस्तृत वितान की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं उन पर लगने वाली बंदिशें एक नवीन प्रश्नचिह्न उत्पन्न करती हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नियमन की कठोरता के मध्य झूलते इस युग में, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (IT Act) की धारा 79 एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि निर्मित करती है।

धारा 79: मध्यस्थता का कवच या नियमन की तलवार?

आईटी अधिनियम की धारा 79 डिजिटल मंचों को एक ऐसा आश्रय प्रदान करती है, जो उन्हें उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत सामग्री की जवाबदेही से मुक्त रखता है, बशर्ते किः वे मात्र संदेश वाहक की भूमिका निभाएं, न कि नियंत्रक की। किसी अवैध सामग्री की सूचना मिलने पर, नियमानुसार उसे हटाने का यत्न करें। नवीनतम आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों का अनुपालन करें। किन्तु, सरकार के हालिया कदमों ने इस कवच को किसी हद तक छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है, जहाँ अभिव्यक्ति की आज़ादी और नियमन की शक्ति के मध्य एक सतत संघर्ष दृष्टिगोचर होता है।

सरकारी हस्तक्षेपः एक यथार्थपरक व्याख्या

सूचना और संप्रेषण के इस युग में सरकार द्वारा लागू किए गए कुछ प्रमुख हस्तक्षेपों पर यदि दृष्टिपात करें, तो पाते हैं कि ओटीटी प्लेटफार्मों पर बढ़ती निगरानी ने रचनात्मकता को एक कठोर परिधि में बाँधने का प्रयास किया है। सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश विचारों के मुक्त प्रवाह में एक बाधा के समान प्रतीत होते हैं। आईटी नियम, 2021 का क्रियान्वयन डिजिटल संवाद के सहज प्रवाह को नियंत्रित करने की मंशा रखता है। कई डिजिटल प्लेटफार्मों पर सामग्री प्रबंधन को लेकर पारदर्शिता की कमी उपयोगकर्ताओं के अधिकारों पर प्रभाव डालती है। स्वतंत्र पत्रकारिता एवं वैकल्पिक दृष्टिकोणों को प्रतिबंधित करने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकती है। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि सरकार द्वारा प्लेटफार्मों की स्वतंत्रता को सीमित करने और दायित्व को बढ़ाने की दिशा में एक अनवरत प्रयास किया जा रहा है।

सेंसरशिप और कंटेंट टेकडाउन जैसे कदम कलात्मक स्वतंत्रता, पत्रकारिता और राजनीतिक आलोचना पर गहरी छाया डालते हैं। आत्म-नियमन (self-regulation) के भय से कई प्लेटफार्म स्वयं ही अधिक सामग्री हटाने लगते हैं, जिससे संवाद की विविधता प्रभावित होती है। सूचना तक पहुँच की स्वतंत्रता सीमित होने से नवाचार और बौद्धिक विमर्श बाधित होता है। डिजिटल मंचों पर झूठी सूचनाओं, घृणा व द्वेष फैलाने वाली सामग्री का उन्मूलन आवश्यक है।उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कुछ हद तक नियमन अपरिहार्य है। साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और फेक न्यूज़ को रोकने के लिए प्लेटफार्मों को अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्लेटफार्मों को समुदायिक मानकों और निष्पक्ष नीतियों का पालन करना चाहिए ताकि विचारों की अभिव्यक्ति को बाधित किए बिना एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाया जा सके।

संतुलन की आवश्यकताः मध्य मार्ग की खोज

किसी भी लोकतांत्रिक समाज में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और डिजिटल प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी के मध्य संतुलन आवश्यक होता है। इसके लिएः संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत अभिव्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो। एक न्यायसंगत और पारदर्शी कंटेंट मॉडरेशन प्रणाली विकसित की जाए।ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों हेतु स्वतंत्र नियामक संस्था का गठन किया जाए। डिजिटल अधिकारों एवं दायित्वों की स्पष्ट व्याख्या हो। तकनीकी विशेषज्ञों, नागरिक समाज, और विधायकों के बीच निरंतर संवाद सुनिश्चित किया जाए। डिजिटल प्लेटफार्मों के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी अपील तंत्र विकसित किया जाए ताकि उपयोगकर्ता अपनी आपत्तियों को दर्ज कर सकें। कंटेंट मॉडरेशन और सेंसरशिप पर डेटा पारदर्शिता रिपोर्ट्स सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

वैश्विक संदर्भ और भारत की स्थिति

यूरोपीय संघ का डिजिटल सर्विसेज एक्ट₹ एक आदर्श उदाहरण है, जो ऑनलाइन प्लेटफार्मों के लिए संतुलित दायित्व निर्धारित करता है। अमेरिका में सेक्शन 230 प्लेटफार्मों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व के बीच संतुलन प्रदान करता है। भारत को एक ऐसा ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है, जो न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करे बल्कि डिजिटल सुरक्षा और जवाबदेही को भी सुनिश्चित करे। सरकार, न्यायपालिका, और नागरिक समाज के सहयोग से एक प्रभावी डिजिटल नीति विकसित करना आवश्यक है। सूचना के इस महासागर में, जहाँ विचार लहरों की भांति गतिशील हैं, वहाँ नियमन और स्वतंत्रता के संतुलन की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है।

आईटी अधिनियम की धारा 79 डिजिटल प्लेटफार्मों को सुरक्षा प्रदान करती है, किन्तु हालिया सरकारी हस्तक्षेप यह दर्शाते हैं कि इस सुरक्षा कवच को सीमित किया जा रहा है। यदि सरकार एक समावेशी और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाए, तो भारत का डिजिटल परिदृश्य एक स्वतंत्र, सुरक्षित और न्यायसंगत दिशा में अग्रसर हो सकता है। डिजिटल भारत की शक्ति उसके नागरिकों की विचार अभिव्यक्ति में ही निहित है। यदि सरकार, डिजिटल मंच और समाज मिलकर एक संतुलित रणनीति अपनाते हैं, तो यह तकनीकी युग लोकतंत्र की मूल भावना को सशक्त बना सकता है और भारत को वैश्विक डिजिटल क्रांति में अग्रणी बना सकता है। यदि सरकार, डिजिटल मंच और समाज मिलकर एक संतुलित रणनीति अपनाते हैं, तो भारत डिजिटल क्रांति में अग्रणी बन सकता है, जहाँ अभिव्यक्ति स्वतंत्र और सुरक्षित बनी रहेगी।

वैदिक,सनातनी शिक्षा से वैश्विक नेतृत्व

संजीव ठाकुर

भारत में प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा तथा ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है। भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है1 वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है1 यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है1 जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी1 मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है1 शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है1 शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है1

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं1 शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है1 वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है1 पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है1 यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है1 शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है1 हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है1 दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है 1

राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है1 भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है। दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है।

बाबूजी की रोटी



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बाबूजी कभी रिटायर नहीं हुए। सरकारी दफ्तर से हुए होंगे, लेकिन घर-गृहस्थी के दफ्तर में तो आज भी वही फाइलें निपटा रहे हैं— दूध लाना, सब्ज़ी तौलना, किराने का हिसाब रखना, बिजली का बिल भरना, और बीच-बीच में पड़ोसियों के बच्चों को जीवन के 'अनमोल ज्ञान' बाँटना। वह ज्ञान, जिसे सुनकर बच्चे भी मोबाइल के स्क्रीन में मुँह गाड़ने का बहाना खोज लेते हैं। घर में उनकी स्थिति वही थी जो पुराने ज़माने की एल्बम की होती है— कोई देखता नहीं, लेकिन फेंकता भी नहीं। रिटायरमेंट के बाद बाबूजी को परिवार में ठीक उसी तरह रखा गया, जैसे शादी के खाने में बचे हुए गुलाब जामुन— सबको पता होता है कि पड़े हैं, लेकिन कोई पूछता नहीं। बाबूजी, आप आराम कीजिए!

यह वाक्य बहू-बेटे के प्रेम से अधिक, उन्हें किनारे करने की प्रशासनिक कार्यवाही लगती थी। बेटा प्रमोशन पाकर बिजी हो गया, बहू ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त थी और पोते-पोतियाँ इंस्टाग्राम पर स्वदेशी संस्कृति की बातें कर रहे थे। इस बीच बाबूजी अचार के मर्तबान खोलकर पुराने दिनों को सूँघते रहते थे। एक दिन बाबूजी ने ऐलान कर दिया, आज से अपनी रोटी खुद बनाऊँगा! यह सुनते ही घर में वही माहौल बन गया जो सरकार के नए बजट सुनने के बाद जनता में बनता है— चुप्पी, चिंता और कटाक्ष! बहू ने पानी पीते-पीते हिचकी ली, बेटा अख़बार के पीछे छुप गया और पोती ने गूगल पर सर्च किया— रिटायर्ड लोग मानसिक संतुलन क्यों खोते हैं? दादीजी ने समझाने की कोशिश की, अरे, खाना तो बना बनाया मिलेगा, तुम क्यों तकलीफ कर रहे हो? बाबूजी ने मुस्कराकर जवाब दिया, बिटिया, अब हमें तकलीफ नहीं होती, तकलीफ सहने की आदत हो गई है!बाबूजी ने किचन में कदम रखा, तो एलपीजी सिलेंडर भी सहम गया। तवा देख केतली से कानाफूसी करने लगा— अबे, आज तेरा बुरा वक्त आ गया! आटा गूंथने बैठे तो ऐसा लगा मानो बैलगाड़ी के पहिए बना रहे हों। रोटी गोल करने चले तो मानो महाद्वीपों के नक्शे बना रहे थे— कोई अफ्रीका, कोई ऑस्ट्रेलिया और कोई सीधा अंटार्कटिका! बहू हँसी दबाए बिना रह नहीं सकी, बाबूजी, इसे रोटी कहते हैं या अजंता की गुफाएँ? लेकिन बाबूजी मुस्कराए, टी, कला तो पहचानने वाली आँखों में होती है!

कल साल का पहला सूर्य ग्रहण

किस मूलांक पर क्या होगा असर, कैसे करें उपाय

वैज्ञानिक दृष्टि से सूर्य ग्रहण एक साधारण खगोलीय घटना है। जब पृथ्वी और सूर्य के बीच में चंद्रमा आ जाता है तो इस अवस्था में सूर्य की रोशनी पृथ्वी तक नहीं पहुंचती है जिसकी वजह से सूर्य ग्रहण हो जाता है। ज्योतिष शास्त्र में तीन प्रकार के ग्रहण का वर्णन मिलता है। 29 मार्च 2025 को इस साल का पहला सूर्य ग्रहण होगा यह सूर्य ग्रहण आंशिक सूर्य ग्रहण होगा। यह ग्रहण भारत के समय अनुसार दोपहर में 2:20 से शुरू होगा हालांकि यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इस ग्रहण का सूतक काल भी भारत में मान्य नहीं होगा। लेकिन इस ग्रहण का देश और दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति पर असर पड़ेगा। आइये विस्तार से जानते हैं की किस मूलांक के व्यक्ति पर इस ग्रहण का क्या असर होगा।

मूलांक 1 : मूलांक 1 के जातकों के लिए यह सूर्य ग्रहण कैरियर, व्यवसाय, फाइनेंस और दांपत्य जीवन में दिक्कत है लेकर आ सकता है। दाम्पत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ विवाद एवं स्वास्थ्य समस्या बन सकती है।

उपाय : ग्रहण काल में सफाई कर्मियों को गेहूं का दान करें।

मूलांक 2 : सूर्य ग्रहण के पक्ष करियर और मैरिड लाइफ में बहुत अच्छा समय मिलने की संभावना है। नए लोगों से रिश्ते बनेंगे और नया व्यापार, नौकरी और प्रोजेक्ट मिलने की संभावनाएं होगी।

उपाय : ग्रहण काल के पश्चात मंदिर अथवा गरीबों में चावल और चीनी का दान करें।

मूलांक 3 : सूर्य ग्रहण के दौरान मूलांक 3 के जातकों के लिए आर्थिक मुश्किलें आ सकती है। व्यवसाय एवं कार्य स्थल पर लोगों के साथ अनबन होगी। लवमेट अथवा जीवनसाथी के साथ भी तनाव होने की संभावना है।

उपाय : ग्रहण काल के दौरान एकांतवास में भगवान विष्णु का ध्यान करके ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का जाप करें।

मूलांक 4 : मूलांक 4 के लोगों के लिए यह सूर्य ग्रहण खुशियां लेकर आएगा। व्यवसाय अथवा नौकरी में नये प्रोजेक्ट एवं डील मिलने की संभावना है। कुंवारे लोगों के लिए इस ग्रहण के पश्चात नए रिश्ते आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे।

उपाय : सूर्य ग्रहण के पश्चात स्नान आदि से निव्रत होकर पक्षियों को दाना डालें।

मूलांक 5 : इस साल का पहला सूर्य ग्रहण मूलांक 5 के लोगों के जीवन में कैरियर व्यापार के लिहाज से तरक्की लेकर आएगा। नई व्यापार की शुरुआत करने वाले लोगों के लिए अच्छा समय आने वाला है। मुलाकात के जातकों की प्रगति होगी एवं धीरे-धीरे सकारात्मक बदलाव की ओर जीवन अग्रसर होगा।

उपाय : ग्रहण कल के पश्चात हरी सब्जी एवं मूंग दाल का दान करें अथवा किसी गाय को खिलाएं।

मूलांक 6 : मूलांक 6 के जातकों के जीवन में सूर्य ग्रहण के पश्चात खुशियां आएगी। विवाहित लोगों के जीवन में प्रेम भरा जाएगा और अविवाहित लोगों को नए रिश्ते मिलेंगे। करियर एवं व्यापार में आप लोगों को बड़ी सफलता प्राप्त होगी।

उपाय : ग्रहण काल में गायत्री मंत्र का जाप करें साथ ही ग्रहण के पश्चात मंदिर में देसी घी का दान करें।

मूलांक 7 : सूर्य ग्रहण के दौरान के साथ के जातकों के जीवन में खुशियां आएंगी। व्यवसाय एवं नौकरी आदि में विशेष सफलता प्राप्त होने की उम्मीद है। पूर्व से चली आ रही स्वास्थ्य समस्याओं में लाभ मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखमय होगा।

उपाय : मूलांक 7 के जातक ग्रहण काल के बाद कबूतर और पक्षियों को दाना डालें एवं गणेश द्वादशनाम स्त्रोत का पाठ करें।

मूलांक 8 : मुलाकात के जातकों के जीवन में सूर्य ग्रहण के पश्चात कुछ सकारात्मक बदलाव आएंगे। नई नौकरी अथवा प्रमोशन के योग बन रहे हैं। व्यवसाय में विशेष लाभ की स्थिति बनेगी।

उपाय : काले तिल अथवा साबुत उड़द का दान ग्रहण कल के पश्चात करें। गरीबों में नीले रंग के वस्त्र बाटें।

मूलांक 9 : मूलांकनों के जातकों के लिए सूर्य ग्रहण काफी नकारात्मक परिणाम देने वाला रह सकता है। इन्हें कई तरीके की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना भी करना पड़ेगा। दैनिक जीवन और वैवाहिक जीवन में भी तनाव की स्थिति बनेगी।

उपाय : सूर्य ग्रहण काल में सुंदरकांड का पाठ करें एवं हनुमान जी को मीठा पान अर्पित करें।

भूलकर भी सूर्य ग्रहण पर ना करें यह काम हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होगी खराब

साल 2025 का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च की दोपहर को होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार संवत 2081 के आखिरी दिन यह सूर्य ग्रहण मीन राशि में होगा जो सभी 12 राशियों पर अपना प्रभाव डालेगा। वैदिक पंचांग के अनुसार सूर्य ग्रहण चैत्र कृष्ण पक्ष में शुरू होगा और चैत्र शुक्ल पक्ष में इसका समापन हो जाएगा। 2025 का पहला सूर्य ग्रहण आंशिक होगा जो देश में अदृश्य मान होगा।

देश में सूर्य ग्रहण दिखाई नहीं देने से इसका सूतक काल भी प्रभावी नहीं होगा। शास्त्रों के अनुसार सूर्य ग्रहण के दौरान कुछ धार्मिक कार्य करने वर्जित बताएं गए हैं जिनको करने पर दोष लगने की मान्यता है।

इनको बरतनी चाहिए विशेष सावधानी

संवत 2081 के आखिरी दिन सूर्य ग्रहण दोपहर 2:20 पर मीन राशि में शुरू होगा और चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा शुरू होते ही शाम 6:16 पर इसका समापन हो जाएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य ग्रहण के दौरान गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानियां बरतनी होती हैं तो वहीं सूर्य ग्रहण पर कुछ चीजें वर्जित होती हैं।

हो सकता है ये नुकसान

वे आगे बताते हैं कि अगर कोई साधक मंदिर में बैठकर पूजा पाठ करता है या मंदिर में स्थापित देवी देवताओं की मूर्ति को स्पर्श करता है तो उसके जीवन में अनेक प्रकार की समस्याएं आनी शुरू हो जाती हैं।

इन सभी समस्याओं से छुटकारा और दोष की समाप्ति के लिए ग्रहों के स्वामी सूर्य देव के बीज मंत्र, वैदिक मंत्र का जाप और संबंधित वस्तुएं दान करने पर लाभ होता है।

सूर्य ग्रहण से लगने वाले दोष के समाधान के लिए बीज मंत्र "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः" का सवा लाख बार जाप करने और दशांश मंत्रों से हवन किया जाना जरूरी होता है। इसके अलावा आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करने से विशेष लाभ मिलने के साथ ही दोष से मुक्ति मिल जाती है।

28 या 29 मार्च, चैत्र माह की अमावस्या कब है?

हिंदू धर्म में अमावस्या का दिन बहुत खास माना जाता है। इस दिन गंगा या किसी अन्य पवित्र नदियों में स्नान-दान करना बहुत शुभ माना जाता है। इसके अलावा अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध करने का भी विधान है।

मान्यता है कि ऐसा करने से पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है और घर में सुख-शांति बनी रहती है। साथ ही, इस दिन गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करने और दान-पुण्य करने से इसका कई गुना फल मिलता है।

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल चैत्र अमावस्या 29 मार्च , शनिवार को पड़ रही है। इसे दर्श अमावस्या भी कहते हैं। खास बात ये है कि इस बार अमावस्या शनिवार को आ रही है और शनिवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या को शनिश्चरी अमावस्या कहा जाता है। पंचांग के अनुसार, अमावस्या तिथि 28 मार्च की शाम 7:55 बजे से शुरू होगी और 29 मार्च को शाम 4:27 बजे तक चलेगी।

वहीं, चैत्र अमावस्या के दिन स्नान-दान के लिए ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:42 बजे से 5:28 बजे तक है। इस दिन अभिजित मुहूर्त दोपहर 12:01 बजे से 12:51 बजे तक है।

29 मार्च से बनने जा रही शनि और शुक्र देव की महायुति, इन राशियों की चमक सकती है किस्मत, आकस्मिक धनलाभ के साथ तरक्की के प्रबल योग

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन स्नान-दान करने से कई गुना अधिक शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही इस दिन पितरों का तर्पण, पिंडदान आदि करने से पितृ दोष से छुटकारा मिलता है। इस बार चैत्र अमावस्या शनिवार के दिन पड़ रही है, ऐसे में इस दिन शनिदेव की पूजा जरूर करें। मान्यता है कि ऐसा करने से शनि देवता प्रसन्न होते हैं और अपनी कृपा बरसाते हैं।

चैत्र अमावस्या के दिन करें इन मंत्रों का जाप

ॐ नीलांजन समाभासं रवि पुत्रं यमाग्रजम। छायामार्तंड संभूतं तं नमामि शनैश्चरम।।

ॐ पितृ देवतायै नमः

ॐ पितृगणाय विद्महे जगत धारिणी धीमहि तन्नो पितृो प्रचोदयात।।

ॐ नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णु प्रचोदयात ।।

हिंदू नववर्ष को क्यों कहते हैं गुड़ी पड़वा?

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष की शुरूआत होती है। इस दिन से चैत्र नवरात्रि भी प्रारंभ होते हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा, सिंधी में चेटीचंड के नाम से मनाया जाता है। मुख्यतः महाराष्ट्र और हिंदी भाषी क्षेत्र में इसे गुड़ी पड़वा और नव संवत्सर के नाम से जाना जाता है।

इसी दिन मनाई जाएगी गुड़ी पड़वा

हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च को शाम 04 बजकर 27 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन यानी 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर होगा। चूंकि हिंदू धर्म में उदया तिथि मान्य है। इसलिए 30 मार्च को गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया जाएगा और 30 मार्च 2025 से ही विक्रम संवत 2082 भी प्रारंभ होगा।

क्या होता है गुड़ी पड़वा का अर्थ

गुड़ी पड़वा दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें गुड़ी का मतलब होता है विजय पताका और पड़वा का अर्थ है प्रतिपदा। गुड़ी पड़वा के दिन मराठी समाज गुड़ी को बनाकर उसकी पूजा करके घर के द्वारा पर किसी ऊंचे स्थान पर स्थापित करते हैं।

घर के द्वार पर क्यों स्थापित करते हैं गुड़ी?

गुड़ी पड़वा के दिन अधितकर मराठी घरों में हमें द्वार पर गुड़ी लगी हुई दिख जाती है। दरअसल, इसके पीछे एक मुख्य कारण है। जिसके अनुसार प्राचीन समय में जब योद्धा युद्ध जीत कर आते थे तब वो अपने घर और महल के द्वार पर विजय पताका के रूप में ध्वज महलों के बाहर लहराते थे। तभी से चैत्र प्रतिपदा के दिन से हिंदू नववर्ष व विजय उत्सव के रूप में गुड़ी की पूजा कर उसे घर के द्वार पर या छट पर लगाया जाता है।

कैसे करते हैं गुड़ी की पूजा?

गुड़ी पड़वा के दिन प्रातःकाल जल्दी उठकर शरीर पर तेल की मालीश की जाती है फिर स्नानादि से निवृत्त होकर गुड़ी को अच्छी तरह से बांधकर और उस पर सुगंध, फूल और अगरबत्ती लगाकर दीपक से गुड़ी की पूजा करते हैं। इसके बाद गुड़ी को दूध-चीनी, पेड़े का प्रसाद अर्पित किया जाता है और फिर दोपहर के समय गुड़ी को मीठा प्रसाद अर्पित करते हैं।

परंपरा के अनुसार, गुड़ी पड़वा के दिन श्रीखंड-पुरी या पूरन पोली का भोग लगाया जाता है। इसके बाद शाम को सूर्यास्त के समय हल्दी-कुमकुम, फूल, अक्षत आदि अर्पित करके गुड़ी को उतार लिया जाता है।

नवरात्रि में घर के दरवाजे पर बांध दें ये चीजें, निगेटिविटी होगी दूर

सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि के नौ दिनों तक माता जगदंबा की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। साल में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है, जिसमें शारदीय नवरात्रि, चैत्र नवरात्रि और दो गुप्त नवरात्रि शामिल हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रही है। नवरात्रि के दौरान ज्योतिष शास्त्र में कुछ उपाय बताए गए हैं, जिन्हें करने से घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है।

नवरात्रि के शुभ उपाय

नवरात्रि के दौरान माता रानी को प्रसन्न करने के लिए विशेष उपाय किए जाते हैं। इनमें कुछ पौधों की जड़ को घर के दरवाजे पर बांधना शुभ माना जाता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और धन-संपत्ति में वृद्धि होती है।

तुलसी की जड़

सनातन धर्म में तुलसी को पवित्र माना जाता है। घर में तुलसी का पौधा रखने और उसकी नियमित पूजा करने से शुभ फल मिलते हैं। तुलसी की जड़ को घर के दरवाजे पर बांधने से माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है।

आम की जड़

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आम के पेड़ को शुद्धता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। आम की जड़ को घर के दरवाजे पर बांधने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है और परिवार के लोग खुशहाल रहते हैं।

शमी की जड़

शमी का पौधा धार्मिक ग्रंथों में अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। नवरात्रि के दौरान विशेष रूप से शमी की जड़ की पूजा की जाती है। इसे घर के दरवाजे पर बांधने से मानसिक शांति मिलती है और घर में किसी प्रकार की समस्या नहीं आती।

पीपल की जड़

भारतीय संस्कृति में पीपल के पेड़ को बहुत पवित्र माना जाता है। कहा जाता है कि इस वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है। नवरात्रि के दौरान पीपल की जड़ को घर के दरवाजे पर बांधने से घर में खुशहाली बनी रहती है। यह न केवल धन प्राप्ति के लिए शुभ होता है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी देता है।

शनिदेव के प्रकोप से बचाएंगे तीन देवता

ज्योतिष शास्त्र में शनि को न्याय और कर्म कारक ग्रह माना जाता है। ये न्याय के देवता हैं, इसलिए इनकी साढ़ेसाती और ढैय्या का फल कई जातकों के लिए संकटपूर्ण होता है। शनि अच्छे कर्म करने पर अच्छा और बुरे कर्म करने पर बुरा फल प्रदान करते हैं। इसलिए, आगामी 29 मार्च से शनि राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं।

29 मार्च को शनि राशि परिवर्तन कर कुंभ राशि से मीन राशि में प्रवेश कर जाएंगे। ऐसे में कुंभ, मीन और मेष राशि वाले साढ़ेसाती के प्रभाव में होंगे। वहीं, सिंह और धनु राशि की ढैय्या शुरू हो जाएगी। ऐसी स्थिति में जातकों को ये उपाय जरूर करना चाहिए। ऐसे में ये उपाय जातकों को शनि के प्रकोप से बचाएगा

इस दिन से शुरू करें उपाय

आगे बताया, ऐसे पांच देवी-देवता हैं, जिनकी आराधना से शनिदेव को शांत रखा जा सकता है। शनिचरी अमावस्या पर इन देवताओं के पूजन का महत्व और बढ़ जाता है। इस बार 29 मार्च क़ो शनिचरी अमावस्या मनाई जाएगी है। इसी दिन शनि का राशि परिवर्तन भी है। इसी दिन उपाय शुरू करना भी बढ़िया रहेगा।

इन देवी-देवताओं का पूजन करें

शिवः भगवान शिव को प्रमुख देवता माना गया है। भगवान शिव की पूजा से सभी कष्ट दूर होते हैं। मान्यता है कि जो भक्त भगवान शिव की सच्चे मन से पूजा करता है। उन पर शनिदेव अपनी कुदृष्टि नहीं डालते। भगवान शिव की पूजा से शनिदेव की कृपा भी प्राप्त होती है। ऐसे में अगर कुंडली में शनि अशुभ स्थिति में हों तो उस व्यक्ति को भगवान शिव की नियमित पूजा-अर्चना करनी चाहिए।

पीपलः हिन्दू धर्म में खासकर शनिवार को पीपल पेड़ की पूजा की जाती है। पीपल पेड़ में विष्णु भगवान समेत कई देवताओं का वास माना गया है। शनिवार को पीपल पेड़ के नीचे दीपक भी जलाया जाता है। अगर आपकी राशि में शनिदेव का प्रकोप चल रहा है तो आपको हर शनिवार पीपल पेड़ के नीचे दीपक जलाना चाहिए। ऐसा करने से शनिदेव का प्रकोप शांत हो जाएगा और आप पर उनकी कृपा भी बरसेगी।

हनुमानजीः जो जातक हनुमानजी की भक्ति करता है। उसको शनिदेव का प्रकोप नहीं झेलना पड़ता। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, एक बार शनिदेव को अपनी शक्तियों का गुमान होने लगा था, तब हनुमानजी ने शनिदेव का अहंकार तोड़ा था। तभी से शनिदेव रामभक्त हनुमान का बहुत सम्मान करते हैं। यही कारण है कि हनुमानजी के भक्तों को शनिदेव परेशान नहीं करते। इसलिए शनिदेव को खुश करना है तो हनुमानजी की नियमित पूजा करनी चाहिए।

श्रीकृष्णः भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने से भी शनिदेव की कृपा बनी रहती है। शास्त्रों के अनुसार, शनिदेव भी भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति करते हैं। शनिदेव ने मथुरा के कोकिला वन में श्रीकृष्ण की कृपा पाने के लिए तपस्या की थी, इसलिए श्रीकृष्ण की पूजा करने पर शनिदेव के शुभ फल प्राप्त होते हैं।

चैत्र नवरात्रि में रात के समय कर लें ये उपाय, धन-दौलत के भर जाएंगे भंडार, शत्रु भी हो जाएंगे परास्त!

चैत्र नवरात्रि में रात्रि के वक्त दुर्गा सप्तशती, शतचंडी और नवचंडी का यज्ञ कराएं। अलग-अलग यज्ञ का अलग-अलग फल मिलता है। विंध्यधाम में भक्त अगर रात्रि में यज्ञ करते हैं तो विशेष फल मिल सकता है।

करते हैं। धन, यश, कीर्ति और वैभव की प्राप्ति के लिए भक्त अलग-अलग अनुष्ठान कराते हैं। अगर आप भी नवरात्रि में शत्रुओं पर विजय पाना चाह रहे हैं या फिर धन व यश प्राप्त करना चाह रहे हैं। चैत्र नवरात्रि में रात्रि के वक्त दुर्गा सप्तशती, शतचंडी और नवचंडी का यज्ञ कराएं। अलग-अलग यज्ञ का अलग-अलग फल मिलता है। विंध्यधाम में भक्त अगर रात्रि में यज्ञ करते हैं तो विशेष फल मिलता है।नवरात्रि को विशेष अनुष्ठान की मान्यता है। चारों नवरात्रि में सबसे विशेष चैत्र नवरात्रि है। चैत्र नवरात्रि की धार्मिक मान्यता अधिक है। पुराणों में उल्लेख है कि हिन्दू धर्म में चैत्र नवरात्रि के प्रथम तिथि को ब्रहा ने जीव व जंतुओं का निर्माण किया था।

यदि नवरात्रि में रात्रिकाल में दुर्गा सप्तशती का संकुचित पाठ कराया जाएं और काली मिर्च से हवन किया जाएं। इससे, शत्रु का विनाश जरूर होता है। भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है।

अगर भक्तों को धन और ऐश्वर्य की चाहिए तो रात्रि में मंत्रोच्चार के साथ शतचंडी पाठ कराएं। रात्रि में शतचंडी पाठ कराने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। धन, यश, कीर्ति और वैभव में वृद्धि होती है। अगर भक्त शतचण्डी यज्ञ नहीं कर पा रहे तो नवचंडी का यज्ञ करें। नवचंडी यज्ञ से भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है। नवचंडी यज्ञ में मां दुर्गा के नौ रूपों की विशेष साधना की जाती है। मां भक्तों को मनोवांछित फल प्रदान करती है। अगर यज्ञ मां विंध्यवासिनी के धाम में हो रहा है तो सबसे उत्तम है।

रान्या राव को कोर्ट से फिर बड़ा झटका

तीसरी बार खारिज हुई जमानत याचिका सोना तस्करी मामले में बड़े खुलासे

एक्ट्रेस रान्या राव की मुश्किलें फिलहाल खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। बेंगलुरु की 64वीं सिटी सिविल और सत्र अदालत ने गुरुवार को गोल्ड तस्करी मामले में गिरफ्तार एक्ट्रेस रान्या राव की जमानत याचिका खारिज कर दी। 33 वर्षीय एक्ट्रेस को 3 मार्च को गिरफ्तार किया गया था, जब वह दुबई से लौटते समय 14.5 किलोग्राम सोना लेकर एयरपोर्ट पर पकड़ी गई थी। कर्नाटक जांच पैनल जो प्रोटोकॉल उल्लंघन और कर्तव्य में लापरवाही की जांच कर रहा है। वह मामले के संबंध में जल्दी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। यह तीसरी बार है जब रान्या राव की जमानत याचिका खारिज की गई है। 14 मार्च को आर्थिक अपराधों के लिए एक विशेष अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी कानूनी टीम अब जमानत के लिए कर्नाटक उच्च न्यायालय जाने की तैयारी कर रही है।

रान्या राव को नहीं मिली जमानत

रान्या राव को दुबई से लौटने पर 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था, जहां 12.56 करोड़ रुपये के सोने के बार जब्त किए गए थे। उनके घर पर आगे की तलाशी में 2.06 करोड़ रुपये के सोने के गहने और 2.67 करोड़ रुपये बरामद हुए। पूछताछ के दौरान, रान्या ने माना कि सोना खरीदने के लिए इस्तेमाल किया गया पैसा हवाला चैनलों के जरिए ट्रांसफर किया गया था।

रान्या ने खुद मानी गलती

अदालत ने पहले डीआरआई को निर्देश दिया था कि वह आज की सुनवाई से पहले एक्ट्रेस की जमानत याचिका पर अपनी आपत्तियां दर्ज करे। इसने अदालत को बताया कि रान्या राव ने कबूल किया है कि सोना खरीदने के लिए पैसे हवाला लेनदेन के जरिए भेजे गए थे। डीआरआई की ओर से मधु राव ने अदालत को बताया कि रान्या राव को हवाला के जरिए पैसे भेजे गए थे और उन्होंने यह बात कबूल की है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 27 मार्च के लिए उनकी जमानत का आदेश सुरक्षित रख लिया।

पिछले हफ़्ते कोर्ट ने तरुण कोंडुरु राजू की ज़मानत याचिका खारिज कर दी थी, जिन्हें 10 मार्च को सोने की तस्करी के मामले में उनके रोल के लिए गिरफ़्तार किया गया था। डीआरआई ने उनकी ज़मानत याचिका का कड़ा विरोध किया था, जिसमें कहा गया था कि अगर उन्हें रिहा किया गया तो वे फरार हो सकते हैं।

ऐश्वर्या के बॉडीगार्ड ने बस ड्राइवर को मारा थप्पड़!

एक्सीडेंट के बाद मचा था बवाल, फिर माफी मांगने के बाद हुआ मामला शांत

बुधवार को ऐश्वर्या राय बच्चन की कार का एक्सीडेंट हो गया था। एक सरकारी बस ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मारी दी थी, जिसका वीडियो भी सामने आया था। इसी बीच दावा किया जा रहा है कि टक्कर लगने के बाद एक्ट्रेस के बाउंसर ने बस के ड्राइवर को थप्पड़ मारा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जब ड्राइवर ने नुकसान का आकलन करने के लिए बस रोकी, तो कथित तौर पर एक्ट्रेस का एक बॉडीगार्ड बाहर आया और उसे थप्पड़ मार दिया । घटना की जानकारी बस ड्राइवर ने पुलिस टीम को दी और फिर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो बंगले के सुपरवाइजर ने बॉडीगार्ड के व्यवहार के लिए माफी मांगी, तब जाकर ड्राइवर ने पुलिस रिपोर्ट दर्ज न करने का निर्णय लिया।

मुंबई के जुहू इलाके में बुधवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन की कार को एक बस ने टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक इस घटना में किसी को चोट नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिसे बस ने पीछे से टक्कर मारी थी, ऐश्वर्या उस कार में नहीं थीं। फिलहाल इस मामले में कोई शिकायत या एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

बता दें, ऐश्वर्या राय पिछले दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में थीं। खबरें थीं कि अभिषेक और ऐश्वर्या के बीच में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है और दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। हालांकि, कुछ समय बाद ऐश्वर्या और अभिषेक को साथ में देखा गया। वहीं अभिषेक ने अपनी अंगूठी दिखाते हुए कहा था कि वो अभी भी शादीशुदा हैं।

प्रभास की शादी की खबरें महज अफवाह

एक्टर की टीम बोली- इसे नजरअंदाज करें बिजनेसमैन की बेटी के साथ थी अरेंज मैरिज की चर्चा

साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी फैमिली ने हैदराबाद के एक बिजनेसमैन की बेटी के साथ उनका रिश्ता तय कर दिया है। हालांकि, अब इस मामले में प्रभास की टीम ने रिएक्शन देते हुए इन सभी खबरों को खारिज कर दिया है।

दरअसल, एक्टर की फैमिली ने हैदराबाद के एक बड़े बिजनेसमैन की बेटी के साथ रिश्ता तय किया है। हालांकि, लड़की कौन है और क्या करती है, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। इतना ही नहीं, यह शादी पूरी तरह से सीक्रेट हो सकती है।

प्रभास अक्सर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। उनका नाम साउथ एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी के साथ भी जुड़ चुका है, लेकिन कभी भी दोनों ने इन डेटिंग रूमर्स पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

इसके अलावा, प्रभास का नाम कृति सेनन के साथ भी जुड़ा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों फिल्म आदिपुरुष के दौरान करीब आए थे, हालांकि, कभी भी इस बारे में उन्होंने कोई बात नहीं की।

इन फिल्मों में आएंगे नजर

प्रभास फिल्म द राजा साब, फौजी और कन्नप्पा में नजर आएंगे। वहीं, इससे पहले एक्टर साल 2024 में आई फिल्म कल्कि 2898 एडी में दिखे थे। इसमें उनके साथ अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण भी नजर आए थे।

राम चरण के बर्थडे पर 'आरसी16' का फर्स्ट लुक आउट

साउथ सुपरस्टार राम चरण का आज जन्मदिन है। इस खास मौके पर उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'आरसी16' का टाइटल अनाउंस कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म से एक्टर का फर्स्ट लुक भी जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर फैंस ने उनकी लुक को अल्लू अर्जुन के पुष्पा लुक से जोड़ दिया है।

राम चरण की अगली फिल्म का नाम 'पेड्डी' है। फिल्म से सुपरस्टार के दो पोस्टर भी सामने आए हैं। पहले पोस्टर में राम चरण लंबे बाल, बढ़ी हुई दाढ़ी और मुंह में जलती हुई बीड़ी दबाए नजर आ रहे हैं।

जबकि दूसरे पोस्टर में राम चरण रेड और ब्लू कलर की स्ट्राइप वाली शर्ट पहने दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, उनके हाथ में हथियार भी नजर आ रहा है।

वहीं, राम चरण के अपकमिंग लुक को देखकर अब फैंस को पुष्पराज यानी अल्लू अर्जुन की याद आ गई है। एक ने लिखा- 'पुष्पा के फर्स्ट लुक की कॉपी, सिगरेट जोड़ी और बस इतना ही।' दूसरे ने लिखा- 'मिनी पुष्पा।' तीसरे ने लिखा- 'पुष्पा की कॉपी।

राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' में उनके साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर नजर आएंगी। इसके अलावा शिव राजकुमार भी फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म को बूची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है। हालांकि, अब तक फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

'द भूतनी' में संजय दत्त, मौनी रॉय और पलक तिवारी के पोस्टर

'भूल चूक माफ' और 'रेड 2' की रिलीज डेट को लेकर अपडेट

संजय दत्त, मौनी रॉय और पलक तिवारी की हॉरर-कॉमेडी मूवी 'द भूतनी' से स्टार्स के नए पोस्टर रिलीज किए गए हैं। साथ ही मेकर्स ने ऐलान किया है कि 29 मार्च 2025 को इसका ट्रेलर रिलीज किया जाएगा। यानी ठीक दो दिन बाद।

ये फिल्म अगले महीने की 18 तारीख को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा राजकुमार राव और वामिका गब्बी की 'भूल चूक माफ' की रिलीज डेट में बदलाव हुआ है। सबसे पहले बात करते हैं 'द भूतनी' की। ये 18 अप्रैल 2025 को थिएटर्स में रिलीज होगी।

ट्रेलर रिलीज करने से दो दिन पहले फिल्म के कई पोस्टर शेयर किए गए हैं। इसमें संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह, पलक तिवारी, 'पंचायत' वेब सीरीज में दामाद का रोल निभाने वाले आसिफ खान भी नजर आएंगे।

राजकुमार राव की कॉमेडी मूवी 'भूल चूक माफ' का सभी को बेसब्री से इंतजार है। इसमें वामिका गब्बी, जाकिर हुसैन, रघुबीर यादव, संजय मिश्रा सहित कई स्टार्स नजर आने वाले हैं।

इसे मैडॉक फिल्म्स बना रही है। ये फिल्म पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन सनी देओल की 'जाट' से क्लैश होने के कारण इसे आगे खिसका दिया गया है। ये अब 9 मई को रिलीज होगी। डायरेक्शन करण शर्मा का है।

न खाना मिला न पानी, आयोजक भी भागे

नेहा ने खोला मेलबर्न कॉन्सर्ट का राज, बताई चौंकाने वाली बात

सिंगर नेहा कक्कड़ पिछले कुछ दिनों से मेलबर्न कॉन्सर्ट की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। पिछले हफ्ते मेलबर्न में अपने शो में तीन घंटे देरी से पहुंचने के बाद कई यूजर्स ने उन्हें ट्रोल किया जिसके बाद नेहा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट भी जारी किया था। वहीं आज नेहा ने आज फिर से मेलबर्न कॉन्सर्ट के दौरान उनके और उनकी टीम के साथ हुए बुरे व्यवहार के बारे में खुलासा किया है।

सलमान खान बोले- भगवान-अल्लाह ने जितनी उम्र लिखी, उतना जिएंगे

लॉरेंस की धमकियों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी, कहा- भारी सुरक्षा से दिक्कत होती है

लॉरेंस गैंग से लगातार मिल रही धमकियों पर सलमान खान ने पहली बार चुप्पी तोड़ी। मुंबई में बुधवार रात फिल्म 'सिकंदर' की प्रेस मीट में कहा कि भगवान-अल्लाह ने जितनी उम्र लिखी होगी, उतनी जरूर जिएंगे।

सिक्योरिटी बढ़ाई जाने पर सलमान ने कहा, 'कभी-कभी इतने लोगों को साथ लेकर चलने से दिक्कत हो जाती है।'

सलमान ने अपने पेट डॉग का किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा, 'बहुत समय पहले हमारे पास एक कुत्ता था माइसन, वह बहुत स्वीट था।

एक बार चोर आया और माइसन को प्यार करके अपने साथ लेकर चला गया।'

सलमान को वाई+ कैटेगरी की सुरक्षा, हर समय 11 जवान साथ रहते हैं

2023 में लॉरेंस गैंग से धमकी मिलने के बाद ही सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से वाई+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 पीएसओ भी शामिल होते हैं। सलमान की गाड़ी के आगे और पीछे एस्कॉर्ट करने के लिए दो गाड़ियां हमेशा रहती हैं। इसके साथ-साथ सलमान की गाड़ी भी पूरी तरह बुलेटप्रूफ है।

8 महीने पहले 14 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 7.6 बोर की बंदूक से 4 राउंड फायरिंग हुई थी। इसके बाद जनवरी में उनके अपार्टमेंट की बालकनी बुलेटप्रूफ कर दी गई है। साथ ही हाई रिजोल्यूशन कैमरे भी चारों तरफ लगाए गए हैं।

सलमान ने इन धमकियों के बीच फिल्म सिकंदर की शूटिंग की थी। सिक्योरिटी के चलते उनके सेट पर भी सिक्योरिटी बढ़ाई गई थी। किसी भी बाहरी व्यक्ति को सेट पर आने की इजाजत नहीं थी।

सिकंदर 30 मार्च को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को गजनी डायरेक्ट कर चुके एआर मुरुगदास ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में सलमान, रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं, जबकि काजल अग्रवाल, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग 25 मार्च से शुरू हो चुकी है।

न्यू OTT रिलीज: देवा, विदुथलाई 2 या डेलुलू एक्सप्रेस

वीकेंड में 8 नई फिल्में और सीरीज, क्या देखेंगे?

मार्च के इस आखिरी वीकेंड में जहां सिनेमाघरों में सलमान खान की 'सिकंदर' और मोहनलाल की 'L2: एम्पुरान' रिलीज हो रही है, वहीं OTT के पिटारे में 8 एक से बढ़कर एक नई फिल्में और वेब सीरीज हैं। इनमें एक्शन है, इमोशनल है, ड्रामा है, थ्रलिर है और कॉमेडी का भी तड़का है। एक ओर जहां शाहिद कपूर की 'देवा' अब ओटीटी पर स्ट्रीम हो रही है, वहीं जाकिर खान अपना नया स्टैंडअप 'डेलुलू एक्सप्रेस' लेकर आ रहे हैं। 'मुफासा: द लायन किंग' से साथ ही विजय सेतुपति की 'विदुथलाई 2' भी हिंदी में आपका मनोरंजन करने आ रही है। तो बस लिस्ट देखिए और तय कर लीजिए कि इस वीकेंड आप इनमें से कौन सी देखने वाले हैं-

मशहूर कॉमेडियन, राइटर और सिंगल लड़कों की 'हक की बात' करने वाले जाकिर खान अपने नए स्टैंडअप के साथ लौट आए हैं। उनके इस स्पेशल स्टैंडअप नाम है 'डेलुलू एक्सप्रेस', जो गुरुवार, 27 मार्च को Prime Video पर रिलीज हो रहा है। जाकिर इसमें अपनी नौकरी की तलाश के दिनों की बानगी लेकर आए हैं, जिसमें एक यादगार ट्रेन यात्रा है, काम पर अपने रिपोर्टिंग मैनेजर के साथ मजेदार किस्से हैं और कुछ रोमांटिक रिश्तों की दास्तान भी है। बीते दिनों OTT प्लेटफॉर्म Zee5 पर 'विदुथलाई: पार्ट 1' को हिंदी में रिलीज किया गया था। अब 28 मार्च को 'विदुथलाई पार्ट 2' स्ट्रीम किया जाएगा। डायरेक्टर वेत्रिमारन की यह फिल्म क्रांतिकारी पेरुमल 'वाथियार' (विजय सेतुपति) की कहानी है। वह कभी स्कूल शिक्षक थे, लेकिन फिर हालात ने उन्हें क्रांतिकारी नेता बना दिया। यह फिल्म पेरुमल की कहानी को आगे बढ़ाती है, जिसमें पकड़े जाने के बाद, वह अधिकारियों को अपने जीवन की कहानी सुनाते हैं। यह बताते हैं कि कैसे बरसों के उत्पीड़न और अन्याय ने उन्हें मक्कल पडाई आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए कट्टरपंथी बना दिया। शाहिद कपूर की फिल्म 'देवा' इसी साल 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। साल 2013 की मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की यह रीमेक बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। फिल्म की कहानी में देव आम्ब्रे है, जो एक गुस्सैल पुलिस अधिकारी है। एक हाई-प्रोफाइल केस की जांच के दौरान उसके साथ एक दुर्घटना होती है और उसे भूलने की बीमारी हो जाती है। यह सब तब हुआ, जब देव उस केस को सुलझा चुका था। अब अपनी भूली हुई याद्दाश्त के साथ उसे एक मर्डर केस को सुलझाना है।

करण कुंद्रा ने बताया क्यों नहीं कर पा रहे टीवी सीरियल्स तेजस्वी प्रकाश संग शादी पर चुप्पी

टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने चेहरे करण कुंद्रा इन दिनों 'लाफ्टर शेफ' सीजन 2 में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ रहे हैं।

जब करण से पूछा गया कि मेकर्स ने उन्हें फिर से अप्रोच किया तो उनका रिएक्शन कैसा था, उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'शूटिंग कब शुरू होगा, बस यही सवाल था। हर हफ्ते शूट होता है, कभी-कभी दो बार भी, तो डेट्स मैनेज करना जरूरी था। जैसे ही सब कुछ सेट हुआ, मैं आ गया। मजा आ रहा है और ये मेरे लिए घर जैसा ही है।' करण ने हंसते हुए कहा, 'पहले सीजन में भी बहुत कुछ नया सीखने को मिला था, लेकिन इस बार हरपाल पाजी और भी ज्यादा स्ट्रिक्ट हो गए हैं। पहले सीजन में हमने आइसोमाल्ट बनाया था, जो अपने आप में नया था। इस बार तो फुटबॉल पिज्जा बनाया, जिसमें हवा भरनी पड़ती थी। अब किचन में क्रिएटिविटी का लेवल और भी ऊपर चला गया है। हर बार कुछ ऐसा सीखने को मिल रहा है, जो पहले कभी नहीं किया था।'

जब पूछा गया कि क्या उन्होंने इस बार कोई खास तैयारी की है, तो करण ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'यहां जज हरपाल पाजी को इम्प्रेस करना आसान नहीं है। पहली बार जब आया था, तब तो बस कुकिंग कर रहा था, लेकिन इस बार कोशिश कर रहा हूं कि कुछ ऐसा बनाऊं जो उन्हें वाकई पसंद आए। अब थोड़ा समझ आ गया है कि क्या नहीं करना चाहिए। आटा, मैदा और चावल के आटे का फर्क आज तक पूरी तरह समझ नहीं आया, लेकिन अब इतनी अक्ल आ गई है कि जज को खुश करने के लिए सही चीज़ पर फोकस करना पड़ेगा।' करण का कॉन्फिडेंस देखने लायक था। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैं किसी भी चीज में खुद को 10 ऑन 10 ही देता हूं। बल्कि 15 ऑन 10 देता हूं। अगर मैं खुद को नहीं रेट करूंगा, तो लोग कैसे करेंगे?' उन्होंने आगे कहा, 'कॉन्फिडेंस जरूरी है। अगर हम खुद पर भरोसा नहीं करेंगे, तो कोई और कैसे करेगा? मैं हमेशा अपनी मेहनत को 100% देने में यकीन रखता हूं।'

करण ने बताया, 'इतने प्यारे-प्यारे शोज आते हैं, लेकिन डेली सोप के लिए 6-7 महीने की कमिटमेंट चाहिए। मैं अभी भी बहुत ट्रैवल कर रहा हूं। दिसंबर में एक बहुत अच्छा शो ऑफर हुआ था, लेकिन मुझे मना करना पड़ा क्योंकि मैं फ्री नहीं था। ऐसा नहीं कि मैं जानबूझकर डेली शोज से दूर रह रहा हूं, बस सही समय पर सही प्रोजेक्ट होना चाहिए।'

योगी पर बनने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक इसी साल रिलीज होगी

परेश रावल का डायलॉग- वो कुछ नहीं चाहता था, जनता ने सरकार बना दिया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर बनने वाली फिल्म अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी का पहला लुक सामने आ गया है। यह एक बायोपिक है। बड़े पर्दे की यह फिल्म सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले बन रही है। वीडियो में योगी आदित्यनाथ की बदलती जिंदगी की एक झलक है, जो उनके आध्यात्मिक और राजनीतिक मार्ग को आकार देने वाले फैसलों को दर्शाती है। इस फिल्म में योगी आदित्यनाथ के शुरुआती साल, नाथपंथी योगी बनने का उनका फैसला और उत्तर प्रदेश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को बदलने वाले नेता के रूप में उनका विकास दिखाया जाएगा।

फिल्म सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले ऋतु मेंगी ने प्रोड्यूस की है, जबकि इसका निर्देशन रवींद्र गौतम ने किया है। यह फिल्म शांतनु गुप्ता की बेस्टसेलिंग किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से प्रेरित है। फिल्म में ड्रामा, इमोशन, एक्शन और बलिदान का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।

योगी के रोल में नजर आए अनंत जोशी

फिल्म में अनंत जोशी ने योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है। परेश रावल गुरु महंत अवेद्यनाथ के रोल में हैं। दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, राजेश खट्टर और गरिमा सिंह भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में इसी साल रिलीज की जाएगी, हालांकि अब तक इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

योगी आदित्यनाथ का जीवन चुनौतियों और परिवर्तन से भरा है। हमारी फिल्म उनके सफर को आकर्षक और नाटकीय तरीके से पेश करती है, और उन घटनाओं को जीवंत करती है, जिन्होंने उन्हें आकार दिया। कलाकारों की शानदार टोली और एक मनोरंजक कहानी के साथ, हम इस प्रेरणादायक कहानी को दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए उत्साहित हैं।

हमारी फिल्म देश के युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है। यह उत्तराखंड के एक छोटे से गांव में जन्मे साधारण मध्यमवर्गीय लड़के की



कहानी है, जिसने दृढ़ संकल्प, आत्म-त्याग, विश्वास और नेतृत्व के बल पर भारत के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया। हमने इसे यथासंभव वास्तविक और प्रभावी बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

फिल्म के मोशन पोस्टर में अभिनेता अनंत जोशी को भगवा वस्त्रों में दिखाया गया है, जो सांसारिक जीवन त्यागकर सेवा का संकल्प लेते हैं। बैकग्राउंड में परेश रावल की आवाज सुनाई देती है- 'वो कुछ नहीं चाहता था, सब उसको चाहते थे। जनता ने उसको सरकार बना दिया।'

एक्टर विक्रम! बोले- मैं कुछ भी करूं पर बीवी को मोहनलाल ज्यादा बेहतर लगते हैं

साउथ फिल्म स्टार चियान विक्रम का कहना है कि वह कुछ भी कर लें, पर पत्नी को लगता है कि मोहनलाल उनसे बेहतर हैं। विक्रम और मोहनलाल, दोनों की फिल्में एक साथ 27 मार्च को रिलीज हुई हैं। एक तरफ विक्रम की 'वीरा धीरा सूरन' है, तो दूसरी ओर मोहनलाल की 'एल2: एम्पुरान' है। विक्रम ने बताया कि उनकी पत्नी शैलजा, मोहनलाल की बड़ी फैन है और दुविधा में है कि इस गुरुवार कौन सी फिल्म देखें।

विक्रम ने हाल ही केरल में अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान L2: Empuraan संग बॉक्स ऑफिस क्लैश पर बात की। उन्होंने इसे हेल्दी बताया। साथ ही खुलासा किया कि उनकी पत्नी मोहनलाल की फैन है, और उन्हें

ज्यादा बेहतर मानती है।

विक्रम बोले, 'मैं Lalettan (मोहनलाल का निकनेम) हूं, लेकिन मेरी पत्नी शैलजा बालाकृष्णन उनकी मुझसे भी बड़ी फैन हैं। मैं जो भी करता हूं, और अगर मैं कुछ बहुत अच्छा भी करता हूं, तो वह कहती हैं कि मोहनलाल ज्यादा बेहतर करते हैं।

मैंने उनसे पूछा कि वह सबसे पहले कौन सी फिल्म देखना चाहेंगी (वीरा धीरा सूरन या एल2 एम्पुरान), तो उन्होंने कहा कि वह दोनों फिल्में देखेंगी।'

चियान विक्रम की फिल्म वीरा धीरा सूरन की बात करें, तो इसे एसयू अरुण कुमार ने डायरेक्ट किया है। यह दूसरा पार्ट है। वहीं पहला पार्ट यानी प्रीक्वल की शूटिंग बाद में शुरू होगी। यह एक एक्शन-ड्रामा है। उधर, 'एल2:एम्पुरान' को पृथ्वीराज सुकुमारन ने डायरेक्ट किया है। इसमें उन्होंने एक्टिंग भी की है। यह 'लुसिफर' का सीक्वल है।

सलमान खान तकदीर बहुत अच्छी हुई तो बुरी फिल्म भी चल जाएगी

बॉलीवुड में लगभग साढ़े तीन दशक से भी ज्यादा का समय बिता चुके सलमान खान का ईद पर सालों से प्रभुत्व रहा है। इस बार वह साउथ के जाने-माने डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस के साथ 'सिकंदर' लेकर आ रहे हैं। सलमान आपकी निजी जिंदगी हो या सोशल मीडिया आपका परिवार प्रेम हमेशा नजर आता है। वो पारिवारिक मूल्य और बॉन्डिंग कहां से आते हैं?

-प्यार तो परिवार से आता है। पालन-पोषण से आता है। मॉम और डैड की जब शादी हुई थी, तो वओ दोनों ही अलग-अलग कल्चर और धर्म से थे। मगर मेरे नाना के लिए मुद्दा ये नहीं था कि मेरे डैड मुसलमान हैं, उनकी समस्या थी कि ये फिल्म इंडस्ट्री का आदमी है। मेरे नाना मेरे पिता से शादी के पांच साल बाद मिले थे, वो भी जब सोहेल पैदा हुआ। उस वक्त उन्होंने मेरे पिता को बहुत प्यार दिया और कहा कि मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती ये हुई है कि उन्होंने पांच साल न मिलकर वक्त बर्बाद किया। एक बार जब मेरी मॉम झगड़कर मायके चली गई थीं, तब मेरे नाना ने कहा था कि अब तुम्हारी अर्थी वहीं से उठेगी। तुम इस तरह से घर छोड़कर यहां मायके मत आना। तुम यहां मिलने-जुलने आ सकती हो, मगर घर छोड़ कर नहीं। लड़ाई-झगड़े तो होते रहते हैं, तुम घर वापस जाओ। वो अच्छा आदमी है। पता नहीं मेरे पिता सलीम खान ने मेरे नाना पर क्या जादू चलाया था। परिवार से हमने बहुत कुछ सीखा और फिर दोस्तों से भी। जिनसे लगा कि ये बहलाने-फुसलाने के लिए आए हैं, उनसे हम दूर ही रहे हैं। हम जब 18-20 साल के हुए, तो हमारे पिता के दोस्त हमारे दोस्त बन गए। हमारे फ्रेंड्स हमारे फादर के फ्रेंड्स हो गए। हम भाइयों के दोस्तों का सर्कल भी ब्रदर्स जैसा ही है। अच्छी फिल्म होगी, तो चलेगी और अगर अच्छी नहीं हुई, तो नहीं चलेगी, मगर तकदीर बहुत अच्छी हुई, तो बुरी फिल्म भी चल जाएगी।

मास और क्लास सिनेमा का जो सेपरेशन था, वो तो एकदम से हिल गया है। आज आप मल्टीप्लेक्स में भी चले जाओ, तो सीटी-वीटी मारने का चलन वहां भी देखने मिलता है। मगर मैं हमेशा कहता हूं कि सिंगल थिएटर में जो ब्लैक में इतने सारे पैसे खर्च करके टिकट लेते हैं, उनको मल्टीप्लेक्स में जाकर ही फिल्म देख लेनी चाहिए। मगर कई बार पीवीआर और आइनॉक्स वाले भी गेटी-गैलेक्सी में फिल्में देखने जाते हैं। असल में वो उस मासी फीलिंग के लिए इन थिएटरों में जाते हैं। मैं हमेशा कहता हूं कि सिंगल थिएटर में जो ब्लैक में इतने सारे पैसे खर्च करके टिकट लेते हैं, उनको मल्टीप्लेक्स में जाकर ही फिल्म देख लेनी चाहिए।

आपकी फिल्म के साथ साउथ के जाने -माने स्टार मोहनलाल की 'एम्पुरान' भी रिलीज हो रही है। साउथ के तमाम एक्टर्स एक्टर के रूप में आपका काफी सम्मान करते हैं।

सलमान खान बोले-बतौर एक्टर मोहनलाल सर को मैं बहुत पसंद करता हूं। पृथ्वीराज इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि ये कमाल की फिल्म होगी। इसके बाद 'जाट' भी आएगी, तो मैं तो कहूंगा कि जितनी भी मल्टीनैशनल कंपनियां हैं, उन्हें अपने कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ा देनी चाहिए। जाहिर-सी बात है, तीन-तीन फिल्में आ रही हैं।

जावेद अख्तर ने दिया मोहनलाल और ममूटी का साथ

साउथ के स्टार्स मोहनलाल और ममूटी लंबे समय से एक-दूसरे के अच्छे दोस्त हैं। कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि 73 साल के ममूटी को कैंसर हो गया है और उन्हें इलाज के लिए काम से छुट्टी ली है। पर उनकी टीम ने इस अफवाह का खंडन कर दिया। पर इसी के तुरंत बाद मोहनलाल को सबरीमाला मंदिर में पूजा करते देखा गया। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि उन्होंने ममूटी की सेहत के लिए प्रार्थना की है। इसके लिए उन्होंने मंदिर में नाम लिखकर भी दिया, जो लीक हो गया और इसके बाद अब धर्म के नाम पर हल्ला मच गया है। आलोचकों का कहना है कि ममूटी एक मुस्लिम हैं और अगर उनके कहने पर पूजा की गई थी तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए। अब इस पर जाने-माने राइटर जावेद अख्तर ने चुप्पी तोड़ी है।

जावेद अख्तर ने बुधवार को एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'मैं चाहता हूं कि भारत के हर ममूटी के पास मोहनलाल जैसा दोस्त हो और हर मोहनलाल के पास ममूटी जैसा दोस्त हो। यह स्पष्ट है कि उनकी महान दोस्ती कुछ छोटे, संकीर्ण सोच वाले, तुच्छ और नकारात्मक लोगों की समझ से परे है, लेकिन किसे परवाह है।'

बता दें कि मोहनलाल ने 18 मार्च को सबरीमाला मंदिर में 'उषा पूजा' के दौरान पुजारी को एक नोट सौंपा, जिसमें ममूटी के जन्म का नाम मुहम्मद कुट्टी और उनके जन्म नक्षत्र विशाखम का उल्लेख था। बाद में देवस्वोम ऑफिस से इसकी पुष्टि करने वाली एक रसीद वायरल हो गई। देवस्वओम बोर्ड राज्य सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय हैं, जो केरल में हिंदू मंदिरों और उनकी संपत्तियों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार हैं।

ममूटी मांगें माफी!

मोहन लाल के इस कदम पर सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ लोगों ने इसे सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक माना, तो कुछ ने दावा किया कि मुस्लिम की ओर से हिंदू प्रार्थना करना इस्लामी मान्यताओं के विपरीत है। आलोचकों का कहना है कि ममूटी एक मुस्लिम हैं और अगर उनके कहने पर पूजा की गई थी तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

'सिर्फ अल्लाह की प्रार्थना करनी चाहिए'

इन्फ्लुएंसर और 'मध्यमम' न्यूजपेपर के पूर्व एडिटर ने ममूटी से माफी मांगने को कहा कि अगर उन्होंने मोहनलाल से उनकी ओर से प्रार्थना करने को कहा था। उन्होंने इस्लामी कानूनों का हवाला देते हुए कहा कि इस्लामी आस्था का पालन करने वाले व्यक्ति को केवल अल्लाह की प्रार्थना करनी चाहिए।

मोहनलाल ने कही थी ये बात

इस पर मोहनलाल ने कहा था कि उन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ ममूटी का नाम और स्टार भी जमा किया है। मोहनलाल के साथ मौजूद फिल्ममेकर पृथ्वीराज सुकुमारन ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब उन्होंने ऐसा कुछ किया हो। उन्होंने कहा, 'इस बार, यह खबर बन गई।'

अर्चना पूरन सिंह के बेटे ने वेटर बनकर जीता सबका दिल

फर्राटेदार टपोरी स्टाइल देख लोग बोले- नेपो किड्स फेल हैं

बॉलीवुड अदाकारा अर्चना पूरन सिंह ने हाल ही में अपने परिवार के साथ एक मजेदार पाव भाजी चैलेंज लिया। अपने नए व्लॉग में उन्हें मुंबई में परिवार के साथ नाश्ते के लिए बाहर जाते हुए देखा गया। हालांकि, जिस चीज़ ने सभी का ध्यान खींचा वह थी उनके बेटे आर्यमान की एक्टिंग स्किल। जैसे ही वे रेस्टोरेंट पहुंचे और ऑर्डर देने वाले थे, आर्यमन वेटर बन गए और मेन्यू सुनाना शुरू कर दिया। उन्हें टी-शर्ट पहने और स्लिंग बैग लिए देखा गया। उनकी इस मजेदार एक्टिंग ने न केवल उनके परिवार को खूब हंसाया बल्कि इंटरनेट पर भी खूब चर्चा बटोरी। यह क्लिप ऑनलाइन सामने आई और कई यूजर्स ने महसूस किया कि वह नेपो किड्स से बेहतर हैं।

एक कमेंट में लिखा था- उसके पास एक कला है और उसका सेंस ऑफ ह्यूमर भी बहुत बढ़िया है। एक ने कहा- उसकी मां से मिली है कॉमेडी। एक इंटरनेट यूजर ने लिखा- यार, वह बहुत अच्छा है।

सलमान खान ने एज गैप पर फिर तोड़ी चुप्पी

33-31 साल छोटी अनन्या-जान्हवी संग करेंगे काम!

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में बिजी हैं। उन्होंने ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अपने से आधी उम्र की एक्ट्रेसेस के साथ काम करने पर अपनी चुप्पी तोड़ी थी। अब उन्होंने कहा है कि वो अनन्या पांडे और जान्हवी कपूर जैसी एक्ट्रेसेस के साथ काम करना पसंद करेंगे। लोग उम्र के अंतर के बारे में बात करते हैं, लेकिन वो इसे जारी रखेंगे।

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' जल्द ही थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। वो अपनी फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी हीरोइन रश्मिका मंदाना संग उम्र के अंतर पर चुप्पी तोड़ी थी। अब उन्होंने कहा है कि वो अनन्या पांडे और जान्हवी कपूर जैसी एक्ट्रेसेस के साथ काम करना पसंद करेंगे। भले ही लोग उम्र के फासले के बारे में तंज कसें।

सलमान ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'अगर मैं अनन्या या जान्हवी के साथ काम करना चाहता हूं तो लोगों ने मेरे लिए इसे मुश्किल बना दिया है, क्योंकि फिर वे उम्र के अंतर के बारे में बात करते हैं।

सेक्रेड गेम्स एक्ट्रेस एलनाज को मिली धमकी

प्राइवेट फोटोज भेजकर ब्लैकमेलर ने लिखा, रिप्लाई नहीं दिया तो लीक कर दूंगा, साइबर सेल से ली मदद

सेक्रेड गेम्स, तेहरान, जुग जुग जियो जैसी सीरीज और फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस एलनाज नोरौजी को हाल ही में उनकी प्राइवेट फोटोज लीक करने की धमकी मिली थी। मेल पर एक्ट्रेस को उनकी कुछ प्राइवेट फोटोज भी भेजी गई थीं, जिसके बाद उन्होंने साइबर सेल में इसकी शिकायत दर्ज करवाई है। इस मामले में स्विटजरलैंड से एक शख्स की गिरफ्तारी हुई है।

हाल ही में ई-टाइम्स को दिए इंटरव्यू में एलनाज नोरौजी ने बताया है कि दिक्कतें तब शुरू हुईं, जब उन्होंने जनवरी में अपना मेल ओपन किया। उस इमेल की सब्जेक्ट लाइन में उनके ई-मेल का पासवर्ड लिखा हुआ था, जिससे वो घबरा गईं। उस मेल में उनकी कुछ प्राइवेट तस्वीरों के साथ धमकी दी गई थी। लिखा गया था कि अगर वो मेल का जवाब नहीं देतीं तो उनकी तस्वीरें ऑनलाइन पोस्ट कर लीक कर दी जाएंगी। एलनाज ने आगे बताया है कि मेल मिलते ही उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम सेल में इसकी शिकायत दर्ज करवाई थी। साइबर सेल की जांच में सामने आया है कि वो मेल स्विट्जरलैंड के सर्वर से भेजा गया था। लेकिन इससे जुड़े किसी शख्स की जानकारी सामने नहीं आ सकी है, क्योंकि सर्वर पर यूजर की इन्फॉर्मेशन नहीं है। वो अकाउंट बंद कर दिया गया है हालांकि एलनाज को अब भी डर है कि कहीं उन्होंने दोबारा मेल न आए।

एक्शन का होगा रिएक्शन: बस ट्रंप के ऐलान का इंतजार

झटके में बदलेगा भारत का रुख

नई दिल्ली,27 मार्च (एजेंसियां)। पूरी दुनिया के साथ भारत को भी 2 अप्रैल का इंतजार है। अमेरिका से अगर भारत को जवाबी टैरिफ में छूट मिलती है तो दोनों देशों के बीच व्यापार आसान होगा। हालांकि, ऐसा नहीं होने पर एक्शन का रिएक्शन देखने को मिलेगा। अमेरिका की ओर से लगाए जाने वाले संभावित जवाबी शुल्क पर भारत उचित प्रतिक्रिया देगा। अधिकारियों का कहना है कि अभी भी इस मुद्दे पर बहुत अनिश्चितता है। लेकिन, भारत तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया था कि वह 2 अप्रैल को जवाबी शुल्क घोषणा में ज्यादा छूट नहीं देंगे। भारतीय पक्ष बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौता) को जल्द से जल्द पूरा करना चाहता है। 2 अप्रैल की डेडलाइन नजदीक है। लेकिन, इसके इर्द-गिर्द बहुत अनिश्चितता है। सबसे बड़ी अनिश्चितता तो यही है कि अमेरिका सर्फि टैरिफ की घोषणा करेगा या लागू कर देगा। इस तरह की रिपोर्ट भी आ चुकी हैं कि अमेरिका टैरिफ लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं है। ट्रंप खुद कह चुके हैं कि कुछ देशों को 2 अप्रैल से लगने वाले जवाबी शुल्क से छूट मिल सकती है।

व्यापार को लेकर कुछ चिंताएं

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार को लेकर कुछ चिंताएं हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत कुछ चीजों पर टैरिफ कम करे। वहीं, भारत भी अमेरिका से कुछ चीजों के लिए इसी तरह की अपेक्षा रखता है। अगर दोनों देश आपस में समझौता कर लेते हैं तो दोनों को फायदा होगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशंस का मानना है कि भारत को अमेरिका से टैरिफ में छूट मिलनी चाहिए। उसका कहना है कि भारत अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा। वहीं, थिंक टैंक जीटीआरआई का मानना है कि भारत को छूट मिलना मुश्किल है। उसके मुताबिक, ट्रंप भारत को हाई-टैरिफ रखने वाला देश मानते हैं। अगर भारत को छूट मिलती है तो उसे कुछ चीजों पर समझौता करना पड़ सकता है। भारत और अमेरिका के अधिकारी इस मामले पर बात कर रहे हैं।

वे 2025 तक समझौते पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। इंडस्ट्री को डर है कि जवाबी शुल्क लगने से नौकरियों पर असर पड़ेगा। सरकार ने संसद को बताया है कि फरवरी के बजट के बाद भारत का औसत औद्योगिक शुल्क 10.66% हो गया है। भारत ने अमेरिका से आने वाले कई उत्पादों पर आयात शुल्क कम कर दिया है। बीटीए पर बातचीत शुरू हो गई है। दोनों देश व्यापार को संतुलित करने की कोशिश कर रहे हैं। इकनॉमिक टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया है कि अमेरिका के शुल्क लगाने पर भारत उचित जवाब देगा। अभी यह कहना मुश्किल है कि क्या होगा। एक अधिकारी ने कहा, 'हमें नहीं पता कि क्या होगा। इसमें थोड़ी अनिश्चितता है। शुल्क लगाए जाएंगे या नहीं, हम देखेंगे और उचित प्रतिक्रिया देंगे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी योजना से भारतीय उद्योग चिंतित हैं। वे चाहते हैं कि बीटीए जल्द पूरा हो जाए। इंडस्ट्री को डर है कि अमेरिका के जवाबी शुल्क से उन्हें नुकसान होगा। अधिकारी ने कहा, 'इंडस्ट्री डरी हुई है। बहुत सारी नौकरियां खतरे में हैं। वे इसे जल्द से जल्द करना चाहते हैं, नहीं तो उन्हें अमेरिका के जवाबी शुल्क से नुकसान होगा।' इंडस्ट्री चाहती है कि शुल्क लगने से बचा जाए या इसे टाला जाए। अगर शुल्क लगाए जाते हैं तो इंडस्ट्री सरकार से सुरक्षा चाहती है और इस बारे में सरकार को लिख चुकी है। सरकार ने संसद को बताया कि फरवरी के बजट के बाद भारत का साधारण औसत औद्योगिक शुल्क 10.66% तक कम हो गया है। भारत ने पहले ही कई उत्पादों पर आयात शुल्क कम कर दिया है। ये मुख्य रूप से अमेरिका से आते हैं। बीटीए पर आधिकारिक बातचीत बुधवार को शुरू हो गई है।दूसरे अधिकारी ने कहा कि बीटीए के लिए बातचीत अच्छी तरह से चल रही है। कुछ उद्योग, जैसे सिंथेटिक टेक्सटाइल और ऑटो कंपोनेंट्स, इसे अपनी सप्लाई चेन में विविधता लाने के अवसर के रूप में देखते हैं।

सोना 164 रुपए बढ़कर 87,955 रुपए पर पहुंचा : चांदी 98,938 रुपए किलो बिक रही कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। सोने और चांदी के दाम में आज यानी 27 मार्च को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 164 रुपए बढ़कर 87,955 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 87,791 रुपए पर था। 20 मार्च को सोने ने 88,761 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। एक किलो चांदी की कीमत 144 रुपए बढ़कर 98,938 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 98,794 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने पिछले हफ्ते 17 मार्च को 1,00,400 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

महानगरों में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,990 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,840 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 82,350 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 89,840 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,840 रुपए है।

भोपाल: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,890 रुपए है। **हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 89,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 82,350 रुपये है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 11,636 रुपए बढ़कर 87,955 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 12,921 रुपए बढ़कर 98,938 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

हुरुन रिच लिस्ट : मुकेश अंबानी देश में सबसे अमीर

नेटवर्थ 8.6 लाख करोड़ रुपये; अडाणी दूसरे नंबर पर, एचसीएल की रोशनी नाडार पहली बार टॉप-10 में



नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भारत के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब बरकरार रखा है। दूसरे नंबर पर अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी है। वे भारत के सबसे बड़े वेल्थ गेनर है। उनकी नेटवर्थ में 13% (1 लाख करोड़ रुपये) की बढ़ोतरी हुई है। एचसीएल की रोशनी नाडार तीसरे नंबर पर है। वह भारत के टॉप 10 सबसे अमीर व्यक्तियों में इकलौती महिला हैं। हाल ही में एचसीएल के फाउंडर शिव नाडार ने बेटी रोशनी को कंपनी की 47% हिस्सेदारी ट्रांसफर की थी। इस कारण पहली बार वह अमीरों की टॉप टेन लिस्ट में शामिल हुई हैं।

इलॉन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति

टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मालिक इलॉन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मस्क की नेटवर्थ में 82% (189 बिलियन डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है। अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस दूसरे नंबर पर है। हुरुन एक रिसर्च ऑर्गनाइजेशन है जो दुनियाभर में वेल्थ, आंत्रप्रेन्योरशिप और इकोनॉमिक ट्रेंड्स पर केंद्रित है। ऑफिशियली इसे हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट के रूप में जाना जाता है। इसकी स्थापना 1999 में ब्रिटिश अकाउंटेंट और शोधकर्ता रूपर्ट हूगेवेरफ ने की थी।

सेंसेक्स 317 अंक चढ़कर 77,606 पर बंद

निफ्टी 105 अंक चढ़ा; ट्रम्प के 25% टैरिफ से टाटा मोटर्स का शेयर 5.38% गिरा

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। आज यानी, गुरुवार (27 मार्च) को सेंसेक्स 317 अंक चढ़कर 77,606 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 105 अंक की तेजी रही, ये 23,591 के स्तर पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और इंडसइंड बैंक सेंसेक्स के टॉप गेनर्स रहे। इनमें करीब 3% की तेजी रही। वहीं टाटा मोटर्स, सनफार्मा और एचयूएल में गिरावट रही। टाटा मोटर्स 5.38% नीचे बंद हुआ। सेक्टोरल इंडाइसेज में निफ्टी ऑटो में सबसे ज्यादा 1.04% की गिरावट रही। जबकि सरकारी बैंक 2.50%, मीडिया 1.52% और रियल्टी सेक्टर 1.35% ऊपर बंद हुए।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायण - ऋतु - बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-17
भोग्य कलि वर्ष-426875 सूर्यास्त - 18-25
कलियुग संवत -5125 वर्ष
कल्पारंभ संवत -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य-	मीन में	मीन....	05-35 बजे
चंद्र-	कुंभ में	मेष---	07-11 बजे
मंगल	मिथुन में	वृष---	08-56 बजे
बुध-	मीन में	मिथुन..	10-57 बजे
गुरु-	वृष में	कर्क....	13-08 बजे
शुक्र-	मीन में	सिंह---	15-24 बजे
शनि-	कुंभ में	कन्या---	17-28 बजे
राहु-	मीन में	तुला---	19-32 बजे
केतु-	कन्या में	वृश्चिक..	21-42 बजे
		धनु......	23-56 बजे
		मकर....	02-03 बजे
		कुंभ....	03-53 बजे

दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी 19:55 तक उपरान्त अमावस्या
मास - चैत्र कृष्ण ,शुक्रवार 28 March
नक्षत्र - पूर्वाभाद्रपद 22:09 तक उपरान्त उ.भाद्रपद
योग - शुक्ल 02:06 तक उप ब्रह्म
करण- विष्टी 09:32 तक उप शकुनि
विशेष-
व्रत -त्योहार - भद्राकाल - 09-33 से

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

राहुकाल 10:50 से 12:21 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
चंचल	06:17 - 07:47	शुभ	रोग	18:25 - 19:56	अशुभ
लाभ	07:47 - 09:18	शुभ	काल	19:56 - 21:24	अशुभ
अमृत	09:18 - 10:50	शुभ	लाभ	21:24 - 22:52	शुभ
काल	10:50 - 12:21	अशुभ	उत्पात	22:52 - 00:21	अशुभ
शुभ	12:21 - 13:53	शुभ	शुभ	00:21 - 01:49	शुभ
रोग.	13:53 - 15:24	अशुभ	अमृत.	01:49 - 03:17	शुभ
उत्पात	15:24 - 16:56	अशुभ	चंचल	03:17 - 04:46	शुभ
चंचल	16:56 - 18:25	शुभ	रोग	04:46 - 06:17	अशुभ

आपका राशिफल

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
सामान्यत आप काफी स्पष्ट सोच रखते हैं ,लेकिन आज आप अपनी निजी समस्याओं और अपनी असुरक्षाओं से घिरे होने के कारण स्पष्ट नही सोच पायेंगे । इसलिए आज का दिन किसी नए काम को हाथ में लेने या नयी साझेदारी के लिए उपयुक्त नही है । आपके आज के फैसले गलत हो सकते हैं । इसीलिए भविष्य के कार्यक्रमों की योजना आज बनाना सही नही है । आज आराम करें ।

वृष (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज आपके विचार उलझे और बिखरे हुए से हैं । आप एक साथ बहुत सारी बातों के बारे में सोच रहे हैं । इसका परिणाम यह होगा की आज कोई भी काम पूरा नही कर पायेंगे । ध्यान को केन्द्रित रखने की जरुरत है । थोडा सा मानसिक अभ्यास करें और दूसरों से सलाह ना लें क्योंकि अलग-अलग सलाह से आप और भी उलझते जायेंगे ।

मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे । लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें । कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है । हर रोज अपने शरीर का ध्यान रखना शुरू करें।

कर्क (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
यह समय दोस्तों के साथ हल्का –फुल्का समय गुजारने के लिए बहुत अच्छा है । कोई पार्टी करें या शाम को मस्ती के साथ गुजरें,आप पार्टी की जान बने रहेंगे । इस दौरान आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिलेंगे जिसकी रुचियाँ आप जैसी होंगी और वो आप जैसे कार्यकलापों का आनंद लेगा । आपको अपनी क्षमता का अनुभव भी होगा ।

सिंह (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
अपनी आँखें खुली रखें ,आज आपकी मुलाकात अपने सपनों के साथी से हो सकती है |प्रेम पाने की सम्भावना आज प्रबल है । हालाँकि अलग से अंदाज के कारण उसे पहचानना मुश्किल हो सकता है । आज आपको किसी अप्रत्याशित व्यक्ति से उपहार भी मिल सकता है । कुल मिलकर आज का दिन आपके लिए घटनाओं से भरा रहेगा ।

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज का दिन भावनात्मक रहेगा । आपको अपने अंतरतम की भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति भी आ सकती है आप को इससे थोडा सा डर रहेगा क्योंकि आपने इससे पहले ऐसा कभी नही किया है । लेकिन अगर आप ऐसा करेंगे तो आपको भावनात्मक संतुष्टि मिलेगी । आपका कोई करीबी भी आज भावनाओ में बहकर बात करेगा लेकिन आपको जमीन से जुड़े रहकर उपयुक्त प्रतिक्रिया देनी है ।

तुला (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आप पिछले कई दिन से बेचैन और नाखुश सा अनुभव कर रहें हैं लेकिन आज आपका रुख इस समस्या को और अधिक गंभीरता से लेने का है । आपको यह जानना है कि इस समस्या की जड़ क्या है ,आज का दिन इस काम के लिए सबसे बेहतर है । लम्बे समय से उपेक्षित कुछ कामो की योजना बनाने के लिए भी अच्छा दिन है ।

वृश्चिक (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आपका झुकाव आज कुछ हद तक आध्यात्मिकता की ओर रहेगा । आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं या किसी तीर्थ की यात्रा कर सकते हैं । प्रेरणात्मक साहित्य पढ़ें या किसी महान नायक की जीवनी पढ़ें,हो सकता है कि इसमें से आपको अपने जीवन के लिए कुछ बहुत अच्छा हासिल हो जाए । किसी गंभीर या कडवी स्थिति से बचने की कोशिश करना ही बेहतर रहेगा । इसके स्थान पर दिमाग को शांत रखकर दिन बिताएं तो राहत महसूस होगी ।

धनु (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आपके सामने नए अवसर प्रस्तुत होने वाले हैं । आप आज तक अपनी जिस प्रतिभा को केवल हॉबी मानते आये थे,उससे अपनी आजीविका कमा सकते हैं । जीवन के हर क्षेत्र में नए बदलाव होंगे जो आपके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देंगे । आप अपने जीवन से संतुष्ट अनुभव करेंगे ।

मकर (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा । आपके लिए कल्पनात्मक सा समय है । इसीलिए रोमांस का आनंद लें । रोमांस में कल्पना लाने से आपके लिए अच्छा होगा लेकिन अगर आप ऑफिस में भी यही करने की कोशिश करेंगे तो परिणाम अच्छे नही होंगे ।

कुंभ (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज आप किसी भी ,अच्छे-बुरे तरीके से अपना लक्ष्य पा लेने के मूड में हैं । काफी समय तक हाशिये पर रहने के बाद आपको आज अपने ग्रहों की बदौलत काफी आत्मविश्वास का अनुभव होगा । आप अपनी मानसिक प्रवृति के आधार पर फैसले ले सकते हैं,यकीन मानिए वे सही ही साबित होंगे ।

मीन (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आप आज किसी अपराजेय शक्तिपुंज के समान महसूस करेंगे और किसी भी विरोध पर आसानी से विजय हासिल कर लेंगे । आज का दिन उस काम को करने का बहुत अच्छा दिन है जो आप काफी समय से करने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि आज आपको कोई नही रोक सकता । आज का दिन अपने सबसे महत्वपूर्ण काम करें,सफलता आपके कदम चूमेगी ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

मरीजों को लग सकता है 3,788 करोड़ का झटका, महंगी होने वाली है कैंसर और डायबिटीज की दवा!

नई दिल्ली,27 मार्च (एजेंसियां)। दवा की कीमत को काबू में रखने के लिए सरकार ने कई दवाओं को प्राइस कंट्रोल लिस्ट में डाला है। सरकार का दावा है कि इस कारण मरीजों को सालाना करीब 3,788 करोड़ रुपये की बचत होती है। लेकिन अब सरकार के नियंत्रण वाली दवाइयां महंगी हो सकती हैं। इनमें कैंसर, डायबिटीज, दिल की बीमारियों और एंटीबायोटिक दवाएं शामिल हैं। बिजनस टुडे की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है कि इन दवाओं की कीमत में 1.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी देश में दवाओं की कीमतें तय करती है। कीमतों में बढ़ोतरी से दवा कंपनियों को राहत मिलेगी लेकिन मरीजों की मुश्किल बढ़ेगी। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि इस कदम से दवा कंपनियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि कच्चे माल और अन्य खर्चों की लागत बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दवाओं की नई कीमतों का बाजार में असर दो से तीन महीने में देखने को मिलेगा। इसकी वजह यह है कि बाजार में दवाओं का करीब 90 दिनों का स्टाक रहता है। यानी अगले कई महीनों तक बाजार में

पुरानी कीमत पर ही दवाएं बिकती रहेंगी।

कितने की बचत

रसायन और उर्वरक पर संसद की स्थायी समिति के एक अध्ययन में पता चला कि दवा कंपनियां बार-बार दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी करके नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। इसका मतलब है कि सरकार ने जितना दाम बढ़ाने को कहा था, उससे ज्यादा दाम बढ़ा रहे थे। एनपीपीए को दवा कंपनियों द्वारा उल्लंघन के 307 मामले मिले हैं। एनपीपीए, ड्रग (प्राइसेस कंट्रोल) ऑर्डर , 2013 के मुताबिक दवाओं की अधिकतम कीमतें तय करती है। कोई भी कंपनी सरकार द्वारा तय की गई कीमत से ज्यादा पर दवाई नहीं बेच सकती। हाल ही में रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने कहा था कि कि राष्ट्रीय आवश्यक दवाओं की सूची, 2022 में सूचीबद्ध दवाओं की कीमतों में कमी के कारण मरीजों को लगभग 3,788 करोड़ रुपये की सालाना बचत हुई।

बस, मेट्रो के बाद अब दूध पीना भी होगा मुहाल, 4 रुपए किलो बढ़ गए दाम

दूध के दाम में बढ़ोतरी की मार उगादी त्योहार मना रहे राज्य के लोगों पर पड़ी है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के

बैंगलुरू, 27 मार्च (एजेंसियां)।बस और मेट्रो का किराया बढ़ाने के बाद कर्नाटक की सरकार ने अब दूध की कीमतों में इजाफा कर दिया है। महंगाई के इस दौर में दूध की कीमतों में इजाफा आम लोगों के लिए बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्यों में शुमार कर्नाटक सरकार ने नंदिनी दूध की कीमतों में 8 से 9 फीसदी यानी 4 रुपए रुपए तक का इजाफा कर दिया है। नंदिनी के हर पैकेट के दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर कर्नाटक में दूध के दाम कितने हो गए हैं।

दूध के दाम में इजाफा

कर्नाटक की प्रदेश सरकार ने दूध के दाम बढ़ाकर राज्य के लोगों को बड़ा झटका दिया है। नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में नंदिनी दूध के दाम में 4 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी गई है। संशोधित कीमत शुक्रवार से लागू होंगी। खास बात ये है नंदिनी दूध का सबसे सस्ता एक लीटर का पैकेट 48 रुपए हो गया है। और सबसे महंगा पैकेट 60 रुपए का हो गया है। ये पहली बार है कि नंदिनी दूध 60 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

कितने हो गए नंदिनी दूध के दाम

नीला पैकेट वाला दूध 44 रुपए का था, जो बढ़कर 48 रुपए प्रति लीटर हो गया है। वहीं नारंगी पैकेट वाला दूध जो 54 रुपए का है, उसकी कीमत बढ़कर 58 रुपए प्रति लीटर हो जाएगी। समृद्धि दूध का पैकेट 56 रुपए का है, जो शुक्रवार से बढ़कर 60 रुपए प्रति लीटर हो जाएगा। ग्रीन स्पेशल जो 54 रुपए काा मिल रहा है, उसकी कीमत शुक्रवार से 58 रुपए प्रति लीटर होने जा रही है। सामान्य ग्रीन दूध का पैकेट 52 रुपए का है, जो शुक्रवार से 56 रुपए प्रति लीटर हो जाएगा।

क्या अमूल और मदर डेयरी भी बढ़ाएंगे दाम ?

अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या नंदिनी के बाद अमूल और मदर डेयरी की दूध की कीमतों में इजाफा होगा। वैसे मौजूदा साल में जनवरी के महीने में अमूल ने अपने गोल्ड, ताजा और टी स्पेशल दूध के 1-लीटर पैक की कीमत में 1 रुपए की कमी की है। यह कमी केवल 1-लीटर पैक पर लागू होगी। वहीं दूसरी ओर बाकी सामान्य दूध की कीमतों में कोई कमी नहीं की थी। पिछले साल जून के महीने में अमूल ने सभी तरह की दूध की कीमतों में 2 रुपए का इजाफा किया था। इस दौरान नंदिनी मिल्क ने भी 2 रुपए का इजाफा किया था। जबकि साल 2023 में नंदिनी ने 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी।

कौन हैं के मेहता जिसका खतरनाक वीडियो खुद गौतम अडानी ने किया पब्लिक के साथ शेयर

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। जब आपका हौसला बुलंद होता है तो कोई भी चुनौती आपको बड़ी नहीं लगती। ऐसा ही कुछ अडानी ग्रुप के एक कर्मचारी ने कर दिखाया है जिनका नाम के मेहता है। इन्होंने व्हीलचेयर पर रहते हुए बंजी जंपिंग कर सबको हैरान कर दिया है। उनके इस साहसिक कारनामे की चर्चा हर जगह हो रही है। खुद गौतम अडानी ने भी उनकी तारीख की है और उन्हें लोगों के लिए प्रेरणा बताया है।के मेहता अडानी ग्रुप में काम करते हैं वो लंबे वक्त से व्हीलचेयर पर हैं। एडवेंचर का शौक रखने वाले के मेहता ने अपनी लिमिट्स को पुश करते हुए बंजी जंपिंग करने का फैसला किया। आमतौर पर यह स्पोर्ट्स काफी जोखिम भरा होता है, लेकिन व्हीलचेयर पर रहते हुए उन्होंने इसे काफी आसान बना दिया जो चमत्कार से कम नहीं है।रोमांचक स्टंट को उन्होंने ऋषिकेश के मशहूर बंजी जंपिंग पॉइंट से किया है, जहां कई फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई। सेफ्टी के पुख्ता इंतजामों के बीचे जैसे ही उन्होंने जंप लगाया, वहां पर मौजूद दर्शक भी हैरान हो गए और तेजी से तालियों की गड़गड़ाहट से उनका हौसला और बढ़ा दिया। गौतम अडानी ने इस पोस्ट को शेयर करते हुए

लिखा कि अधिकतर लोग रोमांच के लिए ऐसा करते हैं। हमारे अपने अडानी के कर्मचारी मेहता ने "ऋषिकेश की ऊंचाइयों से, एक ऐसी छलांग लगाई जिसने दुनिया को बता दिया, कोई भी बाधा, कोई भी डर, इच्छाशक्ति को नहीं रोक सकता। आप सिर्फ हमें सिर्फ प्रेरित ही नहीं करते, आप अदानियन होने का मतलब फिर से परिभाषित करते हैं। हम करके दिखाते हैं।जब से सोशल मीडिया पर गौतम अडानी ने यह वीडियो शेयर किया है तब से ही इसे हजारों लोगों ने देखा और लाइक किया। इसके बाद से यूजर्स ने के मेहता की जमकर तारीख भी की।

इसपर एक यूजर ने लिखा कि हम अडानी ग्रुप कहते नहीं करके दिखाते हैं। तो एक यूजर ने लिखा कि। बंजी जंपिंग वैसे ही इतना हौसले वाला काम है, व्हील चेयर पर तो ये काफी मुश्किल हो जाता है।

गर्मियां शुरू होने से पहले छूटा बांग्लादेश का पसीना गौतम अडानी को शुरू किया बकाये का भुगतान

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।अडानी ग्रुप की बिजली कंपनी ने बांग्लादेश को पूरी बिजली सप्लाई फिर से शुरू कर दी है। कुछ महीने पहले बांग्लादेश से बकाये का भुगतान नहीं होने के कारण कंपनी ने बिजली की सप्लाई आधी कर दी थी। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन रेजाउल करीम ने गुरुवार को कहा कि हम अडानी को नियमित रूप से भुगतान कर रहे हैं और अपनी जरूरत के हिसाब से बिजली ले रहे हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि कितना पैसा दिया गया है और क्या पहले का बकाया चुका दिया गया है। डेटा से पता चलता है कि अडानी ने दो हफ्ते पहले ही बिजली की सप्लाई बढ़ा दी थी। खबर आने के बाद कंपनी के शेयरों में 2% से ज्यादा तेजी आई। हालांकि इस साल अडानी पावर के शेयरों में लगभग 5% की गिरावट आई है। अडानी पावर लिमिटेड ने पिछले साल नवंबर में अपनी 1,600 मेगावाट की कोयला आधारित बिजली प्लांट से बांग्लादेश को सप्लाई आधी कर दी थी। यह प्लांट झारखंड के गोड्डा में है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि बांग्लादेश समय पर भुगतान नहीं कर पा रहा था। उस समय बांग्लादेश विदेशी मुद्रा संकट से जूझ रहा था। बिजली की सप्लाई फिर से शुरू होने से बांग्लादेश को गर्मी के महीनों में ब्लैकआउट से बचने में मदद मिलेगी। इस बार गर्मी में वहां तापमान 38 डिग्री सेल्सियस या उससे भी ज्यादा हो सकता है। बांग्लादेश पर अडानी का बकाया एक समय 850 मिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया था। अब यह 800 मिलियन डॉलर है और अगले छह महीनों में इसे चुका दिया जाएगा। बीपीडीबी ने अडानी के कर्जदाताओं को गारंटी भी दी है ताकि कंपनी को काम करने के लिए पैसे की कमी न हो। अडानी ग्रुप के किसी भी प्रतिनिधि ने इस पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। बिजली की सप्लाई फिर से शुरू होना दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को सुधारने की दिशा में बड़ा कदम है।

इंफोसिस में फिर 40 से अधिक कर्मियों की छंटनी की खबर

पिछले महीने ही निकाले गए थे 350 लोग

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।सॉफ्टवेयर दिग्गज इंफोसिस ने बुधवार को अपनी मैसूर शाखा से कम से कम 30 से 45 प्रशिक्षुओं को नौकरी से निकाल दिया। खबरों के अनुसार, ये प्रशिक्षु कथित तौर पर कंपनी के आंतरिक मूल्यांकन मानकों को पूरा करने में विफल रहे।

प्रभावित प्रशिक्षु, जो फाउंडेशन स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का हिस्सा थे, उन्हें मॉक असेसमेंट और संदेह-समाधान सत्रों सहित अतिरिक्त तैयारी के लिए कई अवसर दिए गए थे। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, वे उत्तीर्ण होने के मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए, जिसके कारण उन्हें बाहर कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि बर्खास्तगी का यह फैसला कंपनी की ओर से फरवरी में करीब 350 प्रशिक्षुओं को नौकरी से निकाले जाने के थोड़े समय बाद ही आया है। इन प्रशिक्षुओं को नियुक्ति में काफी देरी का सामना करना पड़ा था, उन्हें काम पर रखे जाने से पहले 2.5 साल से अधिक समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी थी। ताजा छंटनी ने कंपनी के प्रशिक्षण और मूल्यांकन प्रथाओं, विशेष रूप से इसके प्रवेश-स्तर की प्रक्रिया से जुड़ी चिंताएं बढ़ा दी हैं। अपने कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए जानी जाने वालीा इंफोसिस, आमतौर पर अपने नए कर्मचारियों के ऑनबोर्डिंग और कौशल विकास में महत्वपूर्ण संसाधनों का निवेश करती है। हालांकि, कंपनी के आंतरिक मूल्यांकन लगातार सख्त होते जा रहे हैं। और हाल ही में की गई छंटनियां इसी कारण से की गईं हैं। कंपनी ने ताजा छंटनी के बारे में फिलहाल कोई कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

बांग्लादेश में फिर होगा तख्तापलट, हसीना की वापसी होगी

अवामी लीग के नेता बोले– पार्टी को खड़ा कर रहे, हसीना कॉन्टैक्ट में

नई दिल्ली, 27 मार्च (एक्सक्लूसिव डेस्क)। बांग्लादेश में एक बार फिर तख्तापलट की अटकलें हैं। इधर छात्र आंदोलन का चेहरा रहे नाहिद इस्लाम ने अंतरिम सरकार से अलग होकर 'नेशनल सिटिजन पार्टी' बना ली है।

बांग्लादेश में 24 मार्च को आर्मी चीफ वकार उज जमान ने अपने टॉप अफसरों के साथ मीटिंग की। आर्मी चीफ सरकार के कामकाज पर पहले भी नाखुशी जता चुके हैं। इससे चर्चा तेज है कि सेना मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप वाली अंतरिम सरकार को हटाकर खुद सत्ता संभाल सकती है। हालांकि, सेना ने तख्तापलट की खबरों को खारिज कर दिया है।

करीब 8 महीने पहले बांग्लादेश में स्टूडेंट मूवमेंट और शेख हसीना के भारत भागने के बाद अंतरिम सरकार बनाई गई थी। अब सवाल ये है कि मौजूदा हालात में क्या शेख हसीना बांग्लादेश लौट पाएंगी, उनकी पार्टी अवामी लीग का फ्यूचर क्या होगा, देश में होने वाले आम चुनाव में पार्टी की क्या भूमिका होगी? दैनिक भास्कर ने इस पर अवामी लीग के नेताओं, सीनियर जर्नलिस्ट और एक्सपर्ट्स से बात की।

बांग्लादेश अवामी लीग के लीडर सुजीत राय नंदी अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से हैं। वे कहते हैं, '5 अगस्त के बाद से हम डरे हुए हैं। अब भी हमारे पास सिक्योरिटी नहीं है। मैं खुलकर बाहर नहीं निकल सकता। हमारे कार्यकर्ता भी घरों में कैद हैं।' कई पार्टी लीडर्स ने घर छोड़ दिया है। वे छिपकर रह रहे हैं। भीड़ अब भी सड़कों पर घूम रही है। भारत ने हमें आजादी दिलाने में मदद की थी। हमें फिर उससे ही मदद की उम्मीद है। इस मुसीबत से बाहर निकालने में प्लीज हमारी मदद कीजिए।

सुजीत आगे बताते हैं, 'शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के कुछ दिनों बाद हालात बेहतर हुए, तो उन्होंने कुछ लीडर्स के साथ मिलकर अवामी लीग को फिर से खड़ा करने की कोशिश शुरू की। वे नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट कर रही हैं। हम पार्टी को फिर खड़ा करने के प्लान पर काम कर रहे हैं।'

स्टूडेंट आंदोलन से जुड़े नेताओं की मांग थी कि अवामी लीग को बैन कर दिया जाना चाहिए। हालांकि, अंतरिम सरकार ने साफ कर दिया है कि अवामी लीग पर बैन लगाने का कोई प्लान नहीं है। सुजीत राय नंदी इस पर कहते हैं, 'अवामी लीग को कोई बैन नहीं कर सकता। लोग हमारी लीडर शेख हसीना के साथ हैं। अब भी अवामी लीग बांग्लादेश की सबसे बड़ी पार्टी है। 50% से ज्यादा लोग पार्टी को सपोर्ट करते हैं।'

'शेख हसीना के बिना पार्टी को खड़ा करना मुश्किल'

अगर शेख हसीना बांग्लादेश नहीं लौटती हैं तो क्या दूसरे लीडर पार्टी को फिर से खड़ा कर सकते हैं? नंदी जवाब देते हैं, 'बिना शेख हसीना के अवामी लीग खड़ी नहीं हो सकती। उनके खिलाफ देश में कई फर्जी केस लगाए गए हैं। एक चुनी हुई सरकार के खिलाफ साजिश रची गई।' वे आगे कहते हैं, 'गलत लोगों ने देश में दंगा किया और माहौल बिगाड़ा। हालांकि, अब भी बांग्लादेश के लोग शेख हसीना को पसंद करते हैं। इसीलिए उन लोगों को मारने की कोशिश की जा रही है। बांग्लादेश में चुनाव के सवाल पर वे कहते हैं, 'अवामी लीग हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों में यकीन रखती है और जनता के बीच चुनाव लड़कर जीतना जानती है। अगर निष्पक्ष चुनाव होते हैं तो हमारी पार्टी ही जीतेगी। अगर चुनाव में अवामी लीग और शेख हसीना शामिल नहीं होती हैं, तो उस चुनाव का कोई मतलब नहीं है।

'शेख हसीना के बेटे अब पार्टी का भविष्य'

सुजीत रॉय नंदी के मुताबिक, बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से ही शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद एक्टिव हो गए थे। वे लगातार देश के हालात बताते रहे, मीडिया से भी बात करते रहे। वाजेद फिलहाल अमेरिका में बिजनेस संभाल रहे हैं, लेकिन बांग्लादेश में हो रही गतिविधियों पर उनकी नजर है।

अगर हसीना बांग्लादेश नहीं

लौटीं तो क्या उनके बेटे कमान संभाल सकते हैं? सुजीत कहते हैं, 'वे काबिल लीडर हैं। देश को डिजिटल बांग्लादेश बनाने में उनका बड़ा योगदान है। वे हमारी नई पीढ़ी के लिए आदर्श हैं। वे हमारे लिए भविष्य के नेता हैं।'

हमने सुजीत के अलावा पार्टी के दूसरे नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी बात की। ज्यादातर लीडर्स डरे हुए हैं, इसलिए बात नहीं करना चाहते। ये लोग अब भी अंडरग्राउंड हैं और हालात सुधरने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

'अवामी लीग की वापसी इतनी आसान नहीं'

अवामी लीग की मौजूदा स्थिति को जानने के लिए हमने पार्टी को दो दशकों से कवर कर रहे पॉलिटिकल जर्नलिस्ट मोहम्मद जाकिर से बात की। वे कहते हैं, 'आंदोलन करने वाले छात्रों ने नई पार्टी बनाई है। उन्होंने साफ कर दिया है कि बांग्लादेश की राजनीति में अवामी लीग की वापसी स्वीकार नहीं करेंगे।'

'ऐसे में सरकार का ये कहना कि अवामी लीग को बैन नहीं करेंगे, इसकी मंशा साफ नहीं है। बांग्लादेश में ऐसी खबरें भी चल रही हैं कि सेना के अफसरों ने स्टूडेंट लीडर्स से मुलाकात की है। उन्होंने अवामी लीग को बैन न करने पर बात की है। इसका मकसद ये दिखाना है कि आने वाले चुनाव में सभी की बराबर हिस्सेदारी होगी।' 'बांग्लादेश के हालात देखकर मुझे लगता है कि अभी अवामी लीग को फिर से खड़ा कर पाना बहुत मुश्किल होगा। पार्टी भरोसा खो चुकी है। उसके लीडर्स के लिए लोगों तक जाना और उन्हें मनाना आसान नहीं होगा।' क्या शेख हसीना के बिना अवामी लीग फिर से खड़ी हो सकती है? जाकिर कहते हैं, 'अगर कोई सोच रहा है कि साफ छवि वाला लीडर पार्टी का नेतृत्व कर सकता है, तो ये पूरी तरह गलत होगा। अवामी लीग का हर कार्यकर्ता शेख हसीना को ही लीडर मानता है। उनके अलावा कोई दूसरा लीडर पार्टी को नहीं चला सकता।'

बांग्लादेश के पॉलिटिकल एक्सपर्ट मोहम्मद कमरुजमान कहते हैं, 'अवामी लीग बांग्लादेश की सबसे पुरानी पार्टी है। शेख हसीना के कार्यकाल में ये पार्टी देश को सही से चलाने में नाकाम रही है।' 'मर्डर, मनी लॉन्ड्रिंग, उगाही-वसूली और उत्पीड़न के कई मामले सामने आए। छोटे से स्टूडेंट मूवमेंट ने हसीना सरकार गिरा दी। शेख हसीना और अवामी लीग लोगों का भरोसा खो चुकी थी इसलिए ये सब हुआ। 'बांग्लादेश में फिलहाल लोग अवामी लीग के खिलाफ हैं। पार्टी से जुड़े लीडर आगे आकर इसे खड़ा कर सकते हैं, लेकिन 'अवामी लीग' नाम इतना बदनाम हो चुका है कि इसके साथ पार्टी का आगे बढ़ना मुश्किल होगा। मुझे लगता है कि नाम बदलने के साथ-साथ पार्टी में कई बड़े बदलाव करने होंगे। साथ ही अपनी इमेज सुधारने का मैसेज लोगों तक पहुंचाना होगा। ये बात सही है कि अवामी पार्टी बहुत मजबूत रही है, लेकिन छात्रों के आंदोलन ने जिस तरह सरकार गिराई, उसके बाद शेख हसीना ने अपना इकबाल खो दिया है।

इस साल के आखिर में यानी दिसंबर तक बांग्लादेश में चुनाव हो सकते हैं। इसके लिए देश की विपक्षी पार्टियां क्या कर रही हैं? इस पर कमरुजमान कहते हैं 'बांग्लादेश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी है। इसके अलावा जमात-ए-इस्लामी, गण अधिकार परिषद और नेशनल सिटिजन पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुट चुकी हैं।

अभी तख्तापलट मुमकिन नहीं

खबरें आती रहती हैं कि बांग्लादेश में आर्मी तख्तापलट कर सकती है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में चल रही अंतरिम सरकार गिर सकती है। क्या ऐसा हो सकता है, ऐसा हुआ तो शेख हसीना और अवामी लीग का क्या होगा? इसके जवाब में मोहम्मद कहते हैं, 'अगर आर्मी की टॉप मीटिंग की जानकारी लीक की गई है, तो इसका मतलब है कि आर्मी के दूसरे जनरल मौजूदा आर्मी चीफ के समर्थन में न हों।' 'मुझे लगता है कि मौजूदा स्थिति में आर्मी अफसरों के लिए तख्तापलट करना नामुमकिन है। छात्र आंदोलन के बाद से लोगों का जुड़ाव मौजूदा सरकार के साथ है। आम सैनिकों की भावनाएं और उम्मीदें दोनों इस सरकार से जुड़ी हैं। अगर तख्तापलट की कोशिश होगी, तो सेना में बगावत का भी डर होगा।'

'सरकार में आने के बाद से ही डॉ. यूनुस ने अमेरिका, यूएन और कई बड़े देशों से संबंध बनाए हैं। डॉ. यूनुस खुद अर्थशास्त्री हैं, इसलिए लोगों को उनसे आर्थिक तरक्की की भी उम्मीदें हैं। हालांकि, भारत को लेकर बांग्लादेश का रुझान अब भी साफ नहीं है। भारत के साथ रिश्तों का आगे क्या होगा, ये सबसे बड़ा सवाल है।'

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर डॉ. यूनुस के प्रेस सेक्रेटरी शफीकुल आलम कहते हैं कि हमने साफ तौर पर कहा है कि हम अवामी लीग को बैन नहीं करेंगे। हम लोकतांत्रिक बांग्लादेश बनाना चाहते हैं और यही हमारा कमिटमेंट है। हमारा फोकस है कि हिंसा में शामिल नेताओं को न्याय की चौखट तक लेकर आएं। बांग्लादेश में चुनाव कब होंगे? इसके जवाब में आलम कहते हैं, 'हमारी कोशिश है कि अगर सभी पार्टियां सहमत हो जाएं तो साल के आखिर तक दिसंबर में चुनाव कराए जाएं। अगर पार्टियां चुनाव प्रक्रिया में बड़े सुधार की मांग करती हैं, तो 2026 में जून-जुलाई तक चुनाव हो सकते हैं।' न

शेख हसीना के बारे में आलम कहते हैं, 'यूएन की रिपोर्ट ने भी साफ कर दिया है कि उनकी सरकार ने मानवता के खिलाफ अपराध किया है।शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग पर भारत से कोई जवाब नहीं मिला है। क्या बांग्लादेश सरकार इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने की तैयारी कर रही है? आलम कहते हैं, 'हम भारत के सामने बार-बार शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग उठाते रहे हैं। हमारा यही स्टैंड है। हमारे बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण समझौता है। हम उनके प्रत्यर्पण की मांग आगे भी करते रहेंगे।'

महादेव सट्टा, एएसपी अभिषेक के घर दूसरे दिन सीबीआई रेड

भूपेश बोले–मोदी के भाषण का कंटेंट बनाने छापेमारी, प्रदीप मिश्रा से पूछिए सौरभ से क्या संबंध

रायपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। महादेव सट्टा ऐप केस में सीबीआई ने बुधवार को दिल्ली, भोपाल और कोलकाता समेत 4 राज्यों में 60 जगहों पर छापेमारी की। दूसरे दिन गुरुवार को सीबीआई ने राजनांदगांव में एएसपी अभिषेक माहेश्वरी के घर पर छापेमारी की है। 2 गाड़ियों में टीम पहुंची है। एएसपी पर बड़े अधिकारियों तक रकम पहुंचाने का आरोप है।

सीबीआई की रेड के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पीएम मोदी आने वाले हैं। उनके भाषण का कंटेंट बनाने के लिए छापेमारी की गई है। सीबीआई की टीम 3 मोबाइल फोन लेकर गई है। सीएम साय के क्षेत्र में प्रदीप मिश्रा कथा कर रहे हैं। सीबीआई अधिकारी पंडित प्रदीप मिश्रा से पूछे कि उनका सौरभ चंद्राकर से क्या कनेक्शन है।

भूपेश बघेल के घर से रेड के बाद सीबीआई की टीम 3 गाड़ियों में निकली। साथ में डिजिटल और कागजी दस्तावेजों को लाल कपड़े में बांधकर ले गई। इस दौरान

कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने गाड़ियों को रोकने की कोशिश की और जमकर हंगामा किया। विधायक देवेंद्र यादव के घर से भी प्रदर्शन के बीच सीबीआई की गाड़ियां निकली।

सीबीआई की 10 से ज्यादा टीम ने रायपुर, दुर्ग और भिलाई में कार्रवाई की, जिसमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल, उनके 2 ओएसडी रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर, उनकी पूर्व सचिव सौम्या चौरसिया के घर भी शामिल हैं। वहीं रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और 4 आईपीएस अधिकारी आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव, आरिफ शेख, प्रशांत अग्रवाल के घर पर भी रेड हुई। साथ ही एएसपी संजय ध्रुव, एएसपी अभिषेक माहेश्वरी के घर को सील कर की थी। 2 सिपाही नकुल-सहदेव और प्रशांत त्रिपाठी के यहां भी सीबीआई ने छापेमारी की। आगे विस्तार से पढ़िए कहां-कहां रेड और किस नेता ने क्या कहा? पूर्व सीएम के भिलाई-3 पदुम नगर स्थित घर, विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5 स्थित घर, आईपीएस अभिषेक पल्लव के सेक्टर 9 स्थित निवास और उनके समय में महादेव सट्टा चलाने वाले सिपाही नकुल और सहदेव के नेहरू नगर स्थित घर पर दस्तावेजों की जांच की। वहीं भूपेश के घर के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने सीबीआई की कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान उनकी पुलिस से झड़प भी हुई। भिलाई में देवेंद्र यादव की मां ने सीबीआई की कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने करीब घंटे भर टीम को घर के अंदर जाने नहीं दिया। टीम ने विधायक की मां को समझाइश दी, जिसके बाद कार्रवाई की। बता दें कि देवेंद्र यादव शहर से बाहर दिल्ली गए हुए हैं।

भिलाई स्थित आईपीएस अभिषेक पल्लव के घर भी सीबीआई ने पूछताछ की। पल्लव ड्यूटी के लिए निकलने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही टीम ने दबिश देकर उनको घर में ही रोक लिया था। वहीं सीबीआई की टीम रायपुर स्थित एएसपी अभिषेक माहेश्वरी के घर भी दबिश दी, लेकिन इस दौरान वहां कोई नहीं था। इसके बाद टीम ने माहेश्वरी के घर को सील कर दिया।

बस ने बाइक को मारी टक्कर

पिता की मौके पर मौत, बेटा गंभीर, चालक बस को थाना में छोड़कर हुआ फरार

पलामू, 27 मार्च (एजेंसियां)। पलामू जिले में मेदिनीनगर-औरंगाबाद नेशनल हाईवे पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। छतरपुर के तेलाडी मोड़ पर यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार तेलाडी गांव निवासी महेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर सवार उनका 22 वर्षीय बेटा बिरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने मेदनीनगर एमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया। महेश यादव अपने बेटे के साथ छतरपुर से सबमरसिबल मोटर खरीदकर घर लौट रहे थे। उनके घर में पेयजल की समस्या थी। गढ़वा से आ रही अरविंद नाम की यात्री बस ने तेलाडी मोड़ पर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर बस को 10 किलोमीटर दूर छतरपुर थाना ले गया और यहां गाड़ी छोड़कर भाग निकला। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ नेशनल हाईवे जाम कर दिया।

सीबीआई की टीम पर हमला

अपहरण समझ लोगों ने की धक्का-मुक्की, 3 अधिकारी घायल, आरोपी पकड़ाया

बोकारो, 27 मार्च (एजेंसियां)। बोकारो जिले के सेक्टर-8 स्थित काली बाड़ी के पास वाहन रिकवरी एजेंट को पकड़ने गई सीबीआई धनबाद की टीम पर हमला हो गया। हमले में टीम के तीन अधिकारी घायल हुए हैं। इनमें एएसआई दिनेश्वर पाल, सपन दुबे और विपिन प्रमाणिक शामिल हैं। तीनों को बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सीबीआई की 8 सदस्यीय टीम वाहन रिकवरी एजेंट धनराज कुमार चौधरी को गिरफ्तार करने पहुंची थी। धनराज सेक्टर-9 डी स्थित स्ट्रीट 36 आवास संख्या 804 के रहने वाले हैं। आरोप है कि पूरी किस्त जमा करने के बाद भी वे 15 हजार रुपए घूस मांग रहे थे। इसकी शिकायत सीबीआई से की गई थी। शिकायत पर टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर धनराज को कालीबाड़ी के पास पकड़ा। सीबीआई टीम जब उसे

गाड़ी में बैठा रही थी कि लोग जमा हो गए। इस दौरान धनराज ने अपहरण का मामला बताकर लोगों को बरगला दिया। इसके बाद उसे छुड़ाने के लिए लोगों ने टीम के साथ धक्का-मुक्की कर दी। सीबीआई टीम कुछ समझ पाती, इससे पहले ही लोगों ने हाथापाई शुरू कर दी। इसमें तीन अधिकारी घायल हो गए। सीबीआई टीम ने जब अपना परिचय दिया तब लोग पीछे हटे।

इसके बाद धनराज को लेकर टीम सेक्टर-9 हरला थाना पहुंची। वहां धनराज व अज्ञात लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज करवाया गया। मामले में हरला पुलिस ने कांड संख्या 45/25 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाने में आवेदन देने के बाद सीबीआई टीम हरला पुलिस को लेकर धनराज के आवास पहुंची। वहां परिजनों से पूछताछ की गई। घर से कुछ कागजात लेने के बाद टीम चली गई। हरला थानेदार अनिल कच्छप ने बताया कि अधिकारियों पर हमला होने के बाद सीबीआई की टीम थाना पहुंची। उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई गई और उनके काम को आगे बढ़ाया गया। सीबीआई टीम को एक ग्रामीण ने रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी के खिलाफ घूस मांगने की शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि ग्रामीण ने लोन पर ट्रैक्टर खरीदा था। लोन की दो किस्त फेल होने के कारण धनराज ने ट्रैक्टर खिंचवा लिया था।

इसके बाद पीड़ित ने लोन की बकाया किस्त जमा कर दी और ट्रैक्टर वापस लेने के लिए एजेंट धनराज के पास पहुंचा।

भाजपा नेता की हत्या के विरोध में रांची बंद

चौराहों पर उतरे लोग, दुकानों का शटर डाउन, हिरासत में भाजपा के कई नेता

रांची, 27 मार्च (एजेंसियां)। रांची में बुधवार को कांके थाना से महज 100 कदम की दूरी पर भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री इंद्रजीत कुमार अनिल उर्फ अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या के विरोध में भाजपा, आजसू, जेकेएलएम सहित तमाम संगठनों ने रांची बंद बुलाया है। शहर के चौक-चौराहों पर भाजपा के समर्थक और नेता उतरे हैं। जगह-जगह टायर जला कर प्रदर्शन हो रहा है। पिस्का मोड़ में केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री संजय सेठ अपने समर्थकों के साथ बैठे हुए हैं। वहीं हरमू से भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को उनके घर से पुलिस ने एहतियातन हिरासत में लिया है। पिस्का मोड़, हरमू रोड, किशोरगंज चौक, कचहरी चौक, मेन रोड सहित शहर के तमाम इलाके बंद कराए जा रहे हैं। वहीं पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद है। किशोरगंज चौक पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा के नेताओं को एहतियातन गिरफ्तार किया गया है। मौके पर पहुंचे सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने नेताओं को अरेस्ट किया है। उन्हें पीसीआर में बैठा कर ले जाया गया है। किशोरगंज चौक से 6 से अधिक नेताओं को प्रिवेंटिव अरेस्ट किया गया है। यहां सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा है कि पुलिस अपना काम कर रही है। एक अपराधी को अरेस्ट किया गया है। उससे पूछताछ जारी है। इस बंद को जदयू, लोजपा, जेकेएलएम सहित कई पार्टियों ने समर्थन दिया है। रांची बंद को देखते हुए कई स्कूलों ने कक्षाएं स्थगित कर दी हैं। वहीं पुलिस ने की संयम बरतने की अपील की है। जरूरी सेवाओं को बंद से मुक्त रखने की बात कही गई है। वहीं पुलिस भी अलर्ट मोड में है। रांची बंद को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। 1000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। चार प्रशिक्षु डीएसपी सहित 12 डीएसपी और दो दर्जन से अधिक इंस्पेक्टर भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

शराब दुकान में लगी आग

70 हजार की नगदी और शराब की बोतलें जलकर खाक, शॉर्ट सर्किट की आशंका

जमशेदपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। बाजार में स्थित एक शराब दुकान में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। सिदगोड़ा थाना क्षेत्र की इस दुकान में देसी और अंग्रेजी शराब बेची जाती है। दुकान के कर्मचारी अरविंद कुमार को सुबह 8 बजे आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। पुलिस और झारखंड सरकार की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखे करीब 70 हजार रुपए की नकदी और बड़ी मात्रा में शराब की बोतलें जल चुकी थीं।

झारखंड विधानसभा के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

सदन शुरू होते ही वेल में घुसे विधायक, कहा– सीएम हेमंत इस्तीफा दें

रांची, 27 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है। सदन अपने निर्धारित समय से शुरू हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदन के भीतर भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या का मामला गरमाया। अभी सदन की कार्यवाही शुरू ही हुई थी कि भाजपा के विधायक वेल तक जा घुसे। जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था को ठीक करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

नाराज भाजपा के विधायक सदन की सीढ़ियों पर तख्तियां

लेकर नारेबाजी करते हुए धरना पर बैठ गए। धरना पर बैठे भाजपा विधायकों का कहना है कि झारखंड में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है और अपराधी बेखौफ हो गए हैं। उनका कहना था कि राज्य में फिर से जंगलराज लौट आया है। भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने कि सभी विधायक प्रदर्शन कर रहे हैं। विधायकों ने हेमंत सरकार को हत्यारी सरकार बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा के बाहर कहा कि रांची में कांके थाना क्षेत्र से महज 100 मीटर की दूरी पर भाजपा नेता टाइगर अनिल महतो की हत्या ने कानून व्यवस्था को पोल खोल कर रख दी है। रांची पुलिस ने मृत व्यक्ति के चरित्र हनन का जो प्रयास किया, वो अत्यंत शर्मनाक है। प्रदेश के डीजीपी के ऊपर अतिरिक्त कार्य बोझ है। विधायक चंपाई सोरेन ने कहा कि प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मद्देनजर हम विधानसभा गेट पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लगातार घट रही आपराधिक वारदातों को देख कर ऐसा लगता है मानो झारखंड में अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है।

वर्जिनिटी टेस्ट महिलाओं के अधिकारों का हनन

हाईकोर्ट बोला– ये मांग असंवैधानिक, कैरेक्टर पर शक के कारण पति ने लगाई थी याचिका

बिलासपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पत्नी की वर्जिनिटी टेस्ट कराने की मांग को महिलाओं की गरिमा के मौलिक अधिकारों का हनन बताया है। टेस्ट की मांग को असंवैधानिक बताते हुए पति की याचिका खारिज की गई है। दरअसल, पति अपनी पत्नी के कैरेक्टर पर शक करता था। वहीं पत्नी ने पति पर नपुंसक होने का आरोप लगाया। जिसके बाद पति ने पत्नी की वर्जिनिटी टेस्ट की मांग की और मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर पति खुद पर लगे आरोपों को गलत साबित करना चाहता है, तो वह अपना मेडिकल परीक्षण करा सकता है। लेकिन पत्नी पर ऐसा आरोप थोपना अवैधानिक है।

रायगढ़ जिले के रहने वाले एक युवक की शादी 30 अप्रैल 2023 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। विवाह के कुछ दिनों तक पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक रहा। लेकिन, कुछ महीने बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद पति-पत्नी अलग रहने लगे। इस बीच महिला जुलाई 2024 में रायगढ़ फैमिली कोर्ट पहुंचकर पति से भरण-पोषण के लिए 20 हजार रुपए प्रतिमाह देने के लिए याचिका लगाई। पत्नी ने यह आरोप भी लगाया कि उसका पति नपुंसक है, जिसके कारण वह शारीरिक संबंध बनाने में सक्षम नहीं है। उसे और परिवार वालों को धोखे में रखकर शादी की गई। वहीं, पति ने आरोप लगाया कि पत्नी का उसके बहनोई से अवैध संबंध है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैमिली कोर्ट ने पति की दलील को खारिज कर दिया। यह मामला अभी लंबित है। इधर, फैमिली कोर्ट ने पति के वर्जिनिटी टेस्ट की मांग को खारिज कर दिया।

पुलिस ने इतना मारा कि पैर की हड्डी टूट गई

नाबालिग के गुमशुदगी केस में जांच के लिए बुलाया था, आदिवासी समाज ने घेरा थाना

गरियाबंद, 27 मार्च (एजेंसियां)। गरियाबंद की देवभोग पुलिस पर आदिवासी को बिना वजह मारने का आरोप लगा है। जिसके बाद समाज के सभी लोग एकजुट हो गए है। आरोप है कि जांच के नाम पर लालधर पोर्टी (45) को पुलिस थाने ले गई और इतना मारा की उसके पैर की हड्डी टूट गई। बुजुर्ग लंगड़ा-लंगड़ा कर चल रहा है।

मामला 31 जनवरी 2025 का है। जब एक नाबालिग की गुम हो गई थी। जांच के नाम पर चलनापदर पोड पारा निवासी लालधर को पुलिस अपने साथ ले गई और मारपीट की। पुलिस के डर से उसने किसी को नहीं बताया था, लेकिन जब मामला समाज पदाधिकारियों तक पहुंचा तो वे अब उग्र हो गए हैं। आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारी बुधवार को पीड़ित को थाने लेकर पहुंचे जहां जमकर हंगामा किया। पीड़ित को उस कमरे तक लेकर भी गए जहां पुलिस ने कमरा बंद कर उसे मारा था, और उसकी आपबीती भी सुनी। थाने के बाहर बाद पुलिस और आदिवासी नेताओं के बीच जम कर बहस हुई। पीड़ित लालधर पोर्टी ने बताया कि थाने में उन्हें हाथ पैर में खूब मारा जिसके बाद वे अस्पताल गए थे। डॉक्टरों ने दो इंजेक्शन भी लगाया था। आदिवासी नेता और जिला सदस्य संजय नेताम ने कहा कि जब उन्हें थाने ले गए थे तो सही सलामत लाए थे। लेकिन जब वापस छोड़े तो उनकी हालत खराब थी। आदिवासी समाज के साथ अत्याचार हो रहा है।

आगे हम रणनीति बनाकर काम करेंगे। टीआई से इस बारे में चर्चा हुई है, वो गोल-गोल घुमाकर बात कर रहे थे।

मोदी से हाथ मिलाया तो कनाडाई सांसद का टिकट कटा

चंद्र आर्य से नाराज थी ट्रूडो की पार्टी, पिछले साल भारत दौरे पर आए थे

ओटावा, 27 मार्च (एजेंसियां)। कनाडा की लिबरल पार्टी ने भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य को पार्टी लीडरशिप की दावेदारी से बाहर कर दिया है। इसके साथ ही नेपियन से भी उनका टिकट काट दिया है। यह फैसला उन पर भारत सरकार से करीबी संबंध रखने के आरोपों के बीच आया है। चंद्र पिछले साल भारत दौरे पर आए थे और पीएम मोदी से मिले थे। हालांकि, कनाडा सरकार और लिबरल पार्टी ने चंद्र आर्य के चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की कोई वजह नहीं बताई है।

भारत आने से पहले पार्टी को नहीं दी जानकारी

द ग्लोब एंड मेल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चंद्र आर्य ने इस दौरे के बारे में कनाडा की सरकार को सूचित नहीं किया था, जबकि उस समय भारत और कनाडा के संबंध बेहद तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे थे।

सूत्रों के मुताबिक कनाडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस (सीएसआईएस) ने भारत सरकार के साथ आर्य के कथित करीबी संबंधों को लेकर कनाडा सरकार को जानकारी दी थी। चंद्र आर्य ने 22 जून 2024 को कनाडा की संसद में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखने पर ट्रूडो सरकार की आलोचना भी की थी।

इस बीच भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने कहा, मेरा टिकट भारत से करीबी संबंध रखने की वजह से नहीं कटा। एक सांसद होने के नाते मैं कई राजनयिकों और राष्ट्र प्रमुखों से मिलता रहता हूं। ऐसी किसी भी मुलाकात के लिए उन्होंने सरकार से कभी भी अनुमति नहीं ली।

आर्य ने कहा कि लिबरल पार्टी की लीडरशिप और नेपियन से उनका हटाए जाने की वजह उनका खालिस्तानी आंदोलन का लगातार विरोध करना है। आर्य कनाडा में खालिस्तानी तत्वों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे हैं। आर्य ने कनाडा में खालिस्तानी तत्वों के खिलाफ जोरदार तरीके से आवाज उठाई है। आर्य की आलोचना से चिढ़े खालिस्तानी समूहों ने अतीत में उन्हें निशाना बनाया है। अक्टूबर में अमेरिका स्थित खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से आर्य के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। चंद्र पहले जस्टिन ट्रूडो के करीबी माने जाते थे, लेकिन खालिस्तानी आतंकवाद और चरमपंथ को लेकर ट्रूडो के रुख के बाद आर्य उनके धुर विरोधी बन गए।

तीसरे विश्व युद्ध की आहट

रूसी मिसाइल हमले के बाद 45 करोड़ आबादी टेंशन में, 27 देशों में अलर्ट

ब्रसेल्स, 27 मार्च (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ ने कथित तौर पर अपने सदस्य देशों की 45 करोड़ लोगों को विश्व युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संघ ने पूरे महाद्वीप के नागरिकों को कम से कम 72 घंटों के लिए भोजन, पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं को स्टोर करने का आग्रह किया है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने चेतावनी दी कि रूस 2030 तक यूरोप में एक और हमला करने में सक्षम हो सकता है। उनकी चेतावनी के बाद यूरोपीय देशों में हड़कंप मचा हुआ है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने वारसॉ में कहा, अगर कोई गलत अनुमान लगाता है और सोचता है कि वे पोलैंड या किसी अन्य सहयोगी पर हमला करके बच सकते हैं, तो उन्हें इस भयंकर गठबंधन की पूरी ताकत से सामना करना पड़ेगा। हमारी प्रतिक्रिया विनाशकारी होगी।

चीन के डॉक्टरों ने किया कमाल

पहली बार इंसान के शरीर में ट्रांसप्लांट किया सुअर का लिवर, दुनियाभर के लिए जगी उम्मीद



बीजिंग, 27 मार्च (एजेंसियां)। चीन के डॉक्टरों ने मेडिकल क्षेत्र में चमत्कार कर दिखाया है। बुधवार को चीन ने बताया कि उसके डॉक्टरों ने पहली बार आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर के लिवर (यकृत) को इंसान में प्रत्यारोपित किया है। यह प्रत्यारोपण एक ब्रेन-डेड इंसान में किया गया है, जिसने भविष्य में रोगियों के लिए जीवन-रक्षक दाता विकल्प की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। पिछले कुछ वर्षों में सुअर इंसानों के लिए सबसे अच्छे अंग दाता के रूप में सामने आए हैं। अमेरिकी डॉक्टरों ने बीते कुछ समय में डॉक्टरों ने रोगियों ने सुअर के गुर्दे (किडनी) और दिल प्रत्यारोपित किए हैं। चीन के शीआन में सैन्य चिकित्सा विश्वविद्यालय के डॉक्टरों ने नेचर पत्रिका के एक अध्ययन में इस सफलता के बारे में जानकारी दी है। सुअर के लिवर का परीक्षण इससे पहले कभी भी मानव शरीर के अंदर नहीं किया गया था। इस प्रत्यारोपण के बाद शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि जीन संशोधित सुअर गंभीर रूप से बीमार रोगियों को कम से कम अस्थायी राहत दे सकते हैं। दुनिया में लिवर की मांग बढ़ती जा रही है। अध्ययन के अनुसार, 10 मार्च 2024 को एक छोटे सुअर के लिवर को ब्रेन डेड वयस्क में प्रत्यारोपित किया गया है। इस लिवर में बेहतर दाना बनाने के लिए छह जीन को संशोधित किया गया था।

डॉक्टरों ने बताया कि परिवार के अनुरोध पर 10 दिनों के बाद परीक्षण समाप्त कर दिया गया। इस दौरान सख्त नैतिक दिशा-निर्देशों का पालन किया गया था।

डॉक्टरों ने रोगी के नाम, लिंग और अन्य विवरण का खुलासा नहीं किया था। अध्ययन के अनुसार, इस दौरान रोगी का मूल लिवर मौजूद था और इस तरह के प्रत्यारोपण को सहायक ट्रांसप्लांट कहा जाता है। डॉक्टरों ने उम्मीद जताई है कि इस तरह का प्रत्यारोपण मानव दाता की प्रतीक्षा कर रहे बीमार लोगों के मौजूदा लिवर को सहारा देने के लिए पुल अंग के रूप में काम कर सकता है।

अमेरिका-यूरोप में टेस्ला कार जला रहे, भारत में लाने की तैयारी

2025 में मस्क को 11 लाख करोड़ का नुकसान

वॉशिंगटन, 27 मार्च (एजेंसियां)। बिजनेसमैन इलॉन मस्क की इलेक्ट्रिक कार टेस्ला को बीते कुछ महीनों में अमेरिका और यूरोप में कई जगहों पर जलाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक लगभग 100 टेस्ला कारों में आगजनी या तोड़फोड़ की गई है। यह सब घटनाएं ऐसे समय पर हो रही जब जल्द ही टेस्ला के इंडियन मार्केट में एंट्री की खबरें हैं।

अमेरिका और यूरोप में टेस्ला कारों में आगजनी से मस्क और उनकी कंपनी को भारी भरकम नुकसान उठाना पड़ रहा है। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने 25 मार्च को टेस्ला पर हमलों की जांच के लिए एक विशेष टास्क फोर्स की घोषणा की है।

सरकारी कर्मचारियों की छंटनी से मस्क के खिलाफ नाराजगी-

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इलॉन मस्क को सरकारी विभाग में सुधार के लिए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) का प्रमुख बनाया है। यह डिपार्टमेंट सरकारी खर्च में कटौती पर जोर दे रहा है। मस्क के डिपार्टमेंट ने खर्च में कटौती के लिए करीब 20 हजार लोगों को सरकारी नौकरियों से नौकरी से निकाल दिया है, जबकि 75 हजार लोगों ने बायआउट (मर्जी से नौकरी छोड़ना) का फैसला किया है।

ट्रम्प ने मस्क के डिपार्टमेंट की सलाह पर दुनिया भर के गरीब और विकासशील देशों को अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) तहत दी जाने वाली मदद रोक दी थी। मस्क ने बीते कुछ महीनों में यूरोप की कई दक्षिणपंथी पार्टियों को सपोर्ट दिया है। इसे लेकर उनके खिलाफ बड़े पैमाने पर नाराजगी दिखी है।

ब्रिटेन- मस्क ने जनवरी ने ब्रिटिश किंग चार्ल्स से संसद को भंग करने की अपील की थी। उन्होंने ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर पर आरोप लगाया था कि 15 साल पहले जब वे पब्लिक प्रॉसिक्यूशन के डायरेक्टर थे तब वे रेप पीड़िताओं को सजा दिलाने में नाकाम रहे थे।

जर्मनी- मस्क ने जर्मन चुनाव में दक्षिणपंथी पार्टी अल्टरनेटिव फर ड्यूशलैंड (एएफडी) का समर्थन किया था। उन्होंने सोशल मीडिया X पर कहा था कि जर्मनी को केवल एएफडी ही बचा सकती है। एएफडी ही देश के लिए उम्मीद है। ये पार्टी देश को बहेतर भविष्य दे सकती है।

फ्रांस- मस्क ने अभी तक खुलकर फ्रांस की किसी दक्षिणपंथी पार्टी का सपोर्ट नहीं किया है, लेकिन यूरोप के मामलों में दखल देने से फ्रांस में भी नाराजगी है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि 10 साल पहले किसने ये सोचा होगा कि दुनिया के सबसे बड़े सोशल नेटवर्कों में से एक का मालिक इंटरनेशनल रिएक्शनरी मूवमेंट का सपोर्ट करेंगे।

इटली- इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी इलॉन मस्क को अपना दोस्त बता चुकी हैं।

मतभेद हो सकते हैं, लेकिन टकराव जरूरी नहीं

जयशंकर बोले- तनातनी से किसी का फायदा नहीं, सीमा पर अशांति हुई तो संबंधों पर भी असर

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और चीन अपने रिश्तों को दोबारा से बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं। तनावपूर्ण रिश्ते किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं है। 2020 में गलवान घाटी में जो हुआ, वह मुद्दों को सुलझाने का तरीका नहीं था। जयशंकर बुधवार को थिंक टैंक एशिया सोसाइटी के एक इंटरेक्टिव सेशन में शामिल हुए थे। विदेश मंत्री ने कहा कि हम जानते हैं कि आगे भी भारत और चीन में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन संघर्ष में पड़े बिना उन्हें दूसरे तरीके से भी सुलझाया जा सकता है।

गलवान घाटी में हुई झड़पों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि 2020 में जो हुआ, वह वास्तव में बहुत दर्दनाक था। यह सिर्फ संघर्ष नहीं था, बल्कि लिखित समझौतों की अनदेखी की गई थी। ऐसा नहीं है कि यह मुद्दा पूरी तरह से खत्म हो गया है, हम अभी भी इस घटना से जुड़े कुछ हिस्सों से निपट रहे हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि हम कई मुद्दों पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, लेकिन इसके लिए हमें संघर्ष नहीं करना चाहिए। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंध किसी भी पक्ष के हितों को पूरा नहीं करते, क्योंकि सीमा के पास शांति भंग होती है तो बाकी संबंध भी ठीक से नहीं चल सकते। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि हमें लगता है कि अक्टूबर 2024 से संबंधों में कुछ सुधार देखने को मिला है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं चीनी विदेश मंत्री से कई बार मिल चुका हूं और मेरे बाकी सहयोगी भी ऐसा कर चुके हैं। हम कदम दर कदम यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हम 2020 में हुए नुकसान की भरपाई कर सकते हैं।

भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद इसी साल अक्टूबर में दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ, जिसके बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों की सेनाएं देपसांग और डेमचोक से पीछे हट गईं। इसके बाद 25 अक्टूबर को भी दोनों देशों की सेनाएं पूर्वी लद्दाख से पीछे हटीं।

समझौते के मुताबिक दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौट गई हैं। सेनाएं अब उन्हीं क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग अब भी जारी है।

इस समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कजान में मुलाकात की थी और संबंधों को बेहतर बनाने के लिए कई फैसले लिए थे।

15 जून 2020 को चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को जमा किया था। इसके बाद कई जगह पर घुसपैठ की घटनाएं हुई थीं।

बारूदी सुरंग पर चढ़ी कार और हवा में उड़ गया शरीर

रूसी पत्रकार की मौत, यूक्रेन पर हत्या का आरोप

मॉस्को, 27 मार्च (एजेंसियां)। रूस के सीमावर्ती इलाके बेलगोरोड में एक रूसी टीवी पत्रकार की मौत हो गई। यह महिला पत्रकार रूस के सरकारी टीवी चैनल 1टीवी (चैनल वन) के लिए युद्ध की रिपोर्टिंग कर रही थी। बताया गया कि वह युद्ध क्षेत्र में जिस कार से यात्रा कर रही थी, वह एक यूक्रेनी बारूदी सुरंग पर चढ़ गई। इससे कार के परखच्चे उड़ गए और महिला पत्रकार का शरीर हवा में उछल गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि महिला पत्रकार की मौके पर ही मौत हो गई। बेलगोरोड वही इलाका है, जबां यूक्रेन कथित तौर पर घुसपैठ का प्रयास कर रहा है। मरने वाली महिला पत्रकार का नाम अन्ना प्रोकोफयेवा था, जिनकी उम्र 35 वर्ष थी। उनकी मौत बेलगोरोड क्षेत्र के डेमिडोवका सीमा क्षेत्र में युद्ध पर रिपोर्टिंग करते समय हुई। उसका कैमरामैन दिमित्री वोल्कोव गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रोकोफयेवा की आखिरी ऑनलाइन पोस्ट एक सेल्फी तस्वीर थी, जिसमें वह सैन्य वर्दी पहने हुए एक जले हुए वाहन के सामने खड़ी दिखाई दे रही थी।

उन्होंने कैप्शन में लिखाः देश 404 की सीमा पर कहीं, जो उसके इस विचार को दर्शाता है कि यूक्रेन मौजूद नहीं है। उनकी मृत्यु की पुष्टि करते हुए, रूसी चैनल वन ने कहाः "चैनल वन युद्ध संवाददाता अन्ना प्रोकोफीवा की ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया "यह यूक्रेन की सीमा पर बेलगोरोड क्षेत्र में हुआ, जहां चैनल वन फिल्म क्रू को दुश्मन की बारूदी सुरंग से उड़ा दिया गया था।"

सुरंगों में छिपे हैं ईरान के सबसे खतरनाक हथियार

अमेरिका से टकराव के बीच ईरान ने दिखाई अपनी ताकत, अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी का वीडियो किया जारी

तेहरान, 27 मार्च (एजेंसियां)। ईरान ने अपनी तीसरी अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी का वीडियो जारी किया है। 85 सेकेंड के इस वीडियो में सुरंगों के भीतर मिसाइलें और आधुनिक हथियार दिखाई दे हैं। यह वीडियो ऐसे समय जारी किया गया है, जब डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को परमाणु प्रोग्राम खत्म करने की चेतावनी की डेडलाइन करीब है। ईरान के सरकारी मीडिया ने यह वीडियो जारी किया है। इसमें टॉप मिलिट्री कमांडर मेजर जनरल मो. हुसैन बागरी और ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के एयरोस्पेस फोर्स के चीफ आमिर अली हाजीजादेह नजर आ रहे हैं।

वीडियो में दोनों अफसर सेना के वाहन पर सुरंगों के भीतर सफर कर रहे हैं और आसपास ईरान की आधुनिक मिसाइलें और एडवांस वेपनरी दिखाई दे रही है। ईरान की सबसे खतरनाक खैबर शेकेन, कादर-एच, सेजिल और पावेह लैंड अटैक क्रूज मिसाइल भी दिख रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हथियारों का इस्तेमाल हाल ही में इजराइल पर हमले में किया गया था। ये हथियार खुली और लंबी सुरंगों और गुफाओं में हैं। इसमें कोई ब्लास्ट डोर या अलग दीवार नहीं है। ऐसे में इन सुरंगों पर हमला होने की स्थिति में खतरनाक ब्लास्ट की आशंका है।

नवंबर 2020 में ईरान की खुफिया बैलिस्टिक मिसाइल बेस की फुटेज भी सामने आई थीं। इनमें अंडरग्राउंड सुरंगों में ऑटोमैटिक रेल नेटवर्क के जरिए हथियार और मिसाइलें ट्रांसपोर्ट की जा रही थीं। इसके तीन साल बाद 2023 में ईरान ने एक और अंडरग्राउंड कॉम्प्लेक्स की फुटेज जारी की थी। इस इमारत को लड़ाकू एयरक्राफ्ट रखने और उनकी सुरक्षा के लिए बनाया गया था। अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान से कहा है कि वह अमेरिका की नई परमाणु डील को स्वीकार कर ले। इस डील में ईरान को अपना परमाणु प्रोग्राम पूरी तरह खत्म करना होगा। इसके तहत वो यूरेनियम संवर्धन और मिसाइल डेवलपमेंट भी नहीं कर सकेगा।

अमेरिका ने कहा है कि अगर ईरान ऐसा नहीं करता है तो उसे कड़े प्रतिबंध झेलने होंगे। मिलिट्री एक्शन भी लिया जा सकता है।

सीबीआई की छापेमारी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

रायपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और कई नेताओं पर सीबीआई ने छापेमार कार्रवाई की। इसके खिलाफ कांग्रेस प्रदेशभर में प्रदर्शन कर रही है। वहीं भूपेश बघेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि, हमने महादेव सट्टा के मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी की मांग भी की थी, लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई।

बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि, सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दुबई में उनके प्रिय कथावाचक प्रदीप मिश्रा के यजमान बने हुए हैं। अगर सरकार चाहे तो प्रदीप मिश्रा से मदद ले लेती, मिश्रा एक मंत्र फूंकते और तुरंत उनको दुबई से भारत ले आते, लेकिन वह भी नहीं हो पाया।

अमेरिकी सीनेट में हूती हमले की चैट लीक पर सुनवाई

मंत्री बोले- सीक्रेट जानकारी नहीं थी ट्रम्प ने कहा था- 2 महीने में पहली गलती

वॉशिंगटन, 27 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी सीनेट में बुधवार को हूती विद्रोहियों पर हमले से जुड़ी जानकारी की चैट लीक होने को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने कहा कि ग्रुप चैट में कोई भी गोपनीय जानकारी शेयर नहीं की गई थी। ट्रम्प के मंत्रियों ने कहा कि सैन्य हमले की चर्चा के लिए मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल करना कोई गलत बात नहीं थी। इससे पहले ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि उनके प्रशासन से 2 महीने में यह पहली गलती थी।

रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने प्लान को सिग्नल ऐप पर एक सीक्रेट ग्रुप चैट में शेयर किया था। इस ग्रुप में द अटलांटिक मैगजीन के मुख्य संपादक जैफ्री गोल्डबर्ग भी जुड़े हुए थे। इसे लेकर डेमोक्रेटिक सांसदों ने डेमोक्रेटिक सांसदों ने हेगसेथ की इस्तीफे की मांग की है। सीनेट में डेमोक्रेटिक सांसदों ने कहा कि इस चैट को दुश्मन देश इंटरसेप्ट कर सकते थे। अगर हूती विद्रोहियों को यह चैट मिल जाती, तो अमेरिकी पायलटों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी। रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने 15 मार्च को यमन में हूती विद्रोहियों पर हमले के प्लान को 2 घंटे पहले ग्रुप में शेयर किया था। व्हाइट हाउस ने 24 मार्च को इसकी जानकारी दी। जेफ्री गोल्डबर्ग ने बताया कि उन्हें गलती से इस ग्रुप चैट में जोड़ दिया गया था। यह ग्रुप सिक्योर मैसेजिंग ऐप सिग्नल पर बनाया गया था। जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज ने बनाया था। इस ग्रुप में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी शामिल थे।

साउथ कोरिया का दावा- उत्तर कोरिया ने 3000 सैनिकों को रूस की तरफ से लड़ने भेजे

प्योंगयांग, 27 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ रूस को समर्थन देने के लिए अपने 3000 सैनिकों को भेजा है। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह दावा किया है।

दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के मुताबिक ये सैनिक जनवरी-फरवरी में भेजे गए। चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया, रूस की मदद के लिए और अधिक मिसाइलें, तोपखाने के उपकरण और गोला-बारूद भी भेज रहा है।

रूस और यूक्रेन ने हाल ही में एक सीमित सीजफायर पर सहमति जताई है। इसके मुताबिक दोनों देश ब्लैक सी में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही और सैन्य हमले रोकेंगे।

इसके साथ दोनों देश एक दूसरे के ऊर्जा ठिकानों पर हमला रोकने का उपाय डेवलप करेंगे। हालांकि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर इस सीजफायर के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

इमामोग्लू की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने किया बल प्रयोग

दागी रबड़ की गोलियां

इस्तांबुल, 27 मार्च (एजेंसियां)। तुर्किये में इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी के बाद से तुर्किये में बड़े विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पुलिस ने अंकारा में प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया। पुलिस ने मिर्च स्प्रे किया और रबड़ की गोलियां दागी। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार भी की गई।

भ्रष्टाचार और आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप में हिरासत में कैद इस्तांबुल मेयर एक्रेम इमामोग्लू को रविवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया था। इसके बाद से देशभर में इमामोग्लू की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए। इन्हें बीते एक दशक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन बताया जा रहा है।

गुरुवार सुबह जब छात्र प्रदर्शनकारियों ने मार्च करने की कोशिश की और मध्य पूर्व स्थित तकनीकी विश्वविद्यालय के गेट के पास एक इकट्ठा हुए, तो सुरक्षा बलों ने उन पर मिर्च स्प्रे, पानी की बौछारें और रबड़ की गोलियां चलाईं। इसके बाद छात्र कूड़े के डिब्बों से बने बैरिकेड के पीछे छिप गए। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इस दौरान इमामोग्लू की पार्टी के विधायक मेलिह मेरिक को पानी से भीगे नजर आए। उन पर भी मिर्च स्प्रे किया गया। मेरिक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा कि छात्र केवल एक प्रेस वक्तव्य देना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने सख्ती से इसकी अनुमति नहीं दी और बल प्रयोग किया। एक दूसरे नेता ओजगुर ओजेल ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया, तो वे पांच लाख लोगों को उस स्थान पर आने के लिए कहेंगे जो एर्दोआन को सबसे अधिक परेशान करेगा। इसके अलावा इस्तांबुल सिटी हॉल के बाहर भी प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। कादिकोय और सिसली जिलों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने मार्च किया। वहीं विपक्ष ने उन कंपनियों के बहिष्कार का आह्वान किया है जो एर्दोआन की सरकार का समर्थन करती है।

तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे इतने हताश हैं कि वे देश और राष्ट्र को आग में झोंक देंगे। उन्होंने विपक्ष पर अर्थव्यवस्था को डुबोने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय स्थिरता को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

महरंग बलोच के समर्थन में उतरा यूएन

पाक सरकार से मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को रिहा करने की अपील की

जिनेवा, 27 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने पाकिस्तान से महरंग बलोच समेत सभी बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को रिहा करने और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई न करने को कहा है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के विशेष दूत ने एक बयान में कहा, बलूच अधिकारों की वकालत करने वाली बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के विरोध प्रदर्शनों पर पुलिस की कार्रवाई चिंता का विषय है। हमले के बाद, पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधी विभाग ने कई प्रमुख बीवाईसी सदस्यों को या तो गिरफ्तार कर लिया या गायब कर दिया। बीवाईसी ने मंगलवार को हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग करते हुए बलूचिस्तान विश्वविद्यालय के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन क्वेटा पुलिस ने हमला कर उन्हें भगा दिया। इस घटना में तीन प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई, कई अन्य घायल हो गए और दर्जनों गिरफ्तार हो गए। विशेषज्ञों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग की निंदा की।

डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी

चिंतित टीकाराम जूली ने भजनलाल सरकार पर साधा निशाना

जयपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा के बाद डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी मिली है। इस सूचना के बाद तो हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी होने पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने चिंता जताते हुए भजनलाल सरकार पर निशाना साधा और सवाल दागे। टीकाराम जूली ने कहा कि सूबे के सीएम भजनलाल के बाद डिप्टी सीएम को जयपुर की सेंट्रल जेल से धमकी मिलना प्रदेश की वास्तविक कानून व्यवस्था का आइना है। प्रदेश में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि को ही जेल से धमकियां मिल रही हैं। जब वह ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता का क्या हाल होगा?

प्रदेश में अपराधी हो चुके हैं बेखौफ – टीकाराम जूली

टीकाराम जूली ने सरकार से सवाल पूछा कि आखिर अपराधियों के पास जेलों में मोबाइल कैसे पहुंच रहे है? प्रदेश में अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेकर प्रकरण की गहराई से जांच की जाएं।

धमकी देने वाले ने अपना नाम बताया अनिल

पुलिस जांच में धमकी देने वाले की लोकेशन घाटगेट कारागार क्षेत्र की आई। फोन करने वाले ने खुद का नाम अनिल बताया। इससे आशंका है कि धमकी जेल में से दी गई।

जेल प्रशासन के साथ पुलिस ने जेल में सर्च ऑपरेशन चलाया, जो देर रात तक जारी रहा। जेल में 8 बंदी अनिल नाम के बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस कंट्रोल रूम के एएसआई ताराचंद ने कॉल आने के संबंध में विधायकपुरी थाने में रिपोर्ट दी है।

सीएम भजनलाल को भी मिली थी धमकी

इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा को दौसा जेल से जान से मारने की धमकी मिली थी। पॉक्सो एक्ट के तहत सजा काट रहे एक कैदी ने 21 फरवरी की रात 12.30 से एक बजे के बीच जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल कर मुख्यमंत्री के नाम पर धमकी दी थी। पुलिस ने जैसे ही कॉल ट्रेस की तो लोकेशन दौसा जिले की जेल मिली थी।

सपा सांसद की विवादित टिप्पणी पर भड़के केंद्रीय मंत्री सिंधिया

बोले-खून बहाने वाले वीरों पर राजनीति ठीक नहीं

उदयपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंदसिंह मेवाड़ के निधन पर शोक जताने के लिए विशिष्ट व्यक्ति सिटी पैलेस पहुंच रहे हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, गजसिंह जोधपुर सहित कई विशिष्ठ व्यक्ति उदयपुर आए। उन्होंने सिटी पैलेस में पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंदसिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि दी।

उदयपुर में मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन की ओर से राणा सांगा पर की गई टिप्पणी पर कहा कि ऐसे मामलों में राजनीति नहीं करनी चाहिए। देश-दुनिया का हर व्यक्ति राजस्थान के वीरों की कहानी को भली भांति

जानता है। जो नहीं जानते हैं, उनसे आग्रह है कि वह इतिहास के पन्नों को पलटे।

दुनिया जानती है कि भारत की रक्षा के लिए यहां के वीरों ने अपना खून बहाया है। उन्होंने कहा कि हम गौरवान्वित महसूस करते हैं कि वीरों की भूमि में जन्मे है।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि अरविंद सिंह मेवाड का जाना एक युग का जाना है। उन्होंने बताया कि अरविंद सिंह मेवाड़ और उनके परिवार के साथ सिंधिया परिवार का पारिवारिक रिश्ता रहा है। सिंधिया परिवार में भी दुःख की घडी में मेवाड़ का पूर्व राजपरिवार साथ खड़ा रहा। सिंधिया ने लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से भी मुलाकात की।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने भी सिटी पैलेस में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा सहित पार्टी के नेता मौजूद रहे। जोधपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य गजसिंह, भाजपा नेता गौरव वल्लभ भी सिटी पैलेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि अरविंद सिंह मेवाड ऐसी शसियत थे, जिन्होंने पर्यटन के क्षेत्र में बड़ा काम किया।

इस दौरान शेखावाटी के संस्थापक महाराव शेखाजी के वंशज राजकुमार देवायुष सिंह शाहपुरा, राव राजेन्द्र सिंह सांसद जयपुर ग्रामीण, पूर्व उपमहापौर महेन्द्र सिंह शेखावत, भामस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत, महाराव शेखा संस्थान के किशोर सिंह शेखावत, संदीप सिंह शेखावत, प्रदीप सिंह शेखावत मौजूद रहे।

भाजपा नेता और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी

बदमाश बोला-तुम्हारे पास सिर्फ 15 दिन

अलवर, 27 मार्च (एजेंसियां)। भाजपा नेता एवं अलवर ग्रामीण से पूर्व विधायक जयराम जाटव और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक जाटव की पत्नी और बेटा राजेन्द्र कुमार भर्तृहरि धाम दर्शन के लिए गए थे। वहां से लौटते समय रास्ते में किसी अनजान व्यक्ति ने उनके बेटे राजेन्द्र कुमार के मोबाइल पर व्हाट्ऐप वॉइस कॉल कर धमकी दी। फोनकर्ता ने कहा कि तुम्हारे पास 15 दिन हैं 15 दिन बाद मैं तुझे और तेरे बाप जयराम जाटव को गोली मार कर खत्म कर दूंगा, तू जो कर सके वो कर लेना। इसके बाद पूर्व विधायक को उनकी पत्नी ने फोन पर जानकारी दी।

घटना के दौरान पूर्व विधायक जाटव केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के यहां पगड़ी रस्म कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जमालपुर गए हुए थे। उन्हें घटना की जानकारी मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन को फोन पर सूचना दी। बाद में सदर थाना पहुंचकर परिवाद पेश किया। साथ ही मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक को ईमेल पर भी शिकायत भेजी है।

पूर्व विधायक बोले-बेटे के पास आया धमकी भरा व्हाट्सऐप कॉल

पूर्व विधायक जयराम जाटव ने कहा कि मेरे पुत्र के फोन पर व्हाट्सऐप कॉल से अनजान व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी है। मैंने सदर थाने में परिवाद दे दिया है। साथ ही सीएम व डीजीपी सहित कई अधिकारियों को ईमेल से भी शिकायत भेजी है।

मकान की छत पर खेल रही थी 3 साल की बच्ची

बिल्ली के डर से गर्म दूध के भगोने पर गिरी, हुई मौत

भरतपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के डीग जिले में गर्म दूध से झुलसी 3 साल की बच्ची की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। कामां कस्बे के अगमा मोहल्ला निवासी जीतेन्द्र सिंह फौजी की 3 वर्षीय पुत्री सारिका मंगलवार रात को अपने मकान की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान हादसा हो गया। बच्ची के मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

डिमांड पर चुराते थे पिकअप और आटा चक्की, सरगना बचपन से ही चोरी में एक्सपर्ट, फिर ऐसे हुआ मामले का खुलासा

बच्ची सरिका मंगलवार रात जब अपने मकान की छत पर खेल रही थी। तभी छत पर बिल्ली के आने से वह डर गई। इसी दौरान भागते समय वह पास में रखे गर्म दूध के भगोने के ऊपर गिर गई। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई।

परिजनों ने बच्ची को कामां के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे भरतपुर रैफर कर दिया। जहां जयपुर के जेकेलोन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 50 प्रतिशत तक झुलसी बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई।

उदयपुर में बड़ा हादसा

सलूंबर हाईवे पर नदी में गिरी बस, कई लोगों के घायल

उदयपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर में सलूंबर हाईवे पर सड़क हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं. बुधवार को बस और कार की टक्कर के बाद गुरुवार सुबह फिर एक और बस हादसे का शिकार हो गई. जानकारी के मुताबिक़ गुरुवार को सुबह उदयपुर से सराड़ा जा रही सवारियों से भरी बस जावर माइंस थाना क्षेत्र के रेला गांव के पास देवाला मोड़ पर असंतुलित होकर नदी में जा गिरी. गनीमत यह रही कि बस नदी में गिरने से पहले बस पेड़ में अटक गई. इस दौरान अन्य वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने कांच फोड़कर घायल सवारियों को बाहर निकाला. हादसे के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर जावर माइंस थाना के पलौड़दा चौकी का स्टाफ मौके पर पहुंचा.

एयरपोर्ट पर यात्री के प्राइवेट पार्ट से बरामद हुआ 70 लाख रुपए का सोना

जयपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने जयपुर एयरपोर्ट पर एक बड़ी कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन में एक मास्टरमाइंड सहित दो लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनके पास से 772 ग्राम सोना बरामद किया गया है। इस सोने की बाजार में कीमत लगभग 70 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी शरीर के प्राइवेट पार्ट में सोना छिपाकर लाया था। डीआरआई अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि एक यात्री एयर अरेबिया की फ्लाइट से रियाद से जयपुर आ रहा है। उसके पास अवैध सोना हो सकता है। संदेह के आधार पर जब उसकी जांच की गई तो उसके पास से सीधे तौर पर कोई सोना बरामद नहीं हुआ।

इसके बाद कोर्ट की अनुमति से एक्स-रे स्कैन किया गया, जिसमें पता चला कि उसके मलाशय यानी रेक्टम में सोने का पेस्ट छुपाया गया था। पूछताछ के दौरान इस मामले में एक बड़े सिंडिकेट की जानकारी सामने आई, जिसके सरगना के रूप में सीकर निवासी अजय फगेड़िया का नाम सामने आया है। अजय पर आरोप है कि वह सीकर और नागौर के युवाओं को लालच देकर तस्करी में शामिल करता था। इन युवाओं को प्रति फेरे 10,000 से 20,000 रुपए तक का भुगतान किया जाता था। जांच में यह सामने आया कि यह सिंडिकेट कई महीनों से सक्रिय था और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट्स से सोने को पेस्ट फॉर्म में लाकर भारत में बेचता था। सोना तस्कर गरीब और बेरोजगार युवकों को कैरियर के रूप में इस्तेमाल करते थे, ताकि वे जोखिम उठाकर इसे भारत ला सकें। डीआरआई अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

'यह तो सिर्फ ट्रेलर' सपा सांसद के घर तोड़फोड़ के बाद करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बयान

जयपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। राणा सांगा पर कथित विवादित टिप्पणी को लेकर आक्रोशित करणी सेना के कार्यकर्ता उनके आवास के बाहर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया।

इसी बीच करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने बयान जारी कर कहा कि यह तो सिर्फ ट्रेलर था, अब बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि सांसद रामजीलाल सुमन की राज्यसभा सदस्यता रद्द होनी

चाहिए और समाजवादी पार्टी को उन्हें निष्कासित करना चाहिए।

पुलिस ने की थी रोकने की कोशिश

बता दें कि करणी सेना के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते हुए आगरा (यूपी) में स्थित सांसद के घर के मुख्य द्वार तक पहुंच गए। पहले से तैनात पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता उग्र हो गए और पुलिसकर्मियों से झड़प हो गई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कुर्सियां फेंकी और लाठी-डंडों से तोड़फोड़ कर दी। झड़प में एक इंस्पेक्टर घायल हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने किसी तरह हालात को संभाला। प्रशासन ने घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

क्या कहा था सांसद ने

दरअसल, सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में कहा था, 'भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए।

हाईकोर्ट को मिलेंगे नए न्यायाधीश

विधि मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

जयपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)। अधिवक्ता आनंद शर्मा, संदीप शाह, सुनील बेनीवाल और मुकेश राजपुरोहित को राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्रीय विधि मंत्रालय ने 26 मार्च को इन चारों के नाम से नियुक्ति अधिसूचना जारी की। अब राष्ट्रपति भवन से नियुक्ति वारंट जारी होने के बाद, संभवतः शुक्रवार को राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जोधपुर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के कुल 50 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से वर्तमान में 34 पदों पर न्यायाधीश कार्यरत हैं। चार नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के बाद यह संख्या 38 हो जाएगी, जबकि 12 पद अब भी रिक्त रहेंगे। चारों अधिवक्ताओं की नियुक्ति को लेकर कानूनी जगत में हर्ष का माहौल है। इससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें कि मुकेश राजपुरोहित केंद्र सरकार के डिप्टी सॉलीसीटर जनरल के पद पर कार्यरत हैं। सुनील बेनीवाल और संदीप शाह कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। नवनियुक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे में गति आने की संभावना है।

शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

11 लोग बाल-बाल बचे; लाखों का हुआ नुकसान

बांसवाड़ा, 27 मार्च (एजेंसियां)। बांसवाड़ा जिले के मोटागांव गांव में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात आग लगने से एक मकान पूरी तरह जल कर खाक हो गया। वहीं मकान में निवासरत 11 लोग बाल-बाल बच गए। आग लगने का प्रथम दृष्टया कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार मोटागांव में आग लगने की घटना रात करीब दो बजे ईश्वरलाल टेलर के मकान में हुई। वह घर पर नहीं थे, लेकिन उनकी पत्नी, बेटी सहित परिवार के 11 सदस्य सो रहे थे। समय रहते पता चलने पर सभी जैसे-तैसे मकान से सुरक्षित बाहर आ गए। आग लगने से मकान में कोई भी सामान नहीं बच पाया और सब जलकर खाक हो गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं होने से संतोष रहा, लेकिन पीड़ित परिवार अब अपना सब कुछ खो बैठा है। आग लगने की जानकारी सबसे पहले पीहर आई ईश्वरलाल की बेटी अंजलि पत्नी भावेश पंवार को हुई। वह रात करीब 2 बजे अपने बेटे शिवाय को पानी पिलाने के लिए जगी। इस दौरान उसे कुछ जलने की बदबू आई तो उसने अपनी मां को जगाया। मां-बेटी ने कमरे से बाहर आकर देखा तो भीषण आग लग रही थी। ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही थी। उन्होंने शोर मचाया और पहले घर में सो रहे सदस्यों को जगाकर बाहर निकाला। आग फैल जाने के कारण कुछ लोग तो बालकनी से ही कूद गए और अपनी जान बचाई। इधर, आग लगने की जानकारी मिलने पर आस-पड़ोस से और अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। सभी मिलकर आग बुझाने की कोशिश में जुटे, जिसके पास जो साधन मिला, उसी से पानी लाकर डालना शुरू किया, लेकिन आग फैलती गई और पूरे मकान को चपेट में ले लिया।

रेलवे को 1.18 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

सिरोही, 27 मार्च (एजेंसियां)। आबूरोड रेलवे पुलिस थानाधिकारी मनोज कुमार चौहान ने बताया कि इस मामले में चर्च गली, मुकेश बैंड के पास, गांधीनगर, आबूरोड निवासी कैलाशचंद पुत्र स्व. रामस्वरूप कोली को बीती रात गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं और मुख्य आरोपी विकास कुमार राजपूत की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल तेजबहादुर सिंह, कांस्टेबल पहाड़सिंह, श्रवणराम, आसूराम, विरधाराम, परसाराम, ओमप्रकाश और बजरंगलाल की अहम भूमिका रही।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी विकास कुमार राजपूत ने रेलवे स्टेशन आबूरोड पर पेश किए गए डीडी की फोटो प्रति की बैंक से जांच करवाई। इसमें पता चला कि 7 फरवरी 2024 को आईसीआईसीआई बैंक, आबूरोड से कैलाशचंद के बैंक खाते से 60,194 रुपए की डीडी बनाई गई थी, लेकिन उसमें हेरफेर कर 6,60,194 रुपए कर दिया गया।

आरोपी ने डीडी की फोटो कॉपी रेलवे स्टेशन कार्यालय में जमा कर दी और मूल डीडी को बैंक से निरस्त करवा लिया। इसके बाद राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर विकास कुमार राजपूत के खाते में स्थानांतरित कर दी। पुलिस ने आरोपी कैलाशचंद को डीडी नंबर 503423 में हेरफेर करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसे गुरुवार को रेलवे कोर्ट, जोधपुर में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। इस मामले में 22 मार्च 2025 को सहायक वाणिज्य प्रबंधक, मंडल कार्यालय अजमेर लालचंद कुम्हार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आबूरोड रेलवे स्टेशन पर स्थित स्टॉल नंबर 42, 43, 46 और 47 की खानपान इकाइयां मैसर्स साई बालाजी कॉर्पोरेशन, साहिद इंटरप्राइजेज और यूएसबी कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित की जा रही हैं। इन स्टॉलों के ठेकेदार विकास कुमार राजपूत ने 18 जनवरी 2023 से 17 अगस्त 2024 तक रेलवे की लाइसेंस फीस जमा करने के नाम पर आईसीआईसीआई बैंक और पंजाब नेशनल बैंक, आबूरोड से एक नाम पर डीडी बनवाए। बाद में इन्हें स्कैन कर निरस्त कर दिया और फर्जी डीडी की फोटो कॉपी रेलवे कार्यालय में जमा कर 1.18 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। अब तक एक आरोपी पकड़ा गया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है।

15 हजार की रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा

चित्तौड़गढ़, 27 मार्च (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ जिले में जहां एक ओर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मामलों की सुनवाई के लिए न्यायालय की बेंच स्थापित हो गई है। वहीं, दूसरी ओर भ्रष्टाचार और रिश्वत के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। हाल ही में कोटा एसीबी की टीम ने रेंजर और सहायक वनपाल को रिश्वत के मामलों में गिरफ्तार किया था। इसी बीच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर की टीम ने चित्तौड़गढ़ जिले के आकोला थाने के एएसआई को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि परिवादी प्रकाश गाडरी ने आकोला थाने के एएसआई बाबूलाल मीणा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि उसकी नाता विवाह से जुड़ी एक एफआईआर के मामले में एएसआई ने रिश्वत की

मांग की थी। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया, जिसमें यह सामने आया कि एएसआई बाबूलाल ने पहले ही परिवादी से 2 हजार रुपये ले लिए थे। वहीं, बीते मंगलवार की शाम उसने परिवादी से 15 हजार रुपये की रिश्वत ली, तभी एसीबी उदयपुर की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस निरीक्षक नरपत सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, एएसआई बाबूलाल मीणा ने मामला निपटाने और राजीनामे के लिए पहले ही 50 हजार रुपये ले लिए थे।

जानकारी के अनुसार, प्रकाश गाडरी ने अपनी नाता विवाह की पत्नी के वापस पूर्व पति के पास चले जाने को लेकर आकोला थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने की कोशिश की थी। लेकिन, जब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, तो न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई। प्रकाश गाडरी ने अपनी एफआईआर में आरोप लगाया कि उसकी पत्नी ने परिवारवालों के साथ मिलकर षड्यंत्र रचते हुए उसके खिलाफ झूठा बलात्कार और छेड़खानी का केस दर्ज कराया, जिससे नाता विवाह करने का दबाव बनाया जा सके। प्रकाश गाडरी ने यह भी आरोप लगाया कि वल्लभनगर थाने में दर्ज मामला उच्च न्यायालय से रद्द हो गया था। इसके बाद षड्यंत्र के तहत विवाह कराया गया और पूर्व पति को छोड़ने के एवज में 7 लाख 11 हजार रुपये वसूले गए।

भीमावरम टाउन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास जारी

"अमृत भारत स्टेशन योजना" के तहत हो रहा है विकास



हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय रेलवे में बड़े पैमाने पर रेलवे स्टेशनों के उन्नयन के साथ एक बड़ा परिवर्तन चल रहा है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। "अमृत भारत स्टेशन योजना" (एबीएसएस) के तहत, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) द्वारा संचालित आंध्र प्रदेश राज्य में 53 रेलवे स्टेशनों का 2,611 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है, ताकि आधुनिक यात्री सुविधाएं प्रदान की जा सकें और उन्हें क्षेत्रीय आबादी के लिए विकास केंद्रों में परिवर्तित किया जा सके। इस मिशन को उस समय एक बड़ा बढ़ावा मिला जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2023 और फरवरी 2024 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। तिरुपति और नेल्लोर रेलवे स्टेशन के बड़े उन्नयन कार्य भी किए जा रहे हैं और वे तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, इसके अलावा, तिरुचनूर रेलवे स्टेशन को लगातार बढ़ती तीर्थयात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए एक क्रॉसिंग स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है और रेल उपयोगकर्ताओं को आरामदायक और सुविधाजनक रेल यात्रा का अनुभव कराने के लिए यात्री सुविधाओं के प्रावधान के साथ स्टेशन को उन्नत किया जा रहा है। विजयवाड़ा डिवीजन में भीमावरम टाउन (बीवीआरटी) रेलवे स्टेशन आंध्र प्रदेश राज्य के एससीआर के अधिकार क्षेत्र में 53 रेलवे स्टेशनों में से एक है, जिसे 32.37 करोड़ रुपये की लागत से एबीएसएस के तहत पुनर्विकास किया जा रहा है। भीमावरम टाउन विजयवाड़ा-भीमावरम जंक्शन खंड में एक एनएसजी-3 श्रेणी का स्टेशन है, जहां प्रतिदिन औसतन 7587 यात्री आते-जाते हैं और वार्षिक आय 33.20 करोड़ रुपये है। इस स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें रुकती हैं। भीमावरम टाउन रेलवे स्टेशन आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले में है। यह आंध्र प्रदेश राज्य में धान के प्रमुख व्यापार केंद्रों में से एक है। खाद्य प्रसंस्करण, एक्वा कल्चर, चावल मिल आदि जैसे कृषि-आधारित व्यवसाय शहर के राजस्व के मुख्य स्रोत हैं। भीमावरम गुनुपुडी सोमेश्वर (सोमरमा) मंदिर के लिए प्रसिद्ध है, जो पांच पवित्र पंचरामों में से एक है और स्थानीय देवता मावुल्लम्मा का मंदिर है। शिव लिंगम चंद्र महीने के अनुसार अपना रंग बदलने के लिए जाना जाता है : अमावस्या के दौरान काला और पूर्णिमा के दौरान सफेद। स्टेशन पर नियोजित सुविधाओं में प्लेटफ़ॉर्म पर अतिरिक्त कवर का प्रावधान, प्लेटफ़ॉर्म की सतह में सुधार, प्रीमियम मॉड्यूलर शौचालयों का प्रावधान (पुरुषों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग), प्रतीक्षालय का प्रावधान, मुखौटा और परिसंचारी क्षेत्र में सुधार, स्टेशन की लाइटिंग, पीएफ लाइटिंग, सर्कुलेटिंग एरिया लाइटिंग में सुधार और आधुनिक साइनेज बोर्ड का प्रावधान है। प्लेटफॉर्म सरफेस, प्लेटफॉर्म शेल्टर पर कवर, वेटिंग हॉल, मॉड्यूलर टॉयलेट, फ़ेसेड, सर्कुलेटिंग एरिया, लिफ्ट कार्यों सहित 55 प्रतिशत से अधिक भौतिक कार्य पूरे हो चुके हैं। पूरी परियोजना को इस साल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

आसिफाबाद में रोका गया बाल विवाह

कुमराम भीम आसिफाबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बाल संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने पुलिस और महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग के सहयोग से गुरुवार को केरमेरी मंडल के ईसापुर गांव में एक नाबालिग लड़की के माता-पिता की काउंसलिंग कर उसकी शादी रोक दी।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी (डीसीपीओ) बुर्ला महेश ने एक बयान में कहा कि वे एक गुप्त सूचना के बाद वर और वधू के माता-पिता को परामर्श प्रदान करके महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के 40 वर्षीय व्यक्ति के साथ होने वाली नाबालिग लड़की की शादी को रोकने में सफल रहे। लड़की को परामर्श के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर (एसओएससी) में स्थानांतरित कर दिया गया। महेश ने कहा कि बाल विवाह कराना कानून के अनुसार अपराध है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे बाल विवाह की सूचना टोल फ्री 1098 या 112 पर दें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई दूल्हा, बुजुर्ग और पुजारी दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें 2 साल तक की सजा हो सकती है। इस अभियान में सखी ओएससी प्रशासक ममता, जिला चाइल्ड लाइन समन्वयक प्रवीण कुमार, कर्मचारी झांसी रानी और वेंकेश्वर ने भाग लिया।

बीआईएस हैदराबाद द्वारा ज्वेलर्स और कारीगरों के लिए हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस), हैदराबाद शाखा कार्यालय द्वारा तेलंगाना में ज्वेलर्स और कारीगरों के लिए हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हॉलमार्किंग के महत्व और सोने के आभूषणों की शुद्धता व प्रामाणिकता सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। तेलंगाना में 13 जिलों में हॉलमार्किंग को अनिवार्य किया गया है, जिससे ज्वेलर्स को बीआईएस प्रमाणन और गुणवत्ता मानकों का पालन करना आवश्यक हो गया है।

27 मार्च को हैदराबाद जिले के ज्वेलर्स और कारीगरों के लिए चारमीनार में हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 40 ज्वेलर्स ने भाग लिया। बी.आर.के. राव, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक, बीआईएस ने हॉलमार्किंग के नियमों और दिशानिर्देशों, बीआईएस प्रमाणन प्रक्रिया और बीआईएस अधिनियम के कानूनी ढांचे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बीआईएस के डिजिटल इनिशिएटिव, जैसे बीआईएस केयर ऐप के बारे में भी बताया, जिससे उपभोक्ता हॉलमार्क वाले आभूषणों की प्रामाणिकता को सत्यापित कर सकते हैं और बीआईएस प्रमाणित उत्पादों की जांच कर सकते हैं। 25 मार्च 2025 को यादाद्री भुवनागिरी जिले के मोतकुर मंडल में आर्य वैश्य भवन में हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 40 ज्वेलर्स ने भाग लिया। इस सत्र का नेतृत्व बीआईएस टीम के ए.एन.एस.पी. शास्त्री और श्रीमती प्रशांति, एचएमए ने किया। कार्यक्रम के दौरान हॉलमार्किंग आवश्यकताओं, अनुपालन प्रक्रियाओं और उपभोक्ता लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बीआईएस हैदराबाद द्वारा आयोजित ये सतत जागरूकता कार्यक्रम पूरे राज्य में ज्वेलर्स और कारीगरों के बीच गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हॉलमार्किंग नियमों के बेहतर अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे हैं। तेलंगाना में हॉलमार्किंग को प्रभावी रूप से लागू करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित और प्रमाणित आभूषण उपल ब्ध कराने के लिए बीआईएस निरंतर प्रयासरत है।

पूर्व सरपंचों ने एमपीडीओ कार्यालय पर जड़ा ताला

कुमराम भीम आसिफाबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व सरपंचों ने गुरुवार को कागजनगर में विकास कार्यों के बिलों का तुरंत भुगतान करने की मांग को लेकर मंडल परिषद विकास अधिकारी (एमपीडीओ) के कार्यालय पर ताला जड़ दिया। सरपंचों ने इस बात पर खेद जताया कि उन्हें अपने पंचायतों में मान ऊरु-मान बड़ी, पल्ले प्रकृति वनम, श्मशान घाट और आंतरिक सड़कों से संबंधित बिलों के भुगतान के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी संपत्ति बेचकर यह काम करवाया है। गांवों के पूर्व प्रधान चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द बिलों का भुगतान करे।

उत्तम कुमार रेड्डी ने देवदुला चरण-III पंपिंग स्टेशन चालू किया

वारंगल, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कैप्टन एन उत्तम कुमार रेड्डी ने गुरुवार को वारंगल जिले के देवन्नापेट में देवदुला लिफ्ट सिंचाई योजना के चरण-III पंपिंग स्टेशन को चालू किया, जो राज्य के प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में सतत सिंचाई और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयासों में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित हुआ। राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, विधायक कडियम श्रीहरि, के. नागराजू और यशस्विनी रेड्डी के साथ मंत्री ने बाद में धर्मसागर जलाशय का दौरा किया और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, जहां उन्होंने तीनों चरणों को कवर करते हुए देवदुला लिफ्ट सिंचाई योजना को पूर्ण रूप से पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, चरण-III पंपिंग स्टेशन का सफलतापूर्वक चालू होना खड़ी फसलों की सुरक्षा, अयाकट को सुरक्षित करने और तेलंगाना में पेयजल की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। जब तक देवदुला के तहत वादा किया गया हर बूंद खेतों और घरों तक नहीं पहुंच जाती, हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने खुलासा किया कि खुद उनके और मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात की थी, ताकि शेष कार्यों को पूरा करने के लिए केंद्रीय सहायता और धन की मांग की जा सके।

किशन रेड्डी ने सीएम से 400 एकड़ जमीन की बिक्री रोकने का आग्रह किया

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज सीएम रेवंत रेड्डी को एक खुला पत्र लिखा और रंगारेड्डी जिले के सेरिलिंगमपल्ली मंडल के कांचा गच्चीबोवली गांव में 400 एकड़ सरकारी जमीन की नीलामी प्रक्रिया को तत्काल वापस लेने का अनुरोध किया। पत्र में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय संसाधन जुटाने के नाम पर तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम (टीजीआईआईसी) के माध्यम से नीलामी करने का इरादा रखती है। उन्होंने कहा, पता चला है कि तेलंगाना राज्य सरकार ने तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम (टीजीआईआईसी) के माध्यम से रंगारेड्डी जिले के सेरिलिंगमपल्ली मंडल के कांचा गच्चीबोवली गांव में सर्वे संख्या 25 (पी) में 400 एकड़ सरकारी जमीन की नीलामी करने का फैसला किया है। अतीत में जब आप पीसीसी अध्यक्ष थे, तब आपने भावी पीढ़ियों और सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए सरकारी जमीनों की बिक्री के खिलाफ बात की थी।

400 कर्मचारी कर रहे वेतन का इंतजार

मिशन भगीरथ की जल गुणवत्ता निगरानी प्रयोगशाला के कर्मचारियों की हालत खराब

मंचेरियल, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भर में मिशन भगीरथ कार्यक्रम के तहत जल गुणवत्ता निगरानी और विश्लेषण प्रयोगशालाओं में काम करने वाले करीब 400 कर्मचारी पिछले नौ महीनों से अपने वेतन का इंतजार कर रहे हैं। वे राज्य द्वारा जनता को आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता का विश्लेषण और जांच करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

31 जिलों में 75 प्रयोगशालाओं में अनुबंध के आधार पर केमिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, फील्ड असिस्टेंट और लैब अटेंडेंट समेत 375 कर्मचारी जुड़े हुए हैं। इनका काम नल, बोरवेल और खुले कुओं जैसे विभिन्न पेयजल स्रोतों से निकाले गए पानी का विश्लेषण और जांच करना और जल जीवन मिशन की वेबसाइट पर रिपोर्ट अपलोड करना है। इन्हें 15,000 रुपये से लेकर 22,500 रुपये प्रति माह तक का वेतन दिया जाता है।

कुमराम भीम आसिफाबाद जिले में एक प्रयोगशाला के कर्मचारी ने कहा कि हमें अगस्त में एक साथ जुलाई 2024 तक के तीन महीने का वेतन दिया गया था। तब से हम वेतन का इंतजार कर रहे हैं। हम बिना वेतन के अपने परिवार को चलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हम विभिन्न खर्चों को पूरा करने के लिए दोस्तों और रिश्तेदारों से कर्ज ले रहे हैं। इतने लंबे समय तक वेतन प्राप्त किए बिना रहना मुश्किल है। 25 साल से काम कर रहे कुछ कर्मचारियों को बहुत कम वेतन मिल रहा है। वे ग्रामीण जल योजना सरकार से जुड़े हुए हैं, इस उम्मीद में कि उनकी नौकरी नियमित हो जाएगी। कुछ साल पहले तक ये कर्मचारी ग्रामीण जल योजना (आरडब्ल्यूएस) का हिस्सा थे। इनका वेतन राज्य और केंद्र दोनों मिलकर बांटते थे।

2014 में जब तत्कालीन सरकार ने मिशन भागीरथ कार्यक्रम शुरू किया था, तब इन्हें संचालन और रखरखाव (ओएंडएम) विंग में शामिल किया गया था। कुछ महीने पहले तक इन्हें समय पर वेतन मिल रहा था। मिशन भगीरथ के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के पास फंड की कमी के कारण वेतन में देरी हुई है। उन्होंने बताया कि वेतन के लिए बिल उच्च अधिकारियों को सौंप दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को जल्द से जल्द वेतन देने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

उत्तम कुमार रेड्डी ने हुजूरनगर में उगादी चावल वितरण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने गुरुवार को हुजूरनगर में 30 मार्च को होने वाली एक विशाल जनसभा की तैयारियों की समीक्षा की, जहां मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी उगादी के अवसर पर राशन कार्ड धारकों को राज्यव्यापी बढ़िया चावल वितरण का शुभारंभ करेंगे। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि कार्यक्रम में लगभग 40,000 लोगों के शामिल होने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और हुजूरनगर और कोडाद दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपने परिवारों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर के लिए बैठक स्थल का नाम राजीव प्रांगणम रखा गया है। निरीक्षण के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं से बात करते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

रोजगार गारंटी योजना के तहत कराए जाने वाले विकास कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए : जिला कलेक्टर

कुमरमभीम आसिफाबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय ग्रामीण आश्वासन योजना के अंतर्गत जिले में किया गया सडकों और नालियों का निर्माण कार्य इस महीने की 30 तारीख तक पूरा हो जाएगा।

जिला कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे ने कहा कि रिकॉर्ड प्रस्तुत किया जाना चाहिए। गुरुवार को जिला केन्द्र स्थित एकीकृत जिला कलेक्ट्रेट भवन परिसर स्थित कांफ्रेंस हॉल से जिला अपर कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी, जिला ग्रामीण विकास अधिकारी दत्ता राव, पंचायत राज ई. इस. प्रभाकर के साथ ज़ूम मीटिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति में तीन दिन शेष रहते राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत गांवों में स्वीकृत सी.ई. का कार्य पूर्ण हो चुका है। सडकों और नालियों का निर्माण इस महीने की 30 तारीख तक पूरा हो जाएगा। इंजीनियरिंग अधिकारियों को रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारी मंडलों द्वारा स्वीकृत कार्यों की निगरानी करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कार्य पूर्ण हो और उच्च गुणवत्ता वाला हो ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम में इंजीनियरिंग अधिकारियों ने भाग लिया।

सीडीएफडी में राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का आयोजित

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एवं निदान केंद्र (सीडीएफडी) में राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य संस्थान में हिन्दी को राजभाषा के रूप में बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में एम.के. नागराजू, राजभाषा अधिकारी, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद ने हिन्दी में सरकारी और प्रशासनिक कार्य कैसे करें पर व्याख्यान दिया। राजभाषा सलाहकार सुश्री वी.संतोषी दीपिका ने कार्यशाला में उपस्थित सभी का स्वागत किया।

हिन्दी संपर्क अधिकारी बी.येसुदासु ने कार्यशाला की पृष्ठभूमि और उससे अपनी अपेक्षाओं पर जोर दिया। उन्होंने स्टाफ को इस कार्यशाला में भाग लेकर, राजभाषा का प्रभावी कार्यान्वयन के महत्व संबंधी ज्ञान पाने और इसका उपयोग दैनिक कामकाज में करने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन के संबंधी सकारात्मक दृष्टिकोण के बारे में साझा किया है। मुख्य वक्ता एम.के. नागराजू ने भारत सरकार की राजभाषा अधिनियम एवं राजभाषा नियम से सभी को अवगत कराया। उन्होंने हिन्दी भाषा के महत्व पर जोर देते हुए अपने मुख्य भाषण में समावेशिता और संवाद को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उनकी प्रेरणादायक बातों ने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति सभी को प्रोत्सहित करते हुए अपना व्याख्यान प्रस्तुत की है। कार्यशाला में हिन्दी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जो उपस्थित स्टाफ के लिए एक दिलचस्प पहलू लेकर आई। इस गतिविधि ने न केवल उनकी भाषा संबंधित ज्ञान की परीक्षा ली बल्कि उत्साहपूर्ण और जीवंत माहौल भी पैदा किया।

ट्रक के केबिन में फंसे चालक को पुलिस ने बचाया

मंचेरियल, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने गुरुवार सुबह कासिपेट मंडल के सोमागुडम गांव में एनएच 363 पर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एक ट्रक के कैब में फंसे चालक को बचाकर प्रशंसा प्राप्त की। कासिपेट के उपनिरीक्षक वी प्रवीण कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश के बुर्जिथ सिंह उस समय घायल हो गए जब स्टील से लदे ट्रक की टक्कर ट्रक के केबिन में फंस गए। ट्रक खराब होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही प्रवीण और उनकी टीम मौके पर पहुंची और सिंह को निकालने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मदद से ड्राइवर का इलाज कराया। डॉक्टरों ने केबिन में ही सिंह को सलाइन चढ़ाया। पुलिस ने कैब को दो टुकड़ों में काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला। ड्राइवर को तुरंत बेल्लमपल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

रोहिंग्या-बांग्लादेशी ने ...

> सुरक्षा की दृष्टि से ड्रग्स कार्टल, घुसपैठियों की कार्टल, हवाला व्यापारियों को समाप्त करने की व्यवस्था हम इस विधेयक में कर रहे हैं।

> पासपोर्ट एक्ट में पासपोर्ट-वीजा की आवश्यकता को पुख्ता करेगा, विदेशियों के पंजीकरण को और पुख्ता करेगा।

> अप्रवास अधिनियम 2002 को भी थोड़ा परिवर्तन करके इसमें समाहित किया गया है।

> अप्रवासियों से जुड़े कानून 1920, 1930 और 1946, ब्रिटेन की संसद में बने थे। भारत का कानून अब भारत की नई संसद में बन रहा।

शाह ने कहा- जो भारत के भले के लिए आता है, उस पर लागू नहीं होगा :

शाह ने कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी की ओर से उठाए गए विदेशी नागरिक को देश में प्रवेश से रोकने के अधिकार का जवाब दिया। शाह ने कहा- पहले भी कानून में ये अधिकार अधिकारियों के पास ही था। हमने 2019 में ये प्रथा बनाई कि 24 बिंदु पर पूरी जांच करके ही किसी को रोका जा सकता है। किसी को भी खुली छूट नहीं दी है। फांसी की सजा वाले अपराधी की जांच भी हेड कांस्टेबल ही करता है।

संविधान बना, संविधान के तहत हम जीतकर आए। कोई मंत्री बना कोई विपक्ष का नेता बना। देश की सुरक्षा का जहां सवाल होता है तो कोर्ट ही एकमात्र शरण है। इसमें कहीं अपील का अधिकार नहीं है। जो भारत के भले के लिए आता है, उस पर लागू नहीं होगा। जिनसे सुरक्षा को खतरा है, उन पर लागू होगा। इससे विश्वविद्यालय पर कोई बोझ नहीं आएगा। सब कुछ ऑनलाइन है, एक रिपोर्ट नहीं दे सकते कि हमारे विश्वविद्यालय में इतने विदेशी पढ़ते हैं। क्यों छिपाना, इसकी जानकारी लेना सरकार का अधिकार है।

'जगह नहीं मिले ...

विपक्ष बोला- बीजेपी विधायक पर कार्रवाई होनी चाहिए :

वीआईपी के प्रवक्ता देव ज्योति ने कहा- आप मंत्री पद पर रहते हुए जहर उगल रहे है। आने वाले समय में जनता माफ नहीं करेगी। उनको इस्तीफा दे देना चाहिए। महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोलिए। वोट के लिए हिंदू और मुसलमान की राजनीति कर रहे हैं। बीजेपी विधायक के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता ज्ञान रंजन ने कहा- जाना तो सभी को एक दिन कब्रिस्तान की तरफ ही है। बीजेपी की राजनीति धर्म के नाम पर बांटने की है। उनको ऐसी बातें नहीं बोलनी चाहिए, जिससे किसी भी धर्म के लोगों को आहत हो। आरजेडी प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा, ऐसे लोगों पर मुख्यमंत्री को संज्ञान लेना चाहिए। क्या इस तरह की भाषा बोलने वाले मंत्री आपके मंत्रिमंडल में बने रहेंगे। आप मंत्री पद पर बैठकर, शपथ लेते हुए ऐसी भाषा बोल रहे हैं। भारत के संविधान के अंतर्गत आप पर कार्रवाई होनी चाहिए।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ...

इसके बाद आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा घेराव के लिए मार्च निकाला हैं। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। बीजू जनता दल (बीजेडी) के विधायकों ने विधानसभा में गंगाजल छिड़का। दरअसल कांग्रेस विधायकों को सदन से बाहर निकालने के लिए मंगलवार रात पुलिस विधानसभा के अंदर गई थी।

कांग्रेस विधायक महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच के लिए हाउस कमेटी की मांग को लेकर सदन के वेल में प्रदर्शन कर रहे थे। विधायकों ने कहना था कि विधानसभा में पुलिस के आने से सदन अपवित्र हो गया था। विधानसभा को शुद्ध करने के लिए गंगाजल छिड़का।

स्पीकर ने घटना की निंदा की

विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाधी ने परिसर में गंगाजल छिड़कने की आलोचना की। उन्होंने कहा- यह स्वीकार्य नहीं है। सदस्यों को ऐसा नहीं करना चाहिए। वहीं, राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा, इस पवित्र सदन को शुद्ध करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह हमेशा पवित्र है।

केंद्र सरकार ने लॉन्च ...

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि सहकार टैक्सी सेवा "आने वाले महीनों में" शुरू की जाएगी। निजी कंपनियों के विपरीत, यह सरकार समर्थित सेवा यह सुनिश्चित करेगी कि सारी कमाई ड्राइवरों के पास ही रहे, जिससे उन्हें अधिक वित्तीय लाभ मिलेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा, इस सेवा से होने वाला लाभ किसी बड़े उद्योगपति को नहीं मिलेगा, बल्कि वाहन चालकों को मिलेगा। शाह ने कहा कि इसके अलावा एक सहकारी बीमा कंपनी भी बनाई जाएगी जो देश में लोगों को बीमा सेवाएं उपलब्ध कराएगी।

उन्होंने आगे कहा कि छोटे समय में, यह निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी बन जाएगी। नई पहल का उद्देश्य ड्राइवरों को सशक्त बनाना है। साथ ही यात्रियों को विश्वसनीय और लागत प्रभावी परिवहन विकल्प प्रदान करना है। पश्चिम बंगाल में "यात्री साथी" नाम से एक ऐसा ही सर्विस पहले से ही चल रही है, जो पहले सिर्फ कोलकाता में उपलब्ध थी। अब इसका विस्तार सिलीगुड़ी, आसनसोल और दुर्गापुर जैसे शहरों में भी हो गया है।

यात्री साथी क्विक बुकिंग, स्थानीय भाषा में जानकारी, किफायती किराया और चौबीसों घंटे कस्टमर सपोर्ट भी प्रदान करती है, जिससे यह यात्रियों के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बन गया है। 2022 में सरकारी ऑनलाइन टैक्सी सेवा 'केरल सवारी' शुरू करने वाला केरल देश का पहला राज्य था। हालांकि कम उपयोग के कारण इसे बंद कर दिया गया है, लेकिन राज्य सरकार अब संशोधित किराए और बेहतर सॉफ्टवेयर के साथ इसे फिर से शुरू करने की योजना बना रही है।

निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए : डीवाईएफआई

सिरपुर कागजनगर/आसिफाबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कागजनगर शहर के केंद्र में निजी अस्पताल तेजी से उभर रहे हैं, मरीजों से अंधाधुंध उच्च शुल्क वसूल रहे हैं। निजी अस्पताल में सर्जरी करते समय एक युवक की मौत हो गई। पिछले दिनों एक अन्य निजी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की मौत हो गई थी। शिकायत के बावजूदद जिला चिकित्सा विभाग के अधिकारी निजी अस्पतालों में हुई मौतों का निरीक्षण नहीं कर रहे हैं, उन अस्पतालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसके कारण ये निजी अस्पताल लूट का केंद्र बनतेत जा रहे हैं। स्कैनिंग केंद्रों में उच्च शुल्क वसूल रहे हैं क्योंकि कोई पूछने वाला नहीं है। भारतीय जनता पार्टी युवा महासंघ (डीवाईएफआई) ने उपजिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला को एक याचिका में कहा, उपजिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चिकित्सा विभाग के अधिकारी द्वारा तत्काल अस्पतालों का निरीक्षण किया जाएगा, तथा सुविधा न देने वाले व अधिक शुल्क वसूलने वाले निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। याचिका प्रस्तुत करने वालों में डीवाईएफआई के जिला अध्यक्ष सचिव गेदाम टिकानंद व गोडीसेला कार्तिक शामिल हैं।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत को खर्च करने पड़ सकते हैं 64 हजार करोड़; यह बजट पेरिस से दोगुना

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को लेकर जोर आजमाइश लगा रहा है। पिछले साल अक्तूबर में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को एक आशय पत्र भेजा था, जिसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की थी। अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि इस बहुराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी में भारत को 34,700 करोड़ रुपये से 64,000 करोड़ रुपये के बीच खर्च आ सकता है। इस हफ्ते गांधीनगर में उच्च स्तरीय समन्वय समिति के साथ एक विचार विमर्श सत्र हुआ जहां 'समीक्षा बैठक- अहमदाबाद 2036 के लिए तैयारी' शीर्षक वाला दस्तावेज पेश किया गया।

इसमें 2036 ओलंपिक की मेजबानी के भारत के संकल्प को दोहराया गया।

इस रिपोर्ट में हुआ खुलासा

टाइम्स ऑफ इंडिया (टीओआई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह पता चला था है कि अनुमानित खर्च पिछले साल के पेरिस ओलंपिक (32,765 करोड़ रुपये) से ज्यादा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, 'टाइम्स ऑफ इंडिया को मिले अंतिम ब्लूप्रिंट में गुजरात के दो शहरों और चार अन्य शहरों - भोपाल, गोवा, मुंबई और पुणे में खेल करवाने के अनुमानित लागत का खुलासा किया गया है।' अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नव नियुक्त अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री ने 2036 खेलों के आयोजन की भारत की दावेदारी को लेकर कहा था कि वह आने वाले दिनों में भविष्य के मेजबान के चयन को लेकर अपने विचार प्रकट करेंगी।

नई अध्यक्ष कोवेंट्री का बयान

यह पूछे जाने पर कि मौजूदा राष्ट्रपति थॉमस बाक के 23 जून को पद छोड़ने से पहले क्या भारत के प्रयास को त्वरित वार्ता में बदलने की कोई संभावना है? इस पर कोवेंट्री ने कहा, 'यह एक प्रक्रिया है और यह प्रक्रिया जारी है और जहां तक मेरी जानकारी है अगले कुछ महीनों तक यह जारी रहेगी।' उन्होंने अपने चुनाव के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुझे लगता है कि हमें भविष्य के मेजबान के चयन में सदस्यों को शामिल करने की आवश्यकता है और मेरे पास कुछ विचार हैं और उन्हें साझा करने के लिए तैयार हूं। हालांकि, ऐसा शायद अगले सप्ताह हो।'

इन देशों ने अब तक दिखाई है रुचि

कोवेंट्री 23 जून को ओलंपिक दिवस पर बाक से आईओसी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगी। कतर और सऊदी अरब समेत 10 से ज्यादा देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। हालांकि यह अभी तक पता नहीं चल सका है कि कितने या किन अन्य देशों ने आधिकारिक तौर पर ऐसा किया है। आशय पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही भारत मेजबान चुनाव प्रक्रिया में अनौपचारिक वार्ता से सतत वार्ता चरण तक प्रगति कर चुका है।

2026 तक आ सकता है फैसला

इस चरण में आईओसी संभावित मेजबान के रूप में खेलों से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति का अध्ययन करती है। प्रक्रिया का अगला चरण 'लक्षित संवाद' होगा, जिसके लिए एक संस्करण-विशिष्ट औपचारिक बोली प्रस्तुत की जाएगी। इसका मूल्यांकन भविष्य के मेजबान आयोग द्वारा किया जाएगा। यह प्रक्रिया अंततः एक मेजबान चुनाव के साथ समाप्त होगी। 2036 के मेजबान पर निर्णय 2026 से पहले आने की संभावना नहीं है।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा कप्तान होंगे या नहीं?

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने बेशक पिछले एक साल में ही टी-20 वर्ल्ड कप और चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया हो, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। इस दौरान टीम को पहले घर में न्यूजीलैंड के हाथों और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हार का सामना करना पड़ा। ऐसा होने पर टीम के कप्तान रोहित शर्मा को जमकर आलोचनाएं झेलनी पड़ीं। उनकी कप्तानी पर अब अपडेट सामने आया है, जहां उनके आईपीएल 2025 खत्म होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में कप्तान बनने की बात सामने आ रही है।

पीटीआई के मुताबिक, 37 साल के रोहित जून में इंग्लैंड दौरे के लिए जाने वाले हैं और कप्तान के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे। 2007 के बाद से इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से भारत 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलेगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि रोहित के इंग्लैंड में भारत की सीनियर टीम की अगुवाई करने की उम्मीद है, भले ही उनका प्रदर्शन सामान्य रहा हो और टीम को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा हो।

टीम इंडिया में होगी करुण नायर की एंट्री

आईपीएल के दौरान लिया गया बड़ा फैसला!

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम अपने इंग्लैंड दौरे की तैयारी के लिए मई-जून में दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी। इस दौरान कुछ सीनियर टीम के खिलाड़ी इंडिया 'ए' की टीम का हिस्सा हो सकते हैं, ताकि वे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले मैच प्रैक्टिस हासिल कर सकें. भारत की टीम 20 जून को हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेलेगी और 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में सीरीज जीतने का लक्ष्य रखेगी. इंग्लैंड में 'ए' टीम के मैच 30 मई, द स्पिटफायर ग्राउंड, कैंटरबरी और 6 जून को काउंटी ग्राउंड, नॉर्थम्प्टन में खेले जाएंगे. खबर आ रही है कि इन मुकाबलों में करुण नायर को मौका मिल सकता है.

करुण नायर को मिल सकता है मौका

भारतीय चयनकर्ताओं के पास 'ए' टीम की घोषणा के लिए अभी काफी समय है, और करुण नायर इस दौरे का हिस्सा बन सकते हैं. इस खिलाड़ी ने 2024-25 डोमेस्टिक सीजन में करुण नायर ने शानदार प्रदर्शन किया है.वो सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे. रणजी ट्रॉफी में नायर ने 9 मैचों में 54 की औसत से 863 रन बनाए. उनके बल्ले से 4 शतक, 2 अर्धशतक निकले थे. उनके प्रदर्शन ने विदर्भ को केरल को हराकर तीसरा रणजी खिताब दिलाने में मदद की. अब उसका इनाम करुण नायर को मिल सकता है. वैसे करुण नायर ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में भी काफी रन बनाए हैं. वो नॉर्थैम्प्टनशर के लिए पिछले साल दोहरा शतक भी जड़ चुके हैं.

वापसी के लिए तैयार केएल राहुल

'पापा' बनने के बाद 30 मार्च को खेलेंगे पहला मैच

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने मेगा ऑक्शन में 14 करोड़ रुपये में खरीदा था लेकिन वो सीजन के पहले मैच में ही टीम का हिस्सा नहीं थे. दिल्ली के पहले मैच के दिन यानि 24 मार्च को ही राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी ने बेटी को जन्म दिया था और इस पल के लिए राहुल को टीम से छुट्टी मिली थी.

इंडियन प्रीमियर लीग का नया सीजन कई खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अंदाज में शुरू हुआ है. स्टार भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल भी इनमें से एक हैं, जिनके लिए टूर्नामेंट की शुरुआत ही खुशनुमा साबित हुई है. मगर राहुल के लिए ये बेहतरीन आगाज मैदान के अंदर नहीं बल्कि मैदान के बाहर हुआ है क्योंकि टूर्नामेंट शुरू होते ही उन्हें बेटी के जन्म की खुशखबरी मिली. वो पहली बार पिता बने हैं. इस खूबसूरत शुरुआत के बाद अब राहुल मैदान पर भी कमाल दिखाने को तैयार हैं और जल्द ही दिल्ली कैपिटल्स के लिए वापसी करने जा रहे हैं.

टीम इंडिया के स्टार राहुल 24 मार्च को पिता बने थे. उनकी बॉलीवुड स्टार पत्नी अथिया शेट्टी ने बेटी को जन्म दिया है. फरवरी 2022 में शादी करने वाले इस जोड़े को पहली बार ये सुख मिला है. ऐसे में इस खास मौके पर राहुल अपनी पत्नी के साथ रहना चाहते थे. इसके चलते ही दिल्ली कैपिटल्स के पहले मैच से उन्हें छुट्टी दी गई थी. दिल्ली कैपिटल्स ने अपना पहला मैच सोमवार 24 मार्च को ही खेला था, जबकि राहुल उससे एक दिन पहले ही घर लौट गए थे.

दूसरे मैच से करेंगे वापसी

अब अपनी पत्नी और नन्हीं सी बेटी के साथ कुछ वक्त बिताने के बाद राहुल फिर से मैदान पर लौटने को तैयार हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ वक्त से बेहतरीन फॉर्म में चल रहे राहुल दिल्ली कैपिटल्स के दूसरे मैच से वापसी करेंगे.

दिल्ली का अगला मैच 30 अप्रैल को विशाखापट्टनम में ही है. इस बार टीम का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा, जिसने अपने पहले ही मैच में शानदार जीत दर्ज की थी. अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली ने भी अपना मैच रोमांचक अंदाज में जीता था. मगर दूसरा मैच उसके लिए पहले से भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण साबित होगा और ऐसे में राहुल की वापसी उसकी ताकत बढ़ा सकती है.

नई टीम के लिए करेंगे कमाल?

अभी तक आईपीएल 2025 की शुरुआत खास तौर पर उन खिलाड़ियों के लिए दमदार रही है, जिन्होंने पिछले सीजन के बाद अपनी टीम बदली है. श्रेयस अय्यर, आशुतोष शर्मा, क्रुणाल पंड्या, ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों ने अपने-अपने पहले ही मैच में कमाल का प्रदर्शन कर छाप छोड़ी है. केएल राहुल भी इस बार नई टीम का हिस्सा हैं. पिछले 3 सीजन तक लखनऊ सुपर जायंट्स की कमान संभालने के बाद राहुल इस बार दिल्ली में शामिल हुए हैं. दिल्ली ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 14 करोड़ रुपये में खरीदा था. अब राहुल भी बाकी खिलाड़ियों की तरह नए सीजन की वैसी ही दमदार शुरुआत करना चाहेंगे.

मैच से पहले दिग्गज खिलाड़ी लैथम का हाथ टूटा

कई दिनों तक नहीं खेल पाएगा क्रिकेट

खेल डेस्क, 27 मार्च (एजेंसियां)। एक तरफ सबका ध्यान आईपीएल 2025 पर लगा हुआ है, वहीं न्यूजीलैंड में इंटरनेशनल क्रिकेट खेला जा रहा है. कीवी टीम का सामना पाकिस्तान से हो रहा है और टी20 सीरीज के बाद ओडीआई सीरीज खेली जानी है. मगर इससे ठीक पहले न्यूजीलैंड के कप्तान चोट के कारण बाहर हो गए हैं.

आईपीएल 2025 सीजन की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में हुई है. अभी तक सिर्फ 6 मैच खेले गए हैं लेकिन पूरे क्रिकेट जगत में फिलहाल इसकी ही चर्चा हो रही है. हर किसी की नजरें दुनिया की सबसे बड़ी लीग में चल रहे एक्शन पर ही टिकी हुई हैं. मगर आईपीएल से अलग न्यूजीलैंड में इंटरनेशनल क्रिकेट भी खेला जा रहा है, जहां मेजबान टीम का सामना पाकिस्तान से हो रहा है. दोनों के बीच टी20 सीरीज खत्म होने के बाद अब वनडे सीरीज खेली जानी है लेकिन उससे ठीक पहले एक दिग्गज खिलाड़ी चोटिल हो गया है. सीरीज शुरू होने से पहले न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम का हाथ टूट गया है, जिसके कारण वो पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं.

मैच से पहले हाथ में फ्रैक्चर

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच शनिवार 29 मार्च से तीन वनडे मैच की सीरीज शुरू हो रही है. इस सीरीज से पहले कीवी टीम को ये बुरी खबर मिली है. न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से गुरुवार 27 मार्च को ये जानकारी दी गई. टीम की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज में बताया गया कि कप्तान लैथम को इस सीरीज की तैयारी के लिए प्रैक्टिस के दौरान हाथ में चोट लग गई थी. उनके हाथ का एक्स-रे करने पर दिखा कि हाथ में फ्रैक्चर है. इसके चलते वो अगले कई दिनों के लिए क्रिकेट एक्शन से दूर हो गए हैं.

लैथम को मिचेल सैंटनर की जगह टीम की कमान मिली थी, जो इस वक्त आईपीएल में व्यस्त हैं. लैथम हाल ही में न्यूजीलैंड की चैंपियंस ट्रॉफी टीम का हिस्सा थे, जहां उसे खिताबी मुकाबले में टीम इंडिया से हार का सामना करना पड़ा था. उस फाइनल के बाद लैथम का ये पहला ही मैच होने जा रहा था. मगर अब उनकी वापसी में कुछ और दिन लगेंगे. लैथम की गैरहाजिरी में अनुभवी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल न्यूजीलैंड टीम की कमान संभालेंगे. ब्रेसवेल की कप्तानी में ही न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को आखिरी टी20 मैच में 8 विकेट से हरा दिया था. इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने ये सीरीज 4-1 से अपने नाम की थी.

ये खिलाड़ी भी होगा बाहर

लैथम की जगह लेने के लिए कीवी टीम में हेनरी निकोल्स की वापसी हुई है. वहीं मिच हे अब लैथम की गैरहाजिरी में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे. मिच हे हाल ही में टी20 सीरीज का भी हिस्सा थे. मगर सिर्फ लैथम ही नहीं, बल्कि इस सीरीज के आखिरी दो मैच के लिए न्यूजीलैंड को बल्लेबाज विल यंग की कमी भी खलेगी. बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यंग को उनके पहले बच्चे के जन्म के लिए छुट्टी दी गई है. वो ये वक्त अपनी पत्नी के साथ बिताएंगे और इसके चलते सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच से बाहर रहेंगे. उनके कवर के तौर पर रीस मारियू को पहली बार कीवी टीम से बुलावा आया है.

'साइकॉलोजिस्ट की जरूरत पड़ेगी'

रविचंद्रन अश्विन को आईपीएल 2025 के बीच सताने लगा डर

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन जब भी क्रिकेट से जुड़ी कोई बात करते हैं, तो वो चर्चा का विषय बन जाती है. अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से बल्लेबाजों को छकाने वाले अश्विन क्रिकेट से जुड़े कई ऐसे पहलुओं का जिक्र करते हैं, जो सबका ध्यान खींचते हैं. इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके अश्विन इस वक्त आईपीएल 2025 में व्यस्त हैं. टूर्नामेंट को शुरू हुए एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और अश्विन ने कुछ ऐसा बोला है, जिसने सबको चौंका दिया है. दिग्गज गेंदबाज ने कहा है कि जिस तरह से आईपीएल में बल्लेबाजी हो रही है, उसे देखते हुए जल्द ही हर गेंदबाज को अपने साथ एक पर्सनल मनोवैज्ञानिक की जरूरत पड़ जाएगी.

टी20 क्रिकेट में लगातार बल्लेबाजों विस्फोटक अंदाज को अपनाते जा रहे हैं. कई तरह के नियम भी टी20 लीग और इंटरनेशनल क्रिकेट में आए हैं, जो बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हुए हैं. खास तौर पर आईपीएल में पिछले सीजन के बाद से तो बड़े-बड़े स्कोर की बौछार हो गई है. सनराइजर्स हैदराबाद ने जहां पिछले सीजन में ही 277 और 287 रन जैसे स्कोर खड़े कर सबको हैरान कर दिया था. वहीं इस सीजन के दूसरे ही मैच में इस टीम ने फिर से 286 रन बनाकर इरादे जाहिर कर दिए. लगातार यही बात हो रही है कि कौन सी टीम सबसे पहले 300 रन का आंकड़ा छुएगी.

गेंदबाजों को पड़ेगी साइकॉलोजिस्ट की जरूरत

इन सबको देखते हुए ही गेंदबाजों की मदद की मांग भी होने लगी है. वहीं अश्विन ने तो इसे गेंदबाजों की दिमागी सेहत के लिए ही खतरनाक बता दिया है. अपने यूट्यूब चैनल पर एक चर्चा के दौरान दिग्गज भारतीय स्पिनर ने इसका जिक्र भी किया. अश्विन ने डिफेंसिव गेंदबाजी पर उठे सवाल के जवाब में कहा, "मैं इस बारे में बोलना चाहता हूं. मुझे लगता है कि जल्द ही गेंदबाजों को पर्सनल मनोवैज्ञानिक (साइकॉलोजिस्ट) की जरूरत पड़ेगी. मुझे सच में ऐसा लगता है. लोग कह रहे हैं कि गेंदबाज डिफेंसिव हो गए हैं. इस तर्क को मान लेते हैं लेकिन कुछ मौकों पर बॉलिंग एकदम असंभव हो गई है."

6 मैच में ही 133 छक्के, 6 बार 200 के स्कोर

अश्विन इस तरह की बात करने वाले पहले गेंदबाज नहीं हैं. इसी टूर्नामेंट के बीच साउथ अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने भी गेंदबाजों के पक्ष में स्थितियां बनाने की मांग की. उन्होंने कहा कि अगर सिर्फ बड़े-बड़े स्कोर ही बनते रहेंगे तो क्रिकेट बोरिंग हो जाएगा और इस खेल को क्रिकेट बोलने के बजाए 'बैटिंग' बोलना ही बेहतर रहेगा. इस सीजन की बात करें तो शुरुआती 5-6 मैच में ही ऐसा होता दिखा है. अभी तक खेले गए 6 मुकाबलों में 6 बार 200 से ज्यादा के स्कोर बने हैं. खास बात ये है कि ये 6 स्कोर भी सिर्फ 3 मैच में आए हैं यानि मैच की दोनों पारियों में 200 का आंकड़ा पार हुआ है. सिर्फ इतना ही नहीं, 74 मैच वाले सीजन में सिर्फ छठे मैच तक ही 133 छक्के और 205 चौके लग चुके हैं, जो बताता है कि गेंदबाजी बेहद मुश्किल हो गई है.

बॉक्सर स्वीटी बूरा की तबीयत बिगड़ी

पैनिक अटैक के बाद अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा और इंडियन कबड्डी टीम के कैप्टन रह चुके दीपक हुड्डा के बीच विवाद गहराता जा रहा है। दोनों पति-पत्नी अपना आपसी विवाद लेकर थाने पहुंच गए हैं। दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट करने के आरोप लगाए है। वहीं स्वीटी बूरा ने नया वीडियो जारी करके दीपक पर समलैंगिक होने का आरोप लगाया है।

वह वीडियो में अपनी बात कहते हुए रोते हुए नजर आईं। वहीं वीडियो बनाते हुए स्वीटी को पैनिक अटैक आया और उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वे बात करने की हालत में नहीं हैं। परिजनों ने बताया कि वे शादी के बाद कई बार पैनिक अटैक के कारण अस्पताल तक पहुंच चुकी हैं।

पैनिक अटैक से पहले स्वीटी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि मैं इतना गंदा नहीं बोलना चाहती थी, लेकिन वह लड़कों में इंटरेस्ट रखता है। उसके कई सारे वीडियो देखे हैं, जिन्हें देखकर मेरे पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई थी। मैंने उसे लड़कों के साथ उस हालत में देखा, मैं सभी सबूत कोर्ट में पेश करुंगी। मैं नहीं चाहती थी कि इस हद तक जाऊं, लेकिन वह इंसान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

स्वीटी ने कहा कि मैं सारे वीडियो और सबूत कोर्ट में पेश करुंगी कि कैसे और क्या-क्या करने के लिए वह मुझे मजबूर करता है? मैं साधारण तरीके से तलाक लेना चाहती थी, लेकिन उस इंसान में इतना कुछ कहा और किया है कि अपने मां-बाप तक को नहीं बता सकती।

आईपीएल 2025: अब 13 साल के नहीं रहे वैभव सूर्यवंशी

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत आईपीएल में अभी तक अच्छी नहीं रही है. टीम को अपने शुरुआती दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है. ऐसे में अब अगले मैच में जब राजस्थान की टीम उतरेगी तो क्या वो कुछ बदलाव करेगी? क्या वो आईपीएल के सबसे युवा खिलाड़ी को मौका देगी? आईपीएल इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी यानि 13 साल के वैभव सूर्यवंशी. 13 नहीं, असल में 14 साल के वैभव. जी हां, आईपीएल के बीच ही वैभव की उम्र बदल गई है और वो अब 13 साल के नहीं रहे. नहीं-नहीं, वैभव ने अपनी उम्र नहीं बदली है, बल्कि आज यानि 27 मार्च को वैभव का जन्मदिन है और वो 14 साल के हो गए हैं.

'बिहार के लाल' वैभव सूर्यवंशी का जन्म 27 मार्च 2011 को हुआ था. उनके जन्म के 5 दिन बाद ही टीम इंडिया ने एमएस धोनी की कप्तानी में वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. उस टीम में विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज भी थे. अब वही वैभव धोनी-कोहली, अश्विन के साथ आईपीएल में खेल रहे हैं. बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज को पिछले साल ही मेगा ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था. इस तरह वो आईपीएल ऑक्शन में बिकने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे.

खत्म होगा आईपीएल डेब्यू का इंतजार?

ऑक्शन में रिकॉर्ड बना चुके वैभव को हालांकि अभी भी अपने डेब्यू का इंतजार है. राजस्थान के शुरुआती दो मुकाबलों में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था. टीम को इन दोनों ही मैच में हार का सामना करना पड़ा है. ऐसे में अब फैंस को इंतजार है कि क्या अगले मुकाबले में या सीजन के बीच किसी भी वक्त वैभव को मैदान पर अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा या नहीं. राजस्थान रॉयल्स का अगला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से है. ये मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में खेला जाएगा.

13 की उम्र में ही बना दिए रिकॉर्ड

जहां तक वैभव के करियर की बात है तो कम उम्र से ही इस खिलाड़ी ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है. बिहार में एक अंडर-19 टूर्नामेंट के दौरान वैभव ने 332 रन की बेहतरीन पारी खेलकर सबका ध्यान खींचा था. फिर उन्हें ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ चार दिनी मुकाबले के लिए इंडिया अंडर-19 टीम में भी चुना गया था और इस मुकाबले में वैभव ने सिर्फ 58 गेंदों में शतक जमाकर तहलका मचा दिया था. इसके अलावा अंडर-19 एशिया कप में वैभव ने 44 की औसत से 176 रन बनाए थे. इतना ही नहीं, वैभव ने तो 12 साल की उम्र में ही रणजी ट्रॉफी में डेब्यू कर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे, जबकि विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में भी उन्होंने 13 साल की उम्र में कदम रख रिकॉर्ड कायम किए.

जर्मन उद्योगपति ने मंत्री पोन्नम और पीसीसी प्रमुख के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की



हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जर्मन प्रतिनिधि स्टीफन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क से मुलाकात कर तेलंगाना राज्य में एक उद्योग स्थापित करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने की मांग की, जो ताड़ पेड़ से वाइन और अरक अन्य संबंधित उत्पाद बनाती है। पिछले दिनों जब मंत्री पोन्नम प्रभाकर, पीसीसी प्रमुख महेश कुमार गौड़ और प्रोफेसर जनैया कंबोडिया के अध्ययन दौरे पर गए थे, तो उन्होंने स्टीफन से अनुरोध किया कि वे तेलंगाना में उद्योग की स्थापना में सहयोग करें क्योंकि यह उद्योग वहां बहुत सारे आर्थिक रोजगार प्रदान करता है। उनके अनुरोध के अनुसार, जर्मन प्रतिनिधि स्टीफन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को सूचित किया कि तेलंगाना में उद्योगों के हिस्से के रूप में, ताड़ के पेड़ों से शराब और अरक बनाने के लिए एक उद्योग स्थापित किया जाएगा। स्टीफन, जिन्होंने आज विधानसभा परिसर में मंत्री पोन्नम प्रभाकर और पीसीसी प्रमुख महेश कुमार गौड़ के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की, ने बताया कि तेलंगाना में इस उद्योग की स्थापना से न केवल गीता श्रमिकों को पेशेवर आर्थिक विकास प्राप्त करने में मदद मिलेगी, बल्कि मूल्य संवर्धन और रोजगार के अवसरों में भी सुधार होगा। तेलंगाना कल्लू का यूरोप में निर्यात, स्थानीय कल्लू दुकानों की स्थापना, गीता कार्यकर्ताओं के लिए न्यूनतम आय में वृद्धि, अनुसंधान और विकास विभाग की स्थापना के साथ-साथ अन्य राज्यों और अन्य देशों में विपणन का विस्तार होगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे तेजी से बढ़ने वाले और उच्च उपज देने वाले स्विमिंग पाम पौधों के बीज तैयार करने के लिए तैयार हैं। बैठक में मंत्री पोन्नम प्रभाकर, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, पीसीसी प्रमुख महेश कुमार गौड़, जर्मन प्रतिनिधि स्टीफन और उद्योगपति रोहित ने भाग लिया।

लोगों ने मुझे प्रतिशोध की राजनीति करने के लिए जनादेश नहीं दिया : सीएम

मुख्यमंत्री ने केटीआर को निशाने पर लिया

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को विधानसभा में केटीआर को 'बड़ा जवाब' दिया। उन्होंने कहा कि अगर मैं प्रतिशोधात्मक राजनीति करता तो विपक्ष अपनी सीटों पर बैठकर खुलकर नहीं बोलता। उन्हें चंचलगुडा या चेर्लापल्ली जेल में सलाखों के पीछे डाल दिया जाता जैसे मुझे बीआरएस शासन में कैद किया गया था। ड्रोन का इस्तेमाल करने पर कानून ने 500 रुपये का जुर्माना लगाया। सांसद होते हुए भी पिछली सरकार ने सत्ता का दुरूपयोग करके मुझे चेर्लापल्ली जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि 16 दिनों तक हिरासत में रखने के बावजूद गुस्से पर काबू पाया और एक भी व्यक्ति से मिलने नहीं दिया। हमने कोई बदला नहीं लिया। जेल में लाइटें जला दीं और रातों को बिना सोए रहने दिया। सांसद होते हुए भी उन्होंने मुझे जेल में कुख्यात अपराधी की तरह बंद रखा। भगवान ने उन नेताओं को सजा दी जो मुझसे बदला लेते हैं। भगवान ने नेताओं को यातना के लिए अस्पताल भेजा। तत्कालीन शासकों ने मुझे अपनी बेटी की शादी के कार्ड बांटने के लिए चेर्लापल्ली जेल से बाहर जाने से रोका। क्या यह मेरे खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध नहीं है? हालांकि, मैंने बदले की कोई कार्रवाई नहीं की। अगर मैं बदला लेना चाहता तो आपका पूरा परिवार चेर्लापल्ली जेल में होता। मैंने ऐसा नहीं किया और समझदारी दिखाई। लोगों ने मुझे प्रतिशोध की राजनीति नहीं करने का जनादेश दिया। अपने ही पार्टी कार्यालय में मेरे खिलाफ दर्ज अपशब्दों के बाद भी संयम बनाए रखा और कोई कार्रवाई नहीं की। तेलंगाना समाज बारीकी से देख रहा है कि किसने प्रतिशोध की राजनीति की।

विधानसभा में जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के विरोध में प्रस्ताव पारित

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विधानसभा ने जनसंख्या के आधार पर परिसीमन की केंद्र सरकार की योजना का विरोध करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने विधानसभा के सत्र के दौरान यह प्रस्ताव पेश किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जिन राज्यों ने अपनी जनसंख्या को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है, उन पर परिसीमन प्रक्रिया का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या बढ़ाकर 153 की जानी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने सुझाव दिया कि अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित सीटों की संख्या को वर्तमान जनसंख्या के आंकड़ों को दर्शाने के लिए समायोजित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण पर केंद्र के निर्देशों का पालन किया है, जबकि उत्तरी राज्यों ने ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि चल रहा परिसीमन जनसंख्या मीट्रिक पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में दक्षिणी राज्यों का लोकसभा में 24 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है, लेकिन परिसीमन के बाद यह अनुपात घटकर 19 प्रतिशत रह जाएगा। रेवंत रेड्डी ने प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ एकजुटता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने राजनीतिक दलीय संबद्धता की परवाह किए बिना सरकार के प्रस्ताव के लिए समर्थन का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों के लिए विधानसभा क्षेत्रों में वृद्धि का वादा किया था, हालांकि, यह वृद्धि अभी तक नहीं हुई है। इसके विपरीत, सिक्किम और जम्मू और कश्मीर में निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 2011 की जनगणना के अनुसार समायोजित की गई है, जबकि तेलुगु राज्यों में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण समान परिवर्तन नहीं हुए हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यद्यपि दक्षिणी राज्यों का राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व 24 प्रतिशत है, वे केंद्र सरकार को करों का 36 प्रतिशत योगदान देते हैं, फिर भी उन्हें केंद्र से केवल न्यूनतम रिटर्न मिलता है।

फ्लाईओवर पर दोपहिया वाहनों को जाने की अनुमति नहीं

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शब-ए-कदर जागने की रात के सिलसिले में, 27 और 28 मार्च की मध्यरात्रि में बेहतर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने क़दम उठाए हैं। पुलिस ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना/सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए, डॉ. मनमोहन सिंह एक्सप्रेस फ्लाईओवर (चिड़ियाघर पार्क से आरामघर फ्लाईओवर), बहादुरपुरा फ्लाईओवर (देवी बाग से चिड़ियाघर पार्क गेट नंबर 2, चंद्रायनगुट्टा फ्लाईओवर (नयारा पेट्रोल पंप हाशमाबाद से फूलबाग डीएलआरएल तक का प्रवेश द्वार) और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम फ्लाईओवर (पिसलबंडा से लक्ष्मा रेड्डी गार्डन फंक्शन हॉल) पर रात 10 बजे के बाद दोपहिया वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना, सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। हैदराबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त, यातायात ने कहा कि आम जनता/यात्रियों से अनुरोध है कि वे प्रतिबंधों पर ध्यान दें और यातायात पुलिस के साथ सहयोग करें। आवागमन में किसी भी असुविधा के मामले में, यातायात पुलिस से संपर्क करें।

किसानों की दुर्दशा को लेकर कांग्रेस की आलोचना

> भाजपा नेताओं को केटीआर ने बताया सीएम का निजी कर्मचारी

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने राज्य में बिगड़ते कृषि संकट को लेकर कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। संसद में चर्चा के दौरान तेलंगाना में किसानों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हुए उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य के भाजपा नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाया और इसके बजाय कांग्रेस की विफलताओं पर सवाल उठाने के लिए बीआरएस नेताओं पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी आर्थिक नीतियों के साथ मेरे कई मुद्दे हो सकते हैं, लेकिन मैं इस मुद्दे को उठाने और तेलंगाना में किसानों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए आवाज उठाने के लिए उनका आभारी हूं। रामाराव ने कहा कि 30 प्रतिशत किसानों का कर्ज भी माफ नहीं किया गया। किसानों की आत्महत्याएं बढ़ रही हैं, रैतु बंधु (अब रैतु भरोसा) के तहत वित्तीय सहायता जारी नहीं की गई है और राज्य में गंभीर जल संकट व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि एक दशक में यह पहली बार है जब तेलंगाना में कृषक समुदाय गंभीर संकट में है। उन्होंने किसानों के समर्थन में आवाज न उठाने के लिए भाजपा के राज्य नेतृत्व पर भी निशाना साधा और इसके बजाय कांग्रेस सरकार की ढिलाई पर सवाल उठाने के लिए बीआरएस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं आपको बता दूं निर्मला सीतारमण जी, आपका स्थानीय भाजपा नेतृत्व मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के निजी स्टाफ की तरह काम करने में व्यस्त है।

विश्वविद्यालय को मिली यूजीसी से मान्यता

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। वीरनारी चकाली एलम्मा महिला विश्वविद्यालय को यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2 (एफ) के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त हुई है। यह मान्यता तेलंगाना विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2025 (2025 का अधिनियम संख्या 6) के आधार पर प्रदान की गई। इससे पहले, अप्रैल 2022 में, राज्य सरकार ने उस्मानिया यूनिवर्सिटी कॉलेज फॉर विमेन उर्फ कोटि विमेंस कॉलेज को राज्य का पहला महिला विश्वविद्यालय घोषित किया था। इसके बाद, तेलंगाना विधानसभा ने वीरनारी चकली इल्मा महिला विश्वविद्यालय विधेयक पारित किया, जिससे इसे औपचारिक रूप से राज्य विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया गया। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि यह मान्यता विश्वविद्यालय को विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान अनुदानों के लिए पात्र बनाती है, जिससे इसके विकास को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा।

ऑनलाइन फार्मेसियों ने पारंपरिक मेडिकल दुकानों को बिमार कर दिया

खुद को मुश्किल में फंसा हुआ पा रही मेडिकल दुकानें

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले तीन-चार वर्षों में हैदराबाद और अन्य स्थानों पर लोगों ने ऑनलाइन दवाइयां मंगवाने की प्रथा को अपनाना शुरू कर दिया है, लेकिन पारंपरिक एकल मेडिकल दुकानें अब अपने अस्तित्व के लिए ऑनलाइन फार्मेसियों के साथ संघर्ष कर रही हैं। ऑनलाइन फार्मेसियों को बिना किसी विनियमन के काम करने की अनुमति दिए जाने और उनके संभावित नकारात्मक प्रभाव पर आपत्ति जताते हुए, हैदराबाद और पूरे देश में 'भोजन-आधारित' मेडिकल दुकानें आने वाले दिनों में देशव्यापी हड़ताल कर रही हैं।

कभी चुनौती से दूर, व्यक्तियों के स्वामित्व वाली और संचालित पड़ोस की मेडिकल दुकानें अब खुद को मुश्किल में फंसा हुआ पा रही हैं। एक तरफ, वे फ़ार्मेसी आउटलेट की श्रृंखलाओं से प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिनके पास असीमित वित्तीय संसाधनों तक पहुंच है। दूसरी तरफ, उन्हें ऑनलाइन फ़ार्मेसियों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है जो कोविड महामारी के बाद तेज़ी से बढ़ी हैं। तेलंगाना केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आर श्रीनिवास कहते हैं कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हैदराबाद और देश के दूसरे हिस्सों में भी मेडिकल स्टोर्स पर भारी वित्तीय दबाव है। सबसे बड़ी चिंता ऑनलाइन फ़ार्मेसियों की लूटमार वाली कीमतें, भारी छूट और थोक बिक्री है। ऑनलाइन फ़ार्मेसियों के नियमन का भी सवाल है। उन्हें कौन और कैसे नियंत्रित कर रहा है?

कुछ दिन पहले, ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी), जो देश भर में 10 से 12 लाख फार्मेसियों का प्रतिनिधित्व करता है, ने एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने की घोषणा की थी। एआईओसीडी ने ऑनलाइन फार्मेसियों की उचित निगरानी के अभाव, दवाओं की गुणवत्ता, रोगी सुरक्षा और विनियमन के अभाव के कारण रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर सवाल उठाए हैं। वर्तमान में, ऑनलाइन फ़ार्मेसियों पर कोई विनियामक तंत्र नहीं है, क्योंकि केंद्र ने अभी तक उचित दिशा-निर्देश तैयार नहीं किए हैं, यह तर्क एआईओसीडी द्वारा अक्सर दिया जाता है। केमिस्ट और ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने उचित जाँच के बिना एंटीबायोटिक दवाओं की आसान उपलब्धता का मुद्दा भी उठाया है, जो एक गंभीर मुद्दा है।

जुमा-उल-विदा की नमाज़ के लिए व्यापक प्रबंध

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को होने वाली 'जुमातुल विदा' (रमजान का आखिरी शुक्रवार) की नमाज के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। टीएस वक्फ बोर्ड ने ऐतिहासिक मक्का मस्जिद को सजाया है , जहां शुक्रवार को नमाज़ में करीब 10,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। नमाज़ का नेतृत्व मक्का मस्जिद के खतीब मौलाना हाफ़िज़ मोहम्मद रिज़वान कुरैशी करेंगे। नमाज के बाद यौमुल कुरान का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में एआईएमआईएम पार्टी के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में पार्टी के सभी विधायक और पार्षद तथा स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। एआईएमआईएम के महासचिव अहमद पाशा कादरी ने कार्यक्रम के शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थाओं की देखरेख और निगरानी रखने के लिए मक्का मस्जिद के आसपास की सड़कों की जिम्मेदारी पार्टी विधायकों और एमएलसी को सौंपी थी। इस बीच, पुलिस सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर रही है। स्थानीय पुलिस को सिटी आर्म्ड रिजर्व प्लाटून, तेलंगाना स्टेट स्पेशल पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स और कमिश्नर टास्क फोर्स की मदद मिलेगी।

दसवीं कक्षा का गणित का प्रश्नपत्र लीक

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा के बाद अब जुक्कल मंडल के अंतर्गत जिला परिषद हाई स्कूल में दसवीं कक्षा का गणित का प्रश्नपत्र लीक हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, प्रश्न एक कागज पर लिखे गए थे और निरीक्षक ने उन्हें बाहरी लोगों के साथ साझा किया था। इस घटना से छात्र चिंतित हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है और मुख्य अधीक्षक अशोक, विभाग अधिकारी भीमा और निरीक्षक दीपिका को डीईओ ने निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि नलगोंडा में तेलुगू प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक निजी शिक्षक और टू कॉपी सेंटर का मालिक भी शामिल है।

टीजीएसआरटीसी आरजीआईसी स्टेडियम तक चलाएगा बसें

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) ग्रेटर हैदराबाद जोन, चल रहे आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैचों के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों से उप्पल स्थित राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम तक लगभग 60 विशेष बसें संचालित करेगा। क्रिकेट प्रशंसकों के लिए ये विशेष आरटीसी बसें सभी मैच दिवसों, यानी 27 मार्च, 6, 12, 23 अप्रैल तथा 5, 10, 20 और 21 मई को शाम 6 बजे से रात 11:30 बजे के बीच उपलब्ध रहेंगी। वे कोटि, चारमीनार, चंद्रयानगुट्टा , कोंडापुर, जेबीएस, एलबी नगर , घाटकेसर, इब्राहिमपटनम , दिलसुखनगर, जीडीमेटला, मेडचल, मियापुर, ईसीआईएल, बोईनपल्ली और बीएचईएल से आरजीआईसी स्टेडियम जैसे मार्गों पर संचालित होंगे। आईपीएल मैच समाप्त होने के बाद स्टेडियम में वापसी के लिए यात्रियों को लाने के लिए टीजीएसआरटीसी की बसें भी उपलब्ध रहेंगी। उप्पल स्टेडियम में यात्रियों को परेशानी मुक्त रूप से बस में चढ़ने और उतरने के लिए नियंत्रक और प्रवर्तन दस्ते की टीमें उपलब्ध रहेंगी। अधिक जानकारी के लिए लोग 9959226160 (कोटी) और 9959226154 (राठीफाइल) डायल कर सकते हैं।

इफ्लू के कुलपति ने गेट टॉपर्स को सम्मानित किया

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद स्थित अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एन. नागराजू ने गेट भाषा विज्ञान परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण होने वाले और असाधारण प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई दी। पांच छात्रों ने अखिल भारतीय स्तर पर शीर्ष रैंक हासिल की है। छात्रों में के.एन. आदित्य- अखिल भारतीय रैंक 2, रिद्धि करकरे- अखिल भारतीय रैंक 3, ध्युत कृष्ण कुमार- अखिल भारतीय रैंक 4, ओशिन पाध्ये- अखिल भारतीय रैंक 5 और अपर्णा शंकर- अखिल भारतीय रैंक 7 शामिल हैं। परीक्षा में तेरह अन्य छात्र उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष सफलता दर 100 प्रतिशत रही है। छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल ऑफ लैंग्वेज साइंसेज और विश्वविद्यालय को गौरव दिलाने के लिए पांच शीर्ष रैंकर्स को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में एक उपहार दिया गया। सभी 17 छात्रों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कुलपति, विद्यालय के डीन (प्रभारी) प्रो.एम. हरि प्रसाद और प्रो. हेमलता नागराजन ने छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की और अपनी खुशी व्यक्त की। यह भाषा विज्ञान विद्यालय और विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण था। इस अवसर पर कुलपति द्वारा भाषा विज्ञान विद्यालय का एक ऑनलाइन न्यूज़लेटर भी लॉन्च किया गया।

बीआरएस ने भाजपा-कांग्रेस के गुप्त समझौते पर उठाए सवाल

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के सचेतक केपी विवेकानंद ने बीआरएस पर हमला करने के लिए भाजपा और कांग्रेस के बीच एक गुप्त समझौते की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक कांग्रेस द्वारा दी गई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और विधानसभा में बीआरएस को निशाना बनाने के लिए उनकी लाइन पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वे प्रतिद्वंद्वी की तरह कुश्ती लड़ते हैं, लेकिन तेलंगाना में वे समझौते करते हैं और साथ मिलकर काम करते हैं। कालेश्वरम परियोजना पर भाजपा के विरोधाभासी रुख का हवाला देते हुए विवेकानंद ने सवाल किया कि तेलंगाना में भाजपा विधायक उस परियोजना का विरोध क्यों कर रहे हैं जिसके लिए भाजपा नीत केंद्र सरकार ने सभी मंजूरी दे दी थी। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि वे कांग्रेस के साथ इतने जुड़े हुए हैं, तो उन्हें कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए।

एक अन्य विधायक डॉ. के. संजय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को बचाने के लिए कांग्रेस को हटाने की बात कर रहे हैं, जबकि तेलंगाना में भाजपा नेता इसे बचा रहे हैं। उन्होंने तेलंगाना के भाजपा विधायकों और भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ मिलकर बीआरएस को कमजोर करने का आरोप लगाया।

बीजेएलपी नेता ने कर्ज के मुद्दे पर सरकार को घेरा

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा विधायक दल के नेता एलेटी महेश्वर रेड्डी ने कर्ज में डूबे तेलंगाना राज्य की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने कर्ज को पूरा करने के लिए फिर से कर्ज लेने की स्थिति में है। विधानसभा में बोलते हुए उन्होंने मांग की कि ऑटो चालकों को 12,000 रुपये देने का वादा पूरा किया जाए। राज्य सरकार की स्थिति कर्ज में डूबी, घूमती-फिरती बादशाह जैसी है। राज्य की दुर्दशा के लिए अगर पहली दोषी बीआरएस पार्टी है, तो दूसरी दोषी कांग्रेस पार्टी है। परिसीमन पर राहुल गांधी का रुख बताना चाहिए। 15 महीने में कांग्रेस सरकार पर 1.63 लाख करोड़ रुपये का कर्ज हो गया है। तेलंगाना सिर्फ कर्ज लेने में ही आगे बढ़ रहा है। पिछली सरकार द्वारा किए गए लाखों करोड़ के विनाश के कारण राज्य कर्ज के ढेर में तब्दील हो गया है। दुख की बात है कि यह सरकार पिछली सरकार के रास्ते पर चल रही है। यह कहकर बकवास न करें कि केंद्र ने तेलंगाना को धन नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि बीआरएस पार्टी कांग्रेस-पार्टी गठबंधन में शामिल होने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह कहकर नया राग अलाप लिया है कि परिसीमन अनुचित है। पारिवारिक पार्टियां भाजपा का विरोध कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किए गए आर्थिक विनाश पर यह सरकार क्या कार्रवाई कर रही है। उन्होंने पूछा कि कालेश्वरम, मिशन भागीरथ और मिशन काकतीय परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है।

विधायकों की अयोग्यता पर सीएम की टिप्पणी पर जताई आपत्ति

हैदराबाद, 27 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस विधायक पाडी कौशिक रेड्डी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में विधायकों की अयोग्यता याचिका पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी टिप्पणी से सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका का मजाक उड़ाया है और दलबदल पर विधानसभा को गुमराह किया है।

विधानसभा में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उपचुनाव अपरिहार्य हैं और विश्वास जताया कि सर्वोच्च न्यायालय बीआरएस के पक्ष में फैसला सुनाएगा। उन्होंने दलबदलू बीआरएस विधायकों से तब तक पूछताछ जारी रखने की कसम खाई जब तक कि उन्हें अयोग्य घोषित नहीं कर दिया जाता। कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के रवैये की आलोचना करते हुए कौशिक रेड्डी ने कहा कि जब उन्होंने विधानसभा में अपनी चिंताएं जाहिर कीं तो उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। दलबदलू विधायक अरेकापुडी गांधी और उनके समर्थकों द्वारा उनके आवास पर किए गए हमले की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने पुलिस पर सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया और हमलावरों की मदद करने वालों को निलंबित करने की मांग की। उन्होंने सवाल किया कि अगर विधायक सुरक्षित नहीं हैं, तो आम लोगों की क्या दुर्दशा है? उन्होंने कहा कि उनके फोन टैप किए जाने की शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने सुझाव दिया कि कांग्रेस सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के बजाय अपने चुनावी वादों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करे।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.